सूर्योदय 6:57 सूर्यास्त 5:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6 न्यू | 15 अधि |
| धर्मशाला | 9 न्यू | 20 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,901 |
| निफ्टी | 25,960 |
| सोना | 1,23,057 |
| चांदी | 1,53,054 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 25 नवंबर 2025 | 10 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 328, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



ROYAL ACADEMY 8 YEARS OF EXCELLENCE

CRASH COURSE & DROPPERS BATCH NEET, NDA, JEE, CUETO 20th March & 1st April

GENERAL COMPETITION HP POLICE, PATWARI, CLERK P. SECRETARY, PARA-MILITARY SSC-GD & OTHERS

PRELIMS & MAINS IAS, HAS, ALLIED, NT

TEACHING COURSES HP-TET, C-TET & TGT-COMMISSION (Arts, Medical & Non-Medical)

HEAD OFFICE:- SYNDICATE AREA, NEAR SHITLA MATA MANDIR, OLD BUS STAND, PALAMPUR HELPLINE:- 01894-356185, 86268 85200


## न्यूज शॉर्ट्स

### गलत रनवे पर उतरा अफगानिस्तानी प्लेन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां अफगानिस्तान का एक विमान उड़ान भरने वाले रनवे पर उतर गया। गनीमत रही कि इस रनवे पर कोई दूसरा विमान नहीं था। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। घटना रविवार दोपहर 12:06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। अफगानिस्तान की एरियाना एयरलाइंस की यह फ्लाइट काबूल से आ रही थी। सूत्रों के मुताबिक, विमान को रनवे 29लेफ्ट पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन पायलट ने गलती से इसे रनवे 29 राइट पर उतार दिया। यह रनवे आमतौर पर टेकऑफ के लिए इस्तेमाल होता है। (अनंत ज्ञान)

### पाक आर्मी हेडक्वार्टर में आत्मघाती हमला

**एजेंसी इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए। पेशावर कैपिटल सिटी के पुलिस अधिकारी डॉ. मियां सईद ने बताया कि विस्फोट के बाद मौके का फायदा उठाकर 2 और हमलावर कांस्टेबुलरी हेडक्वार्टर के कैंपस में घुसने में कामयाब हो गए। (अनंत ज्ञान)

### सोनम वांगचुक केस में 8 दिसंबर तक टली सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोनम वांगचुक की की पत्नी की याचिका पर सुनवाई 8 दिसंबर तक टल गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा, इसलिए सुनवाई टाली गई है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने 2 अक्तूबर को आर्टिकल 32 के तहत कोर्ट में हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका दायर की थी और एनएसए के तहत गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। फिलहाल, वांगचुक जोधपुर की जेल में हैं। उन्हें 24 सितंबर को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सहारा योजना 6 माह से बंद, इंतजार की इंतहा -पेज 2
- आरएस बाली ने किया सखी निवास छात्रावास का शिलान्यास -पेज 5
- थुजी में रिहायशी मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान -पेज 7
- फर्जी हाजिरी और सामग्री के दुरुपयोग पर जवेहड़ का प्रधान निलंबित -पेज 10
- मनाली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस अध्यक्ष के लिए कई दावेदार -पेज 11


# पंचायतों के पुनर्गठन को कैबिनेट की मंजूरी

## एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स का विलय कर एकीकृत स्पेशल टास्क फोर्स बनाने का निर्णय

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बैठक में पंचायतों के पुनर्गठन को हरी झंडी दे दी है और आपदा प्रभावितों के लिए घरेलू सामान की सहायता राशि 70 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी गई है। मंत्रिमंडल ने आग लगने की स्थिति में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए सात लाख रुपए का विशेष सहायता पैकेज प्रदान करने का निर्णय भी लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में व्यापक पैमाने पर रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और राहत से जुड़े प्रस्तावों पर मंजूरी दी गई। बैठक में सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, अग्निशमन, सड़क सुरक्षा, उच्च शिक्षा और स्टार्टअप नीति से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। सरकार ने आपदाओं के दौरान हेलिकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए वायुसेना को 4.32 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी प्रदान की।

**40 % या उससे अधिक दिव्यांग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन**

बैठक में मनरेगा के अंतर्गत अब 150 दिनों का रोजगार उपलब्ध करवाने को मंजूरी दी गई। व्यक्तिगत कार्यों में रिटेनिंग वॉल के लिए दो लाख रुपए तक की राशि प्रदान की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी संपत्तियों का निर्माण और मजबूत होगा। कैबिनेट ने 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करने का निर्णय लिया। कैबिनेट ने एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स का विलय कर एकीकृत स्पेशल टास्क फोर्स बनाने का निर्णय लिया। राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत 1000 पेट्रोल और डीजल टैक्सियों को इलेक्ट्रिक टैक्सी में बदलने पर 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। हरिपुर तहसील से दो कानूनगो वृत्त अलग कर बनखंडी में नया कानूनगो वृत्त बनाया गया। वन भूमि पर खनिज रियायतों के अनुदान हेतु वन विभाग को आशय पत्र जारी करने का अधिकार मिलेगा।

### 800 कांस्टेबल, 1 हजार रोगी मित्र होंगे भर्ती

**मंत्रिमंडल** ने पुलिस विभाग में कांस्टेबल के 800 पदों के सृजन एवं भरने को स्वीकृति प्रदान की है। स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर रोगी सेवा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग में 1000 रोगी मित्रों की नियुक्ति का निर्णय लिया है। कंडाघाट और राजगढ़ में उपअग्निशमन केंद्र खोलने के साथ 46 पद सृजित कर इन्हें भरने तथा चार फायर टेंडर खरीदने को मंजूरी दी गई। जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग में 150 कनिष्ठ अभियंता (सिविल) को जॉब ट्रेनी के रूप में भरने का निर्णय लिया गया है। बैठक में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में नौसुपर स्पेशियलिटी विभागों के सृजन व 73 पदों (प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर और सीनियर रेजिडेंट) के सृजन और भरने को स्वीकृति दी गई। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में सुपर स्पेशियलिटी विभाग के लिए 27 सीनियर रेजिडेंट के पदों को सृजित कर भरने का निर्णय लिया है।

- आपदा में घरेलू नुकसान पर अब एक लाख मिलेगा
- आग से घर की पूर्ण क्षति होने पर सात लाख रुपए की मदद देने का लिया निर्णय

### हरिपुर-गुलेर कॉलेज को फाइन आर्ट्स में बदलने का फैसला

**कैबिनेट ने** धर्मशाला, नादौन, चायलकोटी व टिक्कर स्थित कॉलेजों में चार वर्षीय एकीकृत बीएड कार्यक्रम आरंभ करने की मंजूरी दी। शिमला जिले के सरस्वती नगर में दो वर्षीय बीपीएड कार्यक्रम शुरू करने तथा लोहराब स्थित फाइन आर्ट्स कॉलेज में नए विषय जोड़ने का भी निर्णय लिया गया। हरिपुर-गुलेर कॉलेज को फाइन आर्ट्स महाविद्यालय में परिवर्तित किया जाएगा। इसके अलावा हमीरपुर के लड़कों और लड़कियों के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का विलय कर सह-शैक्षिक विद्यालय बनाया जाएगा।

# पौधरोपण: हिमाचल सरकार का सिंगापुर की कंपनी से एमओयू



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हिमाचल वन विभाग व सिंगापुर की प्रोक्लाइम कंपनी एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हिमाचल प्रदेश वन विभाग ने सोमवार को सिंगापुर की प्रोक्लाइम कंपनी के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। वन बल प्रमुख डॉ. संजय सूद और कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केविन कुमार कंदसामी ने इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया। इस परियोजना से प्रदेश के 50 हजार से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल जलवायु संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका निभाएगी। पौधरोपण परियोजना से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होगा, भूमि कटाव कम होगा, खेतों में जैव विविधता बढ़ेगी और किसानों को अतिरिक्त आय का स्थायी स्रोत मिलेगा।

### किसानों की भूमि पर पर रोपे जाएंगे पौधे

**परियोजना** के तहत किसानों की भूमि व खेतों की मेड़ों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। वन विभाग को निर्देश दिए गए कि किसानों को पौध, तकनीकी सहायता और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाए। परियोजना के तहत किसानों को पांच वर्ष बाद कार्बन क्रेडिट का लाभ मिलेगा, जबकि प्रोक्लाइम कंपनी के मुनाफे का 30 प्रतिशत हिस्सा भी किसानों को प्राप्त होगा। यह परियोजना तीन चरणों में लागू की जाएगी, जिससे प्रदेश का हरित आवरण बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें सीजेआई

## शपथ के बाद भाई-बहन के पैर छुए, पूर्व सीजेआई गवई से गले मिले

एजेंसी, नई दिल्ली



जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53 वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग शामिल हुए।

शपथ के बादसूर्यकांत ने पीएम मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वह पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### नए सीजेआई के लिए गाड़ी छोड़ गए गवई

**समारोह** में पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने अपनी आधिकारिक गाड़ी राष्ट्रपति भवन में ही अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्यकांत के लिए छोड़ दी।

### बदरीनाथ धाम के कपाट आज होंगे बंद

**देहरादून।** भू-बैंकुठ बदरीनाथ धाम के कपाट मंगलवार को लक्ष्मीजी के गर्भगृह में प्रवेश के साथ बंद हो जाएंगे। तीर्थ पुरोहित हितों के साथ ही मंदिर समिति ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मंदिर को को फूलों से सजाने के साथ ही रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। सोमवार को माता लक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना व आमंत्रण कार्यक्रम में रावल अमरनाथ नंबूदरी सहित माता लक्ष्मी मंदिर पुजारी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, प्रभारी धर्माधिकारी स्वयंबर सेमवाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट एवं अमित बंदोलिया ने मंदिर में पूजा-अर्चना संपन्न की। (अनंत ज्ञान)

### केंद्र सरकार ने हिमाचल कैडर के पूर्व अधिकारी को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

# तरुण श्रीधर नेशनल वेटरनरी कमीशन बिल ड्राफ्ट करने वाली कमेटी के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



केंद्र सरकार ने हिमाचल कैडर के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी डॉ. तरुण श्रीधर पर एक बार फिर बड़ा भरोसा जताते हुए उन्हें नेशनल वेटरनरी कमीशन बिल का ड्राफ्ट तैयार करने वाली उच्च स्तरीय कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। केंद्र और राज्य सरकार में अहम जिम्मेदारियां निभा चुके श्रीधर पहले भी पशुपालन मंत्रालय में सचिव रहते हुए कई महत्वपूर्ण पहलों के सूत्रधार रहे हैं। उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर केंद्र ने अब उन्हें इस महत्वपूर्ण बिल को आकार देने की जिम्मेदारी दी है। केंद्र सरकार द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेंडम के अनुसार कमेटी में एक सदस्य सचिव सहित कुल आठ सदस्य होंगे और यह समिति भविष्य की वेटरनरी सेवाओं के ढांचे को तय करने का रोडमैप तैयार करेगी। हिमाचल के आईएएस अधिकारियों पर पहले भी पीएम मोदी भरोसा जताते रहे हैं। तरुण कपूर को पीएमओ में सलाहकार, सुभाशीष पांडा को एडिशनल सेक्रेटरी और अजय मित्तल व अजय त्यागी को शीर्ष पदों पर नियुक्त किया जा चुका है।

# पीएम मोदी अयोध्या में आज फहराएंगे रामलला की धर्मध्वजा

एजेंसी, अयोध्या



अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वज फहराने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शहर को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा है। मंदिर पर फहराई जाने वाली धर्मध्वज जन्मभूमि पहुंच चुकी है। पीएम मोदी मंदिर के 191 फुट ऊंचे शिखर पर मंगलवार को पहली बार ध्वज फहराएंगे। राम जन्मभूमि और आसपास की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। हेलिकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। एटीएस-एनएसजी कमांडो ने मंदिर को घेर रखा है। इसके अलावा, एसपीजी, सीआरपीएफ और पीएसी के जवान भी तैनात हैं। 5 लेयर में मंदिर की सुरक्षा है। समारोह में उन 100 दानदाताओं को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में 2 करोड़ रुपए से ज्यादा दान दिया था। हालांकि, चारों शंकराचार्यों को नहीं बुलाया गया है। (अनंत ज्ञान)

# बसों की आमने-सामने टक्कर, 6 की मौत

## तमिलनाडु के तेनकासी में हुई दुर्घटना, 30 यात्री घायल

एजेंसी, तेनकासी



तमिलनाडु के तेनकासी जिले में सोमवार को दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 यात्री घायल हो गए हैं। मरने वालों में 5 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। मदुरै से सेनकोट्टई जा रही बस और तेनकासी से कोविलपट्टी जा रही बस में सोमवार सुबह 11 बजे टकरा गईं। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि गलती ड्राइवर की थी। मदुरै से सेनकोट्टई जा रही बस का ड्राइवर लापरवाही और तेज स्पीड में गाड़ी चला रहा था। घायल यात्रियों का नजदीकी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। कुछ पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

### श्रद्धालुओं की बस खाई में गिरी, पांच की मौत

**एजेंसी, टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी में श्रद्धालुओं से भरी बस 70 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई है। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुए इस हादसे में गुजरात, हरियाणा, बिहार, उत्तरप्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और दिल्ली के 23 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिसमें से 7 की हालत नाजुक है। बस ऋषिकेश के दयानंद आश्रम से 29 लोगों को कुंजापुरी मंदिर लेकर गई थी, यहीं से लौटते वक्त कुंजापुरी-हिंडोलाखाल के पास अचानक बस के ब्रेक फेल हो गए और ड्राइवर ने बस से कंट्रोल खो दिया। (अनंत ज्ञान)

# चीन ने अरुणाचल में जन्मी महिला के पासपोर्ट को बताया इनवैलिड

एजेंसी, नई दिल्ली

ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की महिला पेम वांगजॉम ने आरोप लगाया है कि चीन के शंघाई एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें घंटों तक रोके रखा और परेशान किया। पेम ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने उनका भारतीय पासपोर्ट मानने से इनकार कर दिया, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था। पेम ने आरोप लगाया कि इमिग्रेशन काउंटर पर अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट 'इनवैलिड' बता दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। उनसे 18 घंटे पूछताछ की गई और उनका मजाक उड़ाया गया। पेम ने पीएम मोदी को इससे जुड़ी शिकायती चिट्ठी लिखी है और इस बर्ताव को भारत की संप्रभुता और अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों का अपमान बताया है। (अनंत ज्ञान)

**18 घंटे पूछताछ मजाक भी उड़ाया**

# दुश्मन पनडुब्बियों को ढूंढकर मारेगा भारत

## स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस 'माहे' भारतीय नौसेना में शामिल

एजेंसी, मुंबई





स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस माहे सोमवार को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया। यह माहे-क्लास का पहला पनडुब्बी रोधी और उथले पानी में चलने वाला युद्धपोत है, जो तटीय इलाकों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है। इसका 80 प्रतिशत हिस्सा भारत में ही बना है।मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में हुए समारोह में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी मुख्यातिथि रहे। द्विवेदी ने तीनों सेनाओं की संयुक्त ताकत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की सबसे बड़ी शक्ति सिनर्जी है। ऑपरेशन सिंदूर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह जहाज उथले पानी में ऑपरेशन, तटीय इलाकों में गश्त, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और दुश्मन पनडुब्बियों की तलाश जैसे कामों में बड़ी भूमिका निभाएगा। ये काम बिना शोर के करने की काबिलियत के चलते इसे 'साइलेंट हंटर' नाम दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

**80 प्रतिशत हिस्सा भारत में ही बना**

### मल्टी-रोल वॉरशिप

**यह** एक मल्टी-रोल वॉरशिप है, जो कोस्टल डिफेंस, अंडरवॉटर सर्विलांस और सर्च-एंड-रेस्क्यू जैसे कई महत्वपूर्ण मिशन में तैनात किया जा सकता है। इसमें माइन ले-ड्रॉपिंग की क्षमता भी है, जिससे यह समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने और दुश्मन की गतिविधियों को रोकने में सक्षम है।

**अंतिम विदाई** मुंबई के विले पार्ले में हुआ धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार, श्रद्धांजलि देने उमड़ा बॉलीवुड

# हिंदी सिनेमा के 'ही-मैन' दुनिया से रुख्सत

एजेंसी, मुंबई



हिंदी सिनेमा का एक और अनमोल सितारा दुनिया से रुख्सत हो गया। 89 वर्ष की आयु में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हो गया, जिससे पूरे बॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से उनकी तबीयत खराब चल रही थी और इलाज जारी था। सोमवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली।

धर्मेंद्र के पार्थिव शरीर को मुंबई के विले पार्ले स्थित श्मशानघाट ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। सुपरस्टार को श्रद्धांजलि देने के लिए परिवार के साथ-साथ फिल्म जगत के बड़े सितारे भी बड़ी संख्या में वहां पहुंचे। धर्मेंद्र की दूसरी पत्नी हेमा मालिनी उन्हें आखिरी बार देखने और अंतिम विदाई देने श्मशानघाट पहुंचीं। सफेद परिधान पहने हेमा मालिनी के चेहरे पर गहरा दुःख साफ़ झलक रहा था। धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल भी उनके साथ वहां पहुंचीं और अपने पिता को अंतिम विदाई दी। धर्मेंद्र को अंतिम विदाई देने उनके सबसे करीबी दोस्त और महान अभिनेता अमिताभ बच्चन भी श्मशानघाट पहुंचे। अमिताभ के साथ उनके बेटे अभिषेक बच्चन, काजोल, सलीम खान, सलमान खान, आमिर खान, अनिल कपूर, संजय दत्त और अक्षय कुमार सहित कई सितारे धर्मेंद्र के अंतिम दर्शन किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। माहौल गमगीन रहा और हर किसी की आंखें नम थीं।

धर्मेंद्र के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे

**धर्मेंद्र** कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवंबर को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान उन्हें वेंटिलेटर में रखा गया। मीडिया में उनके निधन की खबर भी आई, जिसे परिवार ने नकार दिया। 12 नवंबर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डॉक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी।

## न्यूज ब्रीफ

### ककरोट में बेहोशी के बाद व्यक्ति की मृत्यु

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के ग्राम ककरोट में आज सुबह 56 वर्षीय नरदीप सिंह की संदिग्ध बेहोशी के बाद मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार वे सुबह लगभग 8 बजे घर के बाथरूम में गिरकर बेहोश हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें सीएच भोरंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम आरकेजीएमसी मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में कराया गया और आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद शव उनके भाई मोहित ठाकुर को सौंप दिया गया। परिजनों के बयान और घटनास्थल की परिस्थितियों के अनुसार किसी भी प्रकार की संदिग्ध स्थिति सामने नहीं आई है। प्रथम दृष्टया मृत्यु प्राकृतिक कारणों से मानी जा रही है। घटना की पुष्टि एसएचओ भोरंज प्रशांत सिंह ठाकुर ने की है।

### फतेहपुर में गीता जयंती महोत्सव 30 को

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन प्रसिद्ध मौनी बाबा कुटिया फतेहपुर में 30 नवंबर को गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मौनी बाबा आध्यात्मिक ट्रस्ट एवं सोमनाथ महादेव मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर गीता का सामूहिक अखंड पाठ भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौनी बाबा आध्यात्मिक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. रत्न चंद शर्मा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन गीता सम्मान से सम्मानित अध्यापक अनिल के निर्देशन में किया जा रहा है। जिसमें रवि डोगरा एवं सज्जन कुमार की भी भूमिका रहेगी। इस गीता जयंती महोत्सव में क्षेत्र की विभिन्न प्राथमिक पाठशालाओं के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे जिससे बाल मन में गीता के उपदेशों,संस्कारों और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के प्रति जागृति एवं प्रेरणा का संचार होगा। जानकारी देते हुए मौनी बाबा आध्यात्मिक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. रत्न चंद शर्मा ने लोगों से आग्रह किया है कि वे धर्म, संस्कार और अध्यात्म के इस प्रेरणादायी आयोजन का हिस्सा बनें।

### शिवा स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** शिवा पब्लिक स्कूल चंदरूही द्वारा आयोजित दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबों से परे वास्तविक अनुभव प्रदान करना था। पहले दिन विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ के रॉक गार्डन, सुखना झील और छतबीड़ जू का भ्रमण किया, जहां कला, प्रकृति और वन्यजीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं। रात्रि प्रवास गुरुद्वारा श्री अंब साहिब, मोहाली में रहा, जहां बच्चों ने अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। दूसरे दिन आनंदपुर साहिब और गोविंद सागर लेक व्यू का भ्रमण किया गया। बिलासपुर के बिलासपुरी धाम में पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेकर यात्रा का समापन हुआ। पूरे भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक स्थल का इतिहास और महत्व रोचक तरीके से समझाया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। स्कूल परिवार ने सहयोगियों का धन्यवाद किया।

### शक्ति सिंह गोहिल कार्यकर्ताओं को देंगे टिप्स

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ब्लॉक कांग्रेस नादौन की विशेष बैठक 26 नवंबर को दोपहर 1 से 3 बजे तक गीता भवन नादौन में आयोजित की जा रही है। जिसमें कांग्रेस हाईकमान द्वारा नियुक्त हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के ऑब्जर्वर गुजरात से राज्य सभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वे 2027 के लोकसभा चुनावों के मध्यनजर कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स देंगे। शक्ति सिंह गोहित कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं और गुजरात कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके हैं। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद करेंगे। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस के कार्यालय सचिव नानक चंद ने यहां जारी प्रेस ब्यान में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों व कांग्रेस विचारधारा वाले पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे बैठक में पहुंचकर बैठक में हिस्सा लें।

### ट्रेनी अप्रेंटिस के 20 पदों के साक्षात्कार 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** बद्दी स्थित इंडोरमा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में ट्रेनी अप्रेंटिस के 20 पदों को भरने के लिए 28 नवंबर को सुबह 10 बजे उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा के अनुसार 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के दसवीं या बारहवीं पास पुरुष उम्मीदवार आवेदन हेतु पात्र हैं। चयनित युवाओं को सभी भत्तों सहित 16,500 रुपये मासिक वेतन मिलेगा। उन्होंने बताया कि योग्य एवं किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत उम्मीदवार अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 या कंपनी के नंबर 01792-253400 पर संपर्क किया जा सकता है।

### संबद्धता के लिए 10 जनवरी तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मौजूदा संबद्धता, नए पाठ्यक्रम शुरू करने और नई संबद्धता लेने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए मौजूदा संबद्धता शिक्षण संस्थानों सहित अन्य नए शिक्षण संस्थानों में तकनीकी विवि में चलने वाले पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए 10 जनवरी तक बिना विलंब शुल्क आवेदन करना होगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ राजेश कुमार ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए मौजूदा समय में चल रहे सभी शिक्षण संस्थानों को भी संबद्धता के लिए आवेदन करना होता है। इसके अलावा जो भी कोई शिक्षण संस्थान अपने शिक्षण संस्थान में चल रहे स्नातक (यूजी) और स्नातकोतर (पीजी) पाठ्यक्रमों की सीटें बढ़ाना या घटाना चाहता है, तो उसके लिए भी आवेदन कर सकता है।

### विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल से नवाजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के लॉ विभाग में 8वीं मेहर चंद महाजन इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ, जिसमें कुल 13 टीमों ने भाग लिया। पहले दिन शोधकर्ता परीक्षण, प्रारंभिक दौर और क्वार्टर फाइनल राउंड आयोजित हुए। क्वार्टर फाइनल में 8 टीमें पहुंचीं, जिनमें से 4 टीमों–टीम 05, 06, 08 और 10–सेमीफाइनल में शामिल हुईं। सेमीफाइनल का मूल्यांकन डॉ. शशि भूषण, डॉ. संजीव, डॉ. नितू और डॉ. दीक्षा ने किया। फाइनल राउंड में टीम 08 विजेता और टीम 10 उपविजेता रही। बेस्ट रिसर्च अवार्ड टीम 11, बेस्ट मूटर अवार्ड टीम 05 और बेस्ट मेमोरियल अवार्ड टीम 10 को मिला। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता ने छात्रों को न्यायालय जैसी वास्तविक परिस्थितियों में सीखने और कानूनी तर्क शक्ति बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

### विद्यार्थियों को सिखाया तनाव प्रबंधन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय बिझड़ी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौड़े अंब और राजकीय उच्च विद्यालय बुंबलू में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को किशोरावस्था के मानसिक तनाव का प्रबंधन सिखाना और भावनात्मक परामर्श प्रदान करना था। मनोविज्ञानी एवं काउंसलर शीतल वर्मा ने विद्यार्थियों को तनाव एवं चिंताओं से निपटने के उपाय, लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने और सकारात्मक संवाद का महत्व समझाया। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने ध्यान, योग, व्यायाम, संगीत और संतुलित आहार को दैनिक जीवन में अपनाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर स्कूलों के प्रधानाचार्य और मुख्याध्यापिका ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक और कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

### शिक्षा विभाग को अधिकृत करने का स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने कैबिनेट मीटिंग में 895 प्रधानाचार्य डीपीसी हेतु शिक्षा विभाग को अधिकृत करने के फैसले का स्वागत किया है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि संघ ने 20 नवंबर को प्रदेश सरकार मुख्य सचिव को इस बारे ज्ञापन भेजा था जिसमें संविधान के प्रावधानों के अनुसार शिक्षा विभाग को ही डीपीसी हेतु अधिकृत करने का मामला कैबिनेट में अप्रूवल हेतु ले जाने की गुहार लगाई गई थी। इस प्रस्ताव को स्वीकृत करने हेतु संघ ने प्रदेश सरकार कैबिनेट और मुख्य सचिव का आभार जताया है और मांग की है कि यह डीपीसी एक सप्ताह के भीतर पूर्ण की जाए।

# सहारा योजना 6 माह से बंद, इंतजार की इंतहा

## दिव्यांग बोले– सरकार पैसे जारी नहीं कर सकती, तो 'इच्छा मृत्यु' की इजाजत दे दे

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सहारा योजना का पैसा पात्र परिवारों को पिछले तकरीबन आधे साल से नहीं मिल पाने की वजह से संबंधित परिवारों को परेशानी से दो–चार होना पड़ रहा है। हमीरपुर जिला दिव्यांग समीक्षा समिति के सदस्य राजन कुमार ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की मांग की है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

समिति का कहना है कि मुख्यमंत्री सहारा योजना पिछले 5–6 माह से बंद पड़ी है, जिसके कारण कैंसर पीड़ितों, पैरालाइज, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया जैसे रोगों से ग्रसित लोगों, बेड–रिडन दिव्यांगजनों जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवारों का जीवन पूरी तरह चरमरा गया है।

बता दें कि प्रदेश में लगभग 35,000 पात्र लोग हैं, जिन्हें हर महीने 3000 रुपए की मुख्यमंत्री सहारा योजना सहायता के रूप में मिलती है, लेकिन पिछले कई महीनों से एक रुपए भी उनके खातों में नहीं पहुंचा। जिससे कई दिव्यांग मरीज दवाई बंद करने को मजबूर, कई बेड–रिडन दिव्यांग बिना इलाज बिस्तर पर चढ़ने को मजबूर हो चुके हैं।

समिति के सदस्य राजन कुमार ने कहा कि सरकार की चुप्पी अब जानलेवा साबित हो रही है, हम दिव्यांगजन न सड़क पर भीख मांग सकते हैं और न ही मजदूरी कर सकते हैं। दिव्यांगों की जिंदगी सहारा योजना जैसी मदद पर ही टिकी है, लेकिन पिछले 6 महीनों से सहारा योजना बंद है। दवाई, भोजन, इलाज सब ठप हो गया। कुछ दिव्यांग तो बेडसोर के कारण बिस्तर पर सड़ने की हालत में पहुंच चुके हैं। दवाई तक खरीदने के पैसे नहीं बचे है। राजन ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि अगर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार सहारा योजना की किस्तें जारी नहीं कर सकती, तो सरकार हमें 'इच्छा मृत्यु' दे दें। कम से कम सड़–सड़ कर धीरे–धीरे मरने से तो बेहतर सम्मानजनक मौत है।

उन्होंने बताया कि जिन सेवाओं के लिए पहले किसी तरह से सहारा राशि सहायक थी, लेकिन आज सहायता शून्य पर आकर ठहर गई है। सहारा योजना के बजट को सुरक्षित श्रेणी में रखा जाए, ताकि भविष्य में यह योजना किसी भी कारण से बंद या बाधित न हो। उन्होंने सीएम सुक्खू से मानवीय आधार पर आग्रह किया है कि सहारा योजना की लंबित सभी किस्तों को तुरंत जारी किया जाए, ताकि गंभीर बीमारी से ग्रस्त दिव्यांगजन राहत पा सके।

### पैसा नहीं मिलेगा तो कैसे कटेगी जिंदगी?

**पांडवी** गांव से ताल्लुक रखने वाले अजय कुमार ने तो सरकार से 'इच्छा मृत्यु' की इजाजत मांग ली है। जबकि चंबा के अशोक कुमार और सुनील कुमार का कहना है कि व्हीलचेयर पर वर्षों से तकलीफ में हूं और अब पैसा भी नहीं मिलेगा तो जिंदगी कटेगी कैसे?



### कार्यकारी सीएमओ बोले– हेड ऑफिस से रिलीज नहीं हुआ पैसा

**सीएमओ** प्रवीण चौधरी तो मेडिकल लीव पर बताए गए, लेकिन कार्यकारी सीएमओ डॉ. अजय कुमार अत्री का कहना था कि अभी हेड ऑफिस से इस योजना का पैसा रिलीज नहीं हुआ है। इसलिए पात्र दिव्यांगों को पिछले कुछ महीनों से नहीं मिल पा रहा है।

### स्वाति डोगरा ने संभाला एसडीएम बड़सर का कार्यभार

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान बड़सर।** उत्तरी भारत के प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध ट्रस्ट को नये मंदिर अधिकारी मिल गये है। स्वाति डोगरा ने उपमंडल अधिकारी के तौर पर अपना कार्यभार संभाला है। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह से वह बड़सर उपमंडल में उपस्थित रहेगी। राजेंद्र गौतम ने 14 मार्च 2024 को कार्यभार संभाला था। दोपहर बाद एसडीएम बड़सर विधानसभा क्षेत्र के अधीन बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया। मंदिर अधिकारी संदीप कुमार ने नव नियुक्त एसडीएम कम मंदिर अध्यक्ष को बाबाजी की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। डोगरा ने गुफा दर्शनों के बाद मंदिर परिसर में कार्यरत कर्मचारी से रूबरू हुए तथा मंदिर परिसर में तैनात कर्मचारीयों को ड्यूटी के दौरान पूरी पारदर्शिता बरतने के दिशा निर्देश जारी किए।

# जिला अध्यक्ष के लिए कदमताल शुरू

## ऑब्जर्वर पहुंचे हमीरपुर, टाउन हॉल में वर्करों से आज होंगे रू–ब–रू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

लंबे इंतजार के बाद सूबे में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष की ताजपोसी होते ही जिलों में भी अध्यक्षों की तैनाती को लेकर कदमताल शुरू हो गई है। इस सिलसिले में हमीरपुर में भी ऑब्जर्वर पहुंच गए हैं। वे तीन दिन यहां रहेंगे। कार्यकर्ताओं से मिलेंगे, उनकी राय जानेंगे और पार्टी की जिला की सरदारी किसके हवाले हो? इस पर वर्कर्स की 'टोह' लेने के बाद एक पैनल बनाएंगे। जिसके आधार पर जिला के नए अध्यक्ष की तैनाती का रास्ता साफ होगा।

गुजरात से राज्य सभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल बतौर आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। उनके साथ तीन अन्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। वे 2027 के लोकसभा चुनावों के मध्यनजर कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स भी देंगे। शक्ति सिंह गोहित कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं और गुजरात कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

अहम बात यह होगी कि टाउन हॉल में आयोजित होने वाली मंगलवार की बैठक में किस तरह के कार्यकर्ता पहुंचते हैं। इस पर भी नजर रहेगी, कार्यकर्ताओं के चेहरे पर क्या चल रहा है, इसे पढ़ने का भी मौका मिलेगा। कुल मिलाकर ऑब्जर्वर का यह दौरा क्या कार्यकर्ताओं को उत्साह से भर पाएगा? यह खास मायने रखेगा।

### कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रियाओं का आकलन अहम

**हमीरपुर** जिला राज्य की राजनीति में इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर जिला से ताल्लुक रखते हैं। यह उनका गृह जिला है। इसलिए इन ऑब्जर्वर का यहां आना कार्यकर्ताओं के साथ बैठक लेना, उसके बाद जो दावेदार हैं, जिला अध्यक्ष को लेकर, उनके साथ भी बातचीत करना। इन सब पहलुओं पर 'खरा' उतरना भी आब्जर्वर के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। जिले की राजनीति कांग्रेस के लिए पिछले विधानसभा चुनावों में बड़े स्तर पर गुदगुदाने वाली रही थी, लेकिन उसके बाद जो घटित हुआ, उससे कार्यकर्ताओं को ज्यादा तकलीफ हुई। अब नए अध्यक्ष की ताजपोशी से पहले कार्यकर्ताओं की टोह लेना खास मायने रखती है।

### वर्तमान अध्यक्ष भी नहीं किए सकते नजरअंदाज

**बता** दें कि जिला अध्यक्ष के पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती का दावा भी कम नहीं आंका जा सकता। क्योंकि जब से प्रदेश स्तर पर कांग्रेस की जिला इकाईयां और पूरा ढांचा भंग किया गया था, वे सक्रिय तो रहे ही हैं।

### राज्यसभा सांसद नेताओं व वर्करों संग करेंगे चर्चा

**कांग्रेस** नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने बताया कि राज्यसभा के सांसद शक्तिसिंह गोहिल जिला हमीरपुर के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। सांसद के कार्यालय की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक गोहिल मंगलवार सुबह साढे ग्यारह बजे सर्किट हाउस हमीरपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करेंगे। उसके बाद टाउन हॉल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। 27 नवंबर को जिला के कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ लगातार कई बैठकें एवं चर्चाएं करेंगे।

# ओबीसी वर्ग भारतीय समाज की एक सशक्त शक्ति: राकेश

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की हमीरपुर में जिलास्तरीय परिचायक बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी ने सोमवार को बस स्टैंड के पास स्थित पार्टी कार्यालय में जिला स्तरीय परिचायक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राम लोक धनोटिया, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी, ओबीसी मोर्चा मार्गदर्शक सेवानिवृत्त प्रिंसिपल विजय चौधरी, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं ओबीसी मोर्चा पदाधिकारी चंदू लाल चौधरी, तथा जिला भाजपा महामंत्री अजय रिंटू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि ओबीसी वर्ग भारतीय समाज की एक सशक्त और निर्णायक शक्ति है, जिसने हमेशा राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन में ओबीसी मोर्चा लगातार सामाजिक समरसता, संगठन विस्तार एवं जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है। ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राम लोक धनोटिया ने अपने संबोधन में कहा कि ओबीसी समाज के राजनीतिक सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक उन्नति के लिए भाजपा सरकार ने समय–समय पर अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से ओबीसी मोर्चा समाज की भागीदारी को और अधिक व्यापक बनाने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक के उपरांत भाजपा जिला सोशल मीडिया की टीम ने प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक सुशील राठौर और जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर से चर्चा कर जिला स्तर पर अपनी कार्यकारिणी में नियुक्तियों की घोषणा की।

जिला भाजपा सोशल मीडिया टीम ने ध्यान सिंह मुसाफ़िर को वरिष्ठ सह–सोशल मीडिया संयोजक, तथा दिक्षित गौतम को जिला भाजपा का सह–सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया। इसी क्रम में दिनेश ठाकुर और अशोक शर्मा को भी जिला भाजपा के सह–सोशल मीडिया संयोजक के रूप में नियुक्ति दी गई है।



हमीरपुर में भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिलास्तरीय परिचायक बैठक का आयोजन किया गया।

# तंबाकू मुक्त उड़नदस्ते ने छापामारी कर 16 के काटे चालान, 2000 रुपए वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन शहर में उस समय तंबाकू उत्पाद बेचने वालों में हड़कंप मच गया जब तहसीलदार रोहित कंवर के नेतृत्व में तंबाकू मुक्त उड़न दस्ते ने नादौन शहर में संयुक्त दस्तक दी। दुकानों में छापेमारी व निरीक्षण किया। टीम में तहसीलदार रोहित कंवर के अलावा,एसएचओ निर्मल सिंह,बीएमओ राजेश भारद्वाज,नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा, ड्रग इंस्पेक्टर अकांशा, एसआई नरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

टीम ने तंबाकू उत्पाद वेचने वाली विभिन्न दुकानों, खोखों, रेहड़ी आदि पर तंबाकू उत्पाद वेचने वाली नुकानों व खोखों आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने तंबाकू उत्पाद वेचने व सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान करने वालों 16 लोगों के चालान काटे तथा उनसे मौका पर 2000 हजार रूपये जुर्माना वसूला तथा हिदायत दी कि तंबाकू उत्पाद बिना लाईसेंस के ना वेचें लाईसैंस के लिए नगर परिषद नादौन को आवेदन करें। नावालिगों को तंबाकू उत्पाद न वेचें उन्यथा कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

टीम ने शिक्षण संस्थानों के आस पास की दुकानों की भी जांच की तथा हिदायत दी कि शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में और सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार के तंबाकू उत्पाद न बेचें। और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचे तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि खोखों में कैविन आदि बनाकर मोमो,फास्ट फूड आदि न परोसने वालों को हिदायत दी है बंद कैविन न बनाकर अपना धंधा न करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बंद कैविन की वजह से कई प्रकार की गतिविधियों की आशंका रहती है।



नादौन बाजार में दुकानों का निरीक्षण करते हुए संयुक्त उड़न दस्ते की टीम।

### कबड्डी और महिला रस्साकशी प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार राशि

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के संघीया दा टियाला में 29 और 30 नवंबर को वन विभाग के सौजन्य से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में वन संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता में मुख्य आकर्षण कबड्डी टूर्नामेंट और महिला मंडलों की रस्साकशी प्रतियोगिता रहेगी।

कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21,000 और उपविजेता को 11,000 पुरस्कार राशि दी जाएगी। महिला रस्साकशी में प्रथम पुरस्कार 5,100 और रनर–अप को 2,100 नगद राशि दी जाएगी। वन खंड अधिकारी विनोद राणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विभाग खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ–साथ स्थानीय लोगों को पर्यावरण और वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व से जोड़ना चाहता है। यह युवाओं और महिला मंडलों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने का उत्कृष्ट अवसर है।

# टीजीटी कमीशन में डाल दिया एचएएस का आधा पाठ्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा टीजीटी परीक्षा के लिए जारी किया लंबा पाठ्यक्रम अभ्यर्थियों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया है। इस पाठ्यक्रम में हिमाचल प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लगभग 52 प्रतिशत विषय सीधे शामिल कर दिए गए हैं। इससे टीजीटी परीक्षा का स्तर सामान्य स्नातक स्तर के बजाय प्रशासनिक सेवा स्तर का हो गया है।

टीजीटी आवेदन प्रक्रिया 30 मई को शुरू हुई थी और आपदा के कारण इसे 27 सितंबर तक बढ़ाया गया, लेकिन पाठ्यक्रम 12 नवंबर को जारी किया गया। यदि यही पाठ्यक्रम मई में जारी किया जाता तो अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए 6 महीने अतिरिक्त समय मिल जाता।

टीजीटी का पाठ्यक्रम लगभग 200 टॉपिक का है, जबकि जेबीटी में लगभग 40 विषय तथा एचएएस में कुल मिलाकर लगभग 250 टॉपिक शामिल हैं। इतना विस्तृत पाठ्यक्रम अचानक जारी करने से साधारण स्नातक अभ्यर्थियों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य चयन आयोग से मांग की है कि इतने बड़े और जटिल पाठ्यक्रम को देखते हुए परीक्षा की तिथियों का निर्धारण अभ्यर्थियों को पर्याप्त तैयारी समय देकर किया जाए। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल, देश राज, रोशन लाल, विजेश अत्री, सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र, कुलवीर, राकेश चौधरी, यशवंत, कपिल, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित, अजय, दिनेश, सुरेश, पवन, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश व ज्ञान चंद आदि ने कहा है कि अगर परीक्षा की तारीख जल्द घोषित कर दी गई तो हजारों अभ्यर्थी पढ़ाई भी शुरू नहीं कर पाएंगे। उधर आयोग के सचिव विक्रम महाजन पहले ही कह चुके हैं कि इस मामले को लेकर समय पर सिलेबस जारी कर दिया गया था और इसमें किसी भी तरह का किंतु परंतु नहीं होना चाहिए।

### केवी की छात्रा काव्या ने बनाई प्रकृति की मनमोहक पेंटिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में छठी कक्षा की छात्रा काव्या पुत्री विनय कुमार एक उभरती हुई नन्ही चित्रकार हैं। काव्य ने अपनी कल्पना शक्ति से प्रकृति की ऐसी मनमोहक छवि उकेरी है कि देखने वाला ठहरकर उसे निहारने पर मजबूर हो जाता है। काव्या ने इतनी सुंदर पेंटिंग बनाई हुई यह झरने और हरियाली से भरपूर पेंटिंग सिर्फ एक चित्र नहीं, बल्कि उनके संवेदनशील मन और गहरी कल्पनाशक्ति का सुन्दर परिचय है। नीले बहते पानी की शांति, हरी–भरी पेड़ों की गहराई और झरने की चमक, सब कुछ उनकी मेहनत और लगन को बखूबी दर्शाता है। कम उम्र में कला के प्रति ऐसा समर्पण बेहद सराहनीय है। काव्या ने न केवल अपने माता–पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र पक्का भरो को भी गर्व महसूस कराया है। हम कामना करते हैं कि काव्या अपनी प्रतिभा के इस सफर में यूँ ही आगे बढ़ती रहें और नई ऊंचाइयां छुए। काव्या तुम्हारी कला दिल छू जाती है लोगों ने उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



**परेशानी** नगर निगम ने 11 वार्डों में 350 कुत्तों को लगाई वैक्सीन, बावजूद इसके शहर में डर का माहौल

# वार्ड नंबर 1 में आवारा कुत्तों की भरमार

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** गत दिनों आवारा कुते के हमले से कई लोग घायल हुए थे, जिसके चलते बच्चे और सड़क पर जाने वाले लोग अपने हाथों में डंडा लेकर चलते को मजबूर हुए थे। नगर परिषद सुजानपुर ने कुते को पकड़ कर इस आवारा कुते के आंतक से निजात दिलाई थी। हमीरपुर शहर के वार्डों में अभी भी आवारा कुतों के झुंड अकसर देखे जा सकते हैं जिन्हें वैक्सीन नहीं लगाई गई है। शहर के वार्ड नंबर एक में 25 से 30 कुतों का झुंड लोगों को डरा रहा है। लोग कुतों को देखकर रास्ता छोड़ रहे हैं ताकि यह कुते उनपर हमला न कर दें। हालांकि नगर निगम हमीरपुर ने शहर के 11 वार्डों में आवारा कुतों को पकड़कर वैक्सीनेशन अभियान चलाया था। जिसमें शहर के 11 वार्डों में लगभग 350 कुतों को वैक्सीन लगाई थी। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि सभी वार्डों में पशुपालन विभाग की टीम घूम चुकी है व उन्हें आवारा कुते नहीं मिले।

गौर रहे कि आवारा कुत्तों के काटने से नेरी में भी एक युवक की जान चली गई थी। इसके अलावा माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी आवारा कुत्तों की वैक्सीनेशन करने के निर्देश दिए थे। जिसके चलते शहर व आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों को वैक्सीन लगाने का अभियान शुरू किया था। इस अभियान में पशुपालन विभाग की टीम के साथ कैचर भी लगाए गए थे। जिससे कुतों को पकड़कर उन्हें वैक्सीन के साथ निशानी लगाई जा सके। बेशक नगर निगम ने 350 कुतों को वैक्सीन लगा दी है, लेकिन शहर के कई वार्डों में अभी आवारा कुतों के हमले का खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने नगर निगम से आग्रह किया है कि वार्ड नंबर एक में आवारा कुतों के आतंक से निजात दिलाई जाए। कुत्तों के झुंड से स्कूल जाने वाले बच्चे भी डर रहे हैं।

इस बारे में नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि शहर के 11 वार्डों के 350 आवारा कुत्तों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इन 11 वार्डों में पशुपालन विभाग की टीम घूम चुकी है, लेकिन उन्हें आवारा कुते नहीं मिले।

अनंत ज्ञान मुद्दा



हमीरपुर में आवारा कुत्तों का खतरा जारी, बच्चे और राहगीर हाथों में डंडा लेकर सड़क पर निकलने को मजबूर।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटखाई में विकास कार्यों पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुन्दर डोगरा ने प्रेस वार्ता में कहा कि कोटखाई पीडब्ल्यूडी डिवीजनल कार्यालय भवन का अधिकांश निर्माण कार्य पूर्व सरकार के समय पूरा हो चुका था और अब शेष कार्य को उपलब्धि के रूप में पेश किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोटखाई के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की स्थिति लंबे समय से खराब है, छात्रों के लिए पर्याप्त कक्षाएं उपलब्ध नहीं हैं और स्कूल जाने का मार्ग भी दो वर्षों से क्षतिग्रस्त है। डोगरा ने कहा कि भारी बरसात के चार महीने बीत जाने के बावजूद जुब्बल-कोटखाई-नावर क्षेत्र के कई बस रूट अभी तक बहाल नहीं हुए हैं, जबकि सड़कों को पास दिखाने के लिए केवल औपचारिक सफाई की गई है। सुंदर डोगरा, रावेंद्र चौहान, महेंद्र नेकटा, गोपाल जबैईक, यशवीर जस्टा, राजेश चौहान, रवि पनैईक, निशांत घालटा और अक्षित चौहान ने संयुक्त बयान में कहा कि सरकार को क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए और जनता से किए वायदों को समय पर पूरा करना चाहिए।

### 36 यूनिट रक्त से खनेरी अस्पताल को राहत



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रक्तदान सेवा परिवार सोसायटी ने सोमवार को चौधरी अड्डे में आयोजित अपने 58वें रक्तदान शिविर में क्षेत्रवासियों के सहयोग से 36 यूनिट रक्त एकत्र किया, जिससे खनेरी स्थित महात्मा गांधी सेवा चिकित्सा परिसर के ब्लड बैंक को विशेष राहत मिली। सर्दियों की शुरुआत के साथ रक्त की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। सोसायटी ने बताया कि आपात स्थितियों में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। यह शिविर एच.डी.एफ.सी. बैंक रामपुर के सहयोग से सफल रहा। सोसायटी रक्तदान के साथ-साथ सामाजिक सेवा में भी सक्रिय है। इसी कड़ी में अस्पताल में भर्ती मरीजों के तिमारदारों के लिए 10 अक्तूबर से लगातार लंगर सेवा चलाई जा रही है, जिसका प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग लाभ उठा रहे हैं। शिविर को सफल बनाने में स्वयंसेवकों, स्थानीय युवाओं, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा बैंक प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर एच.डी.एफ.सी. बैंक के क्लस्टर हेड कृषि वर्मा, ब्रांच मैनेजर सुरेश और रवि सहित संजय सूद, जितेंद्र कुमार, अतुल कश्यप, नवरिता, गुरदेव मुनी, राकेश राठौर, सुखजीवन, सुशील कुमार, संदीप कुमार, जतिन ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के एंटी चिट्टा अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों ने छात्रों से नशे से दूर रहने और पढ़ाई, खेल व रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की अपील की। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने कहा कि चिट्टा युवाओं का भविष्य नष्ट कर रहा है और कई परिवार इसकी वजह से टूट चुके हैं। डीएसपी अमित ठाकुर ने बच्चों को किसी भी नशीली गतिविधि की गुप्त सूचना पुलिस को देने और ड्रग फ्री हिमाचल ऐप का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सक डॉ. अचित शर्मा ने नशे को एक इलाज योग्य बीमारी बताते हुए समय पर उपचार की जरूरत पर जोर दिया। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी राकेश धौता ने कहा कि खेल नशे से दूर रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं और बच्चों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य राखी पंडित, उप प्रधानाचार्य सुनीता राणा, स्टाफ सदस्य और छात्र उपस्थित रहे।

### प्रधानाचार्यों की पदोन्नति से खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सरकारी स्कूलों में लंबे समय से लंबित 805 प्रधानाचार्यों की पदोन्नति प्रक्रिया को सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में हरी झंडी मिल गई है। निदेशक स्तर पर डीपीसी आयोजित करने की स्वीकृति मिलने से यह प्रक्रिया अब लोक सेवा आयोग की जगह सचिव शिक्षा के माध्यम से शीघ्र पूरी की जाएगी। हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम शिक्षा गुणवत्ता को मजबूत करने में निर्णायक साबित होगा। संघ अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि संघ ने कई बार यह मुद्दा सरकार के समक्ष उठाया था और अब शिक्षा मंत्री के अथक प्रयासों से उम्मीद है कि डीपीसी प्रक्रिया जल्द पूरी होकर प्रधानाचार्यों की पदोन्नति सूची जारी हो जाएगी।

### कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल: सन्नी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर पर तीखा पलटवार किया है, जिन्होंने राज्यपाल पर संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन न करने और बीजेपी का राजनीतिक एजेंडा चलाने का आरोप लगाया था। डॉ. सन्नी शुक्ला ने छत्तर सिंह ठाकुर को कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस को राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद की गरिमा का सम्मान करना चाहिए और निराधार बयानबाजी से बचना चाहिए। उन्होंने युवा कांग्रेस के आरोपों को सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार की तीन साल की विफलताओं से ध्यान भटकाने का प्रयास मात्र बताया। भाजयुमो अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने युवा कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि राजभवन पर उंगली उठाने के बजाय, उन्हें अपनी ही सरकार से युवाओं के लिए किए गए वादों पर हिसाब मांगना चाहिए। उन्होंने सीधा सवाल किया कि कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए तीन साल हो चुके हैं, लेकिन यह सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। चुनाव से पहले कांग्रेस ने पहली कैबिनेट में एक लाख पक्की नौकरियां देने की जो प्रमुख 'गारंटी' दी थी, उस पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष बताएं कि उनकी सरकार ने वास्तव में कितनी पक्की नौकरियां दी हैं। सन्नी शुक्ला ने आरोप लगाया कि सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के बजाय, आउटसोर्स पर लगे युवाओं की नौकरियां छीनने का काम शुरू कर दिया है।

# खाद के बढ़े दामों ने तोड़ी किसानों व बागवानों की कमर

## बारिश की मार के बाद अब खेती-बागवानी पर आर्थिक संकट गहराया, एनपीके खाद 1470 से सीधे 1900 रुपए हुई

- किसानों की सांसें उखड़ीं, लागत बढ़ी तो मुनाफा हुआ गायब
- सरकारी सब्सिडी घटने से हालात और बदतर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीते महीनों में लगातार बारिश, ओलावृष्टि और असामान्य मौसम का कहर बरपा। खेत पानी से भर गए, बागान झुकते चले गए और पैदावार में भारी गिरावट आई। लेकिन पहाड़ की यह पीड़ा यहीं थमने वाली नहीं थी। अब खाद के दामों में अचानक हुई भारी बढ़ोतरी ने खेती-बागवानी की नींव को झकझोर कर रख दिया है। जो एनपीके खाद कुछ समय पहले 1470 रुपये में मिल रही थी, अब उसकी कीमत 1900 रुपये तक पहुंच चुकी है। यह वृद्धि किसानों के लिए सिर्फ एक आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि एक ऐसी चोट है जो वे अब सहने की स्थिति में नहीं रहे।

किसान बताते हैं कि इस साल खेतों में बीज बोना भी साहस मांग रहा है, क्योंकि लागत का हर हिस्सा उन्हें डराने लगा है। बारिश ने फसलों को तोड़ा, सड़कों को काटा और बाजारों तक पहुंचने के रास्ते कम कर दिए। अब खाद की महंगाई ने बची-खुची उम्मीदों को भी मुरझा दिया है। बागवानों के लिए यह चोट और भी गहरी है, क्योंकि सेब, नाशपाती और अन्य फलों की बागवानी में खाद की खपत ज्यादा होती है। ऐसे में हर बढ़ा हुआ रुपया उत्पादन लागत को दोगुना कर देता है, जबकि बाजार में कीमतें पहले ही बुरी तरह गिरी हुई हैं।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े विशेषज्ञ मानते हैं कि इस वृद्धि का असर आने वाले सीज़नों पर भी दिखाई देगा। किसान पहले ही कर्ज के दबाव में हैं और बागवान फसल के नुकसान से उबर नहीं पाए। खाद की बढ़ी कीमतों ने उनकी योजनाओं को अधर में लटका दिया है। कई किसानों ने कहा कि खेतों में कम्पोस्ट और स्थानीय खाद बढ़ाने की कोशिश तो कर रहे हैं, पर रासायनिक खाद के बिना उत्पादन घटने का खतरा बना रहेगा। वहीं बागवानों का दर्द और गहरा है। दवा, मजदूरी, पेट्रोल, पैकिंग, ट्रांसपोर्ट, हर चीज महंगी हुई है। ऐसे में खाद के दामों का उछाल उनकी उम्मीदों पर सीधा वार है।

हिमाचल में खाद के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी ने किसानों और बागवानों की आर्थिक व्यवस्था को चरमरा दिया है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि प्रदेश में खेती-बागवानी पहले ही तीन बड़े दबावों से जूझ रही है मौसम की अनिश्चितता, उत्पादन लागत में लगातार इजाफा और बाजार में गिरती कीमतें। ऐसे में एनपीके और अन्य खादों के दामों का बढ़ना किसानों पर तिहरा बोझ बनकर गिरा है। प्रदेश के कई कृषि क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस बार सेब, आलू, सब्जियों और दालों की पैदावार कम रही। ऊपर से परिवहन महंगा और मंडियों में दाम कम मिले। अब रासायनिक खाद की कीमतें बढ़ने के बाद किसान मजबूरी में खेती का दायरा घटाने पर विचार कर रहे हैं। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि यदि उत्पादन अगले सीज़न में प्रभावित हुआ, तो इसका असर सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ेगा और महंगाई बढ़ सकती है। बागवानों का दर्द और गहरा है— वे पहले ही दवाइयों, मजदूरी और पैकिंग की बढ़ी लागत से परेशान थे। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने तुरंत दखल न दिया तो आने वाले वर्षों में खेती-बागवानी छोड़ने वालों की संख्या बढ़ सकती है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

**अनंत ज्ञान मुद्दा**

### सरकार की चुप्पी पर उठे सवाल

**किसान** संगठनों का आरोप है कि राज्य सरकार की तरफ से मिलने वाली सब्सिडी में पिछले कुछ वर्षों में कमी आई है और आवश्यक राहत योजनाएं जमीन पर उतरती नजर नहीं आ रहीं। किसानों का कहना है कि सरकार की चुप्पी उन्हें और बेचैन कर रही है। इस बार न तो खाद पर राहत का कोई संकेत मिली है और न ही आपदा से टूटे किसानों और बागवानों को बराबर मुआवजा। राहत की उम्मीद में बैठे किसान यह पूछ रहे हैं कि जब उत्पादन कम हो रहा है, आमदनी गिर रही है, तो खाद के दामों को नियंत्रण में रखने की पहल क्यों नहीं की गई।

### आर्थिक संकट की साफ दस्तक

किसान-बागवानों का साफ कहना है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाला सीज़न खेती-बागवानी को घाटे का सौदा बना देगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पहले ही कमजोर पड़ चुकी है और महंगी खादों ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। अब राज्य के किसान सरकार से उम्मीद कर रहे हैं कि वह दाम नियंत्रण, सब्सिडी बहाली, समय पर राहत पैकेज और सस्ते विकल्प उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए, वरना हिमाचल की खेती-बागवानी को लंबे समय तक उबरने में मुश्किल होगी।

### दिशा बैठक में सुरेश कश्यप सख्त, अधिकारियों को लगाई फटकार

# केंद्र की योजनाओं की धीमी रफ्तार पर सांसद नाराज, कई अधिकारियों को नोटिस के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



दिशा बैठक की अध्यक्षता करते सांसद सुरेश कश्यप।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सोमवार को बचत भवन में सांसद लोकसभा सुरेश कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में सांसद ने अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर कड़ा एतराज़ जताया और कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन को जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। उन्होंने ग्रामीण सड़कों के बाधित होने पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़क बहाली कार्य में तेजी लाना अनिवार्य है।

सांसद ने लोक निर्माण विभाग, स्मार्ट सिटी, कृषि, बागवानी, विद्युत, स्वास्थ्य और अन्य विभागों की प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करते हुए कई योजनाओं में धीमी गति पर नाराजगी जताई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन, कृषि एवं पशुपालन योजनाओं से लेकर समग्र शिक्षा और आयुष्मान योजना तक कई मदों पर उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट जवाब मांगा। साथ ही उन्होंने मनरेगा के हजारों लंबित कार्यों पर भी गहरी असंतुष्टि जाहिर की और कहा कि जो कार्य पूरे हो सकते हैं उन्हें तुरंत पूरा किया जाए तथा जो लंबित नहीं हो सकते, उनकी स्थिति अगली बैठक में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत की जाए।

बैठक में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग ठियोग सहित कई अधिकारियों पर सांसद ने कड़ा रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सांसद का स्वागत किया और निर्देशों के पालन का आश्वासन दिया। बैठक में विधायक चौपाल बलबीर वर्मा, महापौर शिमला सुरेन्द्र चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे की लड़ाई में सरकार गंभीर नहीं, सुविधाओं के अभाव से बढ़ रही है समस्या: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में प्रदेश सरकार पूरी तरह गंभीर नहीं है और केवल हैडलाइन तथा इवेंट मैनेजमेंट के सहारे सुर्खियां बटोर रही है। उन्होंने कहा कि स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि हालिया रिपोर्ट के अनुसार शिमला जिला की 412 पंचायतों में से 265 पंचायतें नशे की चपेट में हैं, जिनमें से 145 पंचायतों में यह समस्या गहराई तक फैल चुकी है। यह वर्गीकरण स्वयं प्रदेश पुलिस ने किया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे की वजह से कई हृदयविदारक घटनाएं सामने आई हैं। एक मामले में चिट्टे के कारण तीन पीढ़ियां बर्बाद होने की बात सामने आई, जबकि कांगड़ा में एक मां अपने बच्चे की हालत न देख पाने पर नशा खरीदने पर विवश हुई और बाद में जेल पहुंच गई। इसी तरह पिछले सप्ताह नशा निवारण केंद्र में एक व्यक्ति की मारपीट के दौरान मौत ने सरकार की नशा उन्मूलन की गंभीरता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि न जाने कितने युवा नशे की वजह से असमय जान गंवा चुके हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के निजी पुनर्वास केंद्रों में हिंसा, उत्पीड़न और अव्यवस्था के कई मामले सामने आए हैं। प्रदेश के नौ जिलों में 102 पंजीकृत निजी मादक द्रव उपयोग विकार पुनर्वास केंद्रों में से 40 को बंद किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण लोग मजबूरन निजी केंद्रों में महंगा उपचार करवाने को बाध्य हैं, जहां प्रति माह 25 हजार रुपये तक खर्च आता है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी मेडिकल कॉलेज में नशा उपचार के लिए अलग से डेडीकेटेड वार्ड नहीं है। मनोचिकित्सा विभागों में बेड स्ट्रेंथ भी नहीं बढ़ाई गई, जिससे उपचार चाहने वाले अनेक लोग व्यवस्था के अभाव में भटक रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई बिना समाज और सरकार के संयुक्त प्रयास के संभव नहीं है। समाज सहयोग दे रहा है, माताएं अपने बच्चों को पुलिस के हवाले कर रही हैं, लेकिन सरकार की भूमिका स्पष्ट नहीं दिख रही। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सरकारी क्षेत्र में नशा उपचार और पुनर्वास की सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए, ताकि नशे से बाहर आने की इच्छा रखने वालों को प्रभावी सहायता मिल सके।

# जुन्गा में विद्यार्थियों की चिट्टा विरोधी रैली ने जगाई जागरूकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




क्योंथल कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी जुन्गा में चिट्टा विरोधी रैली के दौरान जागरूकता संदेश देते प्रतिभागी।

क्योंथल कॉन्वेंट स्कूल की एंटी ड्रग समिति के सौजन्य से जुन्गा में सोमवार को चिट्टा विरोधी रैली निकाली गई। तहसीलदार जुन्गा नारायण सिंह वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर इस रैली की शुरुआत की। स्कूल से प्रारंभ हुई यह रैली तहसील कार्यालय से होते हुए जुन्गा बाजार व बस स्टैंड तक पहुंची। तहसीलदार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे चिट्टा विरोधी अभियान को सफल बनाने में विद्यार्थियों व अभिभावकों की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नशा समाज और भविष्य दोनों को कमजोर करता है, इसलिए हर व्यक्ति को इस जंग में सकारात्मक योगदान देना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य एमके शर्मा ने बताया कि रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा ताकि युवा वर्ग को इस खतरनाक लत से बचाया जा सके और समाज को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी बढ़े। रैली में अनुराधा शर्मा, सुनीता ठाकुर, सुहानी शर्मा, नीलम शर्मा, कृति मेहता, हितेंद्र सेन, रोहित, रूचि सूद, मोनिका, पूजा जम्वाल और करूणा सहित शिक्षक वर्ग ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# लेबर कोड के विरोध में सीटू का शिमला में उग्र प्रदर्शन

## मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 नवंबर को प्रदेशभर में आंदोलनों की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



सीटू कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय शिमला के बाहर लेबर कोड की प्रतियां जलाकर विरोध जताते हुए।

सीटू की राज्य कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित चार लेबर कोडों के खिलाफ सोमवार को शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सीटू कार्यकर्ताओं ने गजट में प्रकाशित लेबर कोड की प्रतियां जलाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, कोषाध्यक्ष जगत राम, जिला महासचिव अमित कुमार और अन्य पदाधिकारी व मजदूर बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने चारों लेबर कोड को मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला बताया और कहा कि 26 नवंबर को देशव्यापी विरोध कार्यक्रमों के तहत हिमाचल के जिला और ब्लॉक मुख्यालयों पर भी बड़े स्तर पर प्रदर्शन होंगे।

वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर वेतन कोड 2019, औद्योगिक संबंध कोड 2020, सामाजिक सुरक्षा कोड 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति कोड 2020 लागू किए हैं, जो मजदूरों की सुरक्षा, वेतन, सामाजिक सुरक्षा और ट्रेड यूनियन अधिकारों को कमजोर करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि असंगठित, प्रवासी और प्लेटफॉर्म मजदूरों को इन कोडों में पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिली है। हड़ताल पर कड़ी पाबंदियों, छंटनी और ठेका रोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधानों तथा निरीक्षण प्रणाली में ढील ने मजदूरों की स्थिति को और असुरक्षित बना दिया है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अस्पष्ट व्यवस्थाओं और अनेक प्रक्रियाओं को सरकारी अधिसूचनाओं पर छोड़ देने से मजदूरों के अधिकार कागजी बनकर रह जाएंगे।

सीटू नेताओं ने कहा कि लेबर कोड मजदूर विरोधी और पूंजीपति परस्त हैं, जिन्हें मजदूर संगठनों की आपत्तियों को अनदेखा करते हुए लागू किया गया है। इन कोडों से अस्थिर रोजगार, कम वेतन और कमजोर सामाजिक सुरक्षा का खतरा बढ़ेगा।

उन्होंने मांग की कि चारों लेबर कोड तुरंत वापस लिए जाएं, पुराने श्रम कानून बहाल किए जाएं और किसी भी सुधार पर भारतीय श्रम सम्मेलन सहित सभी मंचों पर व्यापक चर्चा के बाद ही निर्णय लिया जाए।

# शीतकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट

## दूरदराज क्षेत्रों में अग्रिम राशन व जरूरी वस्तुओं का करें भंडारण: एसडीएम



रामपुर में शीतकालीन तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल में शीतकालीन मौसम के दौरान संभावित भारी बर्फबारी तथा उससे उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए मिनी सचिवालय के सभागार में एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्ग अवरुद्ध होने, बिजली-पानी आपूर्ति बाधित होने, स्वास्थ्य, परिवहन व राहत कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। एसडीएम ने बताया कि 15/20 और 12/20 क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के चलते बिजली, दवाइयां, गैस, राशन व अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी हो जाती है, इसलिए संबंधित विभागों को इन क्षेत्रों में अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दिसंबर व जनवरी माह का राशन दूरदराज क्षेत्रों में पहले ही उपलब्ध करवाने का भी निर्णय लिया गया।

- उपमंडल स्तर पर स्थापित किया जाएगा कंट्रोल रूम

एसडीएम ने सभी विभागों को मुख्य व संपर्क मार्गों को खुला रखने के लिए मशीनरी व श्रमिकों की अग्रिम तैनाती के निर्देश दिए। बिजली-पानी आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए तकनीकी स्टाफ व आवश्यक सामग्री तैयार रखने को कहा गया। स्वास्थ्य, परिवहन, होम गार्ड्स, एनडीआरएफ, अग्निशमन व राहत सेवाओं को अलर्ट मोड में रखने तथा विभागीय समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया गया। वन विभाग को ऊंचाई वाले क्षेत्रों के पशुपालकों को सुरक्षित स्थानों पर समय रहते पहुंचाने की जागरूकता बढ़ाने के निर्देश मिले। उपमंडल स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा और तहसील कार्यालयों में भी कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**विशेष** अटल टनल को कहा था अजूबा व राज्य को दी थी अपनी यादों की अमिट सौगात

# हिमाचल की पहाड़ियों को देख भावुक हो जाते थे धर्मेंद्र

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** बॉलीवुड के महानायक और ही-मैन कहलाने वाले धर्मेंद्र के निधन की खबर ने पूरे देओल परिवार, देशभर के प्रशंसकों और सिनेमा जगत को गहरे शोक में डाल दिया है। अपने छह दशक लंबे सिने करियर और जिंदादिली से दर्शकों के दिलों में राज करने वाले धर्मेंद्र का हिमाचल प्रदेश से खास लगाव था। यह लगाव सिर्फ एक अभिनेता की पसंद नहीं, बल्कि पहाड़ियों में मिलने वाली आत्मिक शांति से उनका जुड़ाव था, जिसे वे अक्सर अपने दिल में बसाए रखते थे।

धर्मेंद्र कई बार बेटे सनी देओल के साथ मनाली पहुंचे और हर बार उन वादियों ने उन्हें वही अपनापन दिया, जिसे वे बरसों याद करते रहे। नवंबर 2021 में एक महीने तक मनाली में ठहरने के दौरान धर्मेंद्र सनी देओल के साथ सरसेई की पहाड़ी तक गए थे। जहां से पूरी मनाली घाटी नजर आती है। इस दृश्य ने उन्हें इतना भावुक कर दिया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर कहा था कि उनका बेटा उन्हें यहां लाया है और वे उसके आभारी हैं। यह हिमाचल के प्रति उनके उस निर्मल प्रेम को दिखाता है, जिसे वे हमेशा अपने दिल में संजोकर रखते थे।

लंबे समय बाद रोहतांग और लाहौल की चोटियों का दीदार करने पर धर्मेंद्र ने अटल टनल रोहतांग को 'अजूबा' करार दिया था। उन्होंने कहा था कि कभी इस रास्ते को पार करने में घंटों का वक्त लगता था और मौसम खराब होने पर सफर असंभव हो जाता था, लेकिन इस टनल ने लोगों की जिंदगी आसान कर दी। धर्मेंद्र ने यहां अपने कई फिल्मों जैसे इज्जत, जीने नहीं दूंगा, आदमी और इंसान और तहलका की शूटिंग भी की थी। हिमाचल की यह धरती उनके लिए सिर्फ लोकेशन नहीं, बल्कि यादों का खजाना थी।

जून 2025 में धर्मेंद्र अपनी पत्नी प्रकाश कौर, बेटे सनी देओल और पूरे परिवार के साथ बिलासपुर की गोबिंद सागर झील पहुंचे थे। यहां की खूबसूरती ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया था। झील किनारे स्थित निजी होटल में रात भर ठहरने के दौरान उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया। देओल परिवार का मनाली और बिलासपुर से जुड़ाव पुराना है, और धर्मेंद्र हमेशा इसे अपनी दूसरी भावनात्मक पनाहगाह बताया करते थे।

### भारतीय सिनेमा ने खो दिया महानायक: सीएम

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने धर्मेंद्र के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र सिर्फ पर्दे के नायक नहीं थे, बल्कि एक विनम्र और संवेदनशील इंसान थे, जिन्होंने पीढ़ियों को प्रेरित किया। भारतीय सिनेमा ने एक महानायक को खो दिया है जो हमेशा दर्शकों के दिलों में अमर रहेंगे।




# अलविदा 'ही-मैन'




अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 25 नवंबर 2025

एक्शन हीरो और ही-मैन जैसे जुमलों में कैद रहे धर्मेंद्र को अगर इन बंधनों से परे उठकर परखें तो वो इससे कहीं ज्यादा थे। फिल्म अनुपमा में एक संवेदनशील लेखक, समाज से सरोकार रखने वाला सत्यकाम का आदर्श जिद्दी नौजवान, कॉमेडी से लोटपोट करने वाला चुपके-चुपके का प्रोफेसर परिमल..और असल जिंदगी में एक शायर, एक प्रेमी, एक पिता, दुनिया के सबसे हैंडसम मर्दों में शुमार, शराब की लत से पार पाता एक इंसान और राजनीति के वन-टाइम राजनेता। लंदन में दिए इंटरव्यू में एक बार धर्मेंद्र ने कहा था, 'एक्टिंग मेरे लिए मेरी महबूबा है, मुझे इससे मोहब्बत है। जैसे आशिक और माशूक में लड़ाई हो जाती है... कभी ये रूठ जाती है तो मैं मना लेता हूं, कभी मैं रूठ जाता हूं तो ये मना लेती है, लेकिन मैंने इसे छोड़ा नहीं।' सही बात है कि धर्मेंद्र ने एक्टिंग कभी छोड़ी नहीं। बीच-बीच में अपनी महबूबा से मिलने वो आ जाया करते हैं और रोल अच्छा हो तो उनका वही पुराना रूप देखने को भी मिलता है। फिल्म जॉनी गद्दार में जब उनके गैंग के मेंबर उम्रदराज धर्मेंद्र की काबिलियत पर शक करते हैं तो वे कहते हैं, 'इट्स नॉट द एज, इट्स द माइलेज', कहने का मतलब ये कि उम्र पर न जाएं, काबिलियत पर जाएं। या लाइफ इन ए मेट्रो में जिंदगी के आखिरी पड़ाव में अपनी प्रेमिका नफिसा अली के साथ चंद पल गुजारता मिस्टर अमोल या फिर रानी और रॉकी की प्रेम कहानी का वो प्रेमी जो अपनी याददाश्त खो चुका है। कुछ देर के लिए ही सही, वही पुरानी नफासत दोबारा देखने को मिली। वहीं, फिल्मों से परे राजनीति में भी उन्होंने कदम रखा। अटल बिहारी वाजपेयी के कहने पर उन्होंने बीकानेर से लोक सभा चुनाव लड़ा और जीता। हालांकि वे राजनीति में आने को बड़ी भूल मानते थे।

# 'एक्टिंग मेरी महबूबा है, कभी ये रूठ जाती है ...'

## अभिनय के अलावा उर्दू और शायरी से प्यार

**अभिनय** के अलावा उर्दू और शायरी से धर्मेंद्र को हमेशा से प्यार रहा है। बीबीसी सीनियर न्यूज एडिटर ने जब उनसे उर्दू जबां से मोहब्बत के बारे में पूछा था तो जवाब कुछ यूं आया था-'एहसानमंद हूं जबाने उर्दू तेरा, तेरी जबां में बयान-ए- एहसास-ए-दिल आ गया।' कुछ ऐसे ही थे धर्मेंद्र- जज्बाती, रोमांटिक, शायर का दिल लिए घूमता एक एक्शन स्टार। शोहरत और स्टारडम पर के एक सवाल का जवाब उन्होंने कुछ यूं दिया था- 'होती है तारीफ अहमियत की, इंसानियत की मगर कद्र होती है। तरजीह न दे ओहदे को इंसानियत पे, बंदे पर खुदा की तब नज़र होती है..।' उनकी एक्टिंग में एक सादगी, एक नफासत थी जो कभी पर्दे पर दिखी तो कभी ही-मैन की छाया में छिपी दबी सी रह गई, पर धर्मेंद्र की तलाश कभी खत्म नहीं हुई। उन्हीं की फिल्म का डायलॉग है- 'कुछ पाने की चाह, कुछ और बेहतर की तलाश.. इसी चक्क र में इंसान अपना सब कुछ खो बैठता है जो उसके पास होता है। तलाश कभी खत्म नहीं होती। वक्त खत्म हो जाता है...।' ये भी इत्तेफाक ही है कि धर्मेंद्र के चाहने वाले उन्हें आखिरी बार स्क्रीन पर देख पाएंगे जब दिसंबर में उनकी फिल्म 'इक्क ीस' रिलीज होगी।

## सबसे हैंडसम में शामिल थे धर्मेंद्र



**अपने** दौर में धर्मेंद्र को दुनिया के सबसे हैंडसम मर्दों की लिस्ट में शामिल किया गया था। धर्मेंद्र के आइडल रहे दिलीप कुमार ने एक फंक्शन में कहा था कि जब वो खुदा से मिलेंगे तो पूछेंगे कि उन्हें धर्मेंद्र की तरह खूबसूरत क्यों नहीं बनाया। इस पर धर्मेंद्र ने बीबीसी से कहा था, 'सोचता हूं कि लोग कहते हैं तो शायद सही होगा। ही-मैन कहते हैं, ग्रीक गॉड तक कहते हैं। मैं तो अपनी खूबियों में भी खामियां ढूंढता रहता हूं। सोचता हूं कहीं चाहने वालों के उस मकाम को खो न दूं।' हां डांस के मामले में धर्मेंद्र का हाथ तंग माना जाता था। हालांकि जट्ट यमला पगला दीवाना जैसे उनके गाने बहुत मशहूर हुए। इस गाने के बारे में धर्मेंद्र ने बताया था, 'फिल्म में मैंने पब्लिक के बीच नाचने से मना कर दिया था, इसलिए मेरे लिए क्रेन लगाई गई। फिर मैं ऐसा खुला कि शर्म चली गई। आपका धरम बेशर्म हो गया।

## नवाज शरीफ भी थे फैन

**1935** में पंजाब में जन्मे धर्म सिंह देओल ने अपने पुश्तैनी गांव नरसाली से लेकर बॉम्बे तक का ऐसा सफर तय किया है जिसे एक ख्वाब ही कहा जा सकता है। भारत ही नहीं पाकिस्तान में भी धर्मेंद्र के जबरदस्त फैन रहे हैं, जिसमें पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी शामिल हैं। धर्मेंद्र ने ये किस्सा सुनाया था, 'जब नवाज शरीफ भारत आए थे तो उनसे मुलाकात हुई थी। नवाज शरीफ ने बताया कि उनका परिवार गाड़ी से जा रहा था तो रास्ते में मेरे घर के सामने कार रुकवाई गई। उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों को बताया था-देखो, ये है धर्मेंद्र का घर।' धर्मेंद्र अपने एक्टिंग से तो मशहूर हुए ही, साथ ही उनकी दरियादिली के किस्से भी उतने ही चर्चित रहे।

### 51 रुपए मिली थी धर्मेंद्र को पहली सैलेरी

धर्मेंद्र को अपने करियर की पहली सैलेरी पाने के लिए इंतजार करना पड़ा था। 65 साल पहले जब उन्होंने अपनी पहली फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' साइन की थी, तो उन्हें उस पूरे प्रोजेक्ट के लिए महज 51 रुपए मिले थे। आज के समय में यह रकम कुछ भी नहीं है, लेकिन ये फिल्म उनके करियर के लिए शानदार साबित हुई।

### हीरो बनने से पहले का संघर्ष

**धर्मेंद्र** फिल्मों में आने से पहले एक नॉर्मल जीवन जीते थे और हीरो बनने का सपना देखते थे। फिल्मों में काम पाने से पहले उन्होंने रेलवे में क्लर्क की नौकरी करने के बारे में भी सोचा था, हीरो बनने के सपने को पूरा करने के लिए वह पंजाब से मुंबई आए थे।

### 'ही-मैन' के एक्शन का जलवा

**धर्मेंद्र** अपने एक्शन और शानदार बॉडी के लिए बहुत जल्द मशहूर हो गए थे। अपनी कद-काठी और शानदार फिजिक के चलते उन्हें बॉलीवुड में 'ही-मैन' का टाइटल मिला। उनके एक्शन सीन उस दौर में बहुत पसंद किए जाते थे।

### पहला एक्शन रोल

**उन्होंने** पहली बार 'फूल और पत्थर' जैसी फिल्मों में एक्शन हीरो की इमेज बनाई, जिसने उन्हें रातों-रात सुपरस्टार बना दिया। जहां एक तरफ वह एक्शन करते थे, वहीं रोमांटिक रोल में उनकी सादगी दर्शकों को खा पसंद आती थी।

### धर्मेंद्र ने की दो शादियां

**धर्मेंद्र** का व्यक्ति गत जीवन भी हमेशा सुर्खियों में रहा है। उन्होंने पहली शादी प्रकाश कौर से की, जिससे उनके 4 बच्चे भी हुए। वहीं बाद में उन्होंने अपनी को-एक्ट्रेस हेमा मालिनी से शादी की, उनके इस शादी से इंडस्ट्री में बवाल मच गया था।



## 08 दिसंबर 1935 24 नवंबर 2025

### शराब पीने की ऐसी लगी आदत

**धर्मेंद्र** ने अपनी एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि शराबी के किरदार निभाते हुए उन्हें शराब पीने की आदत पड़ गई थी। उन्होंने बताया था कि परफेक्शन के लिए वह अक्सर सेट पर थोड़ी-सी शराब पी लेते थे, जिससे उन्हें उस किरदार को निभाने में मदद मिलती थी।

### जीवन की चुनौतियां और विवाद

**हेमा** मालिनी से शादी को लेकर धर्मेंद्र की छवि पर सवाल उठे- 'वुमनाइजर' जैसे आरोप भी लगे थे, लेकिन उनकी पहली पत्नी प्रकाश कौर ने हमेशा उनका साथ दिया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि धर्मेंद्र ने लंबे समय तक 'दोहरा जीवन' जिया- एक पत्नी के साथ घर में और दूसरी पत्नी के साथ अलग घर में। उनकी पारिवारिक जटिलताएं, सुर्खियों में रहना, लेकिन साथ ही अपने व्यक्ति गत और पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखना- यह उनकी जिंद्री का अनूठा संतुलन था।

## अंतिम समय और निधन

*धर्मेंद्र को हाल ही में मुंबई के ब्रिच कैंडी अस्पताल में सांस की तकलीफ के कारण भर्ती किया गया था। उनकी हालत नाजुक बनी रही, और उनकी मृत्यु 89 वर्ष की आयु में हो गई। उनका अंतिम संस्कार बॉलीवुड और जनता के लिए एक भावुक मोड़ था-उन्हें 'एक युग का अंत' कहा गया है। उनके निधन पर देशभर के सितारों और प्रशंसकों ने श्रद्धांजलि दी-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि उनका जाना 'भारतीय सिनेमा का एक युग खत्म होना है।'*

## जीवन का सफर और दिलचस्प किस्से

### शुरुआती जीवन और पृष्ठभूमि

**धर्मेंद्र** का जन्म 8 दिसंबर 1935 को पंजाब के नसराली (लुधियाना) में हुआ था। उनके पिता केवल कृष्ण देओल स्कूल के प्रधानाध्यापक थे और मां सतवंत कौर थीं। बचपन में उन्होंने गांव की जिंदगी बसर की- खेती, जानवरों के बीच, मिट्टी की खुशबू में। उनकी जड़ों से नाता बहुत गहरा था। कुछ स्रोतों में कहा जाता है कि वे अपने पशुओं की देखभाल खुद करते थे और खेतों में समय बिताना उन्हें बहुत प्रिय था। शिक्षा उन्होंने लुधियाना-मंडी फगवाड़ा के स्कूलों में पाई। बाद में 1950 के दशक में उन्होंने मुंबई (तब बॉम्बे) के लिए कदम रखा, फिल्मों की दिशा में।

### फिल्मी करियर की शुरुआत और उभार

**धर्मेंद्र** ने 1960 में 'अरुजुन हिंगोरानी' की फिल्म 'दिल भी तेरा, हम भी तेरे' से अभिनय की शुरुआत की। उनकी शुरुआत उतनी जोर-शोर की नहीं थी, लेकिन धीरे-धीरे उनकी काबिलियत और करिश्मा सामने आया। 1960-70 के दशक में उन्होंने रोमांटिक, ड्रामा और थ्रिलर जैसी विविध शैलियों में काम किया- 'बंदिनी', 'अनुपमा', 'फूल और पत्थर', 'हकीकत' जैसी फिल्में उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन थीं। फिर आया वह दौर जब उन्होंने 'एक्शन और 'ही-मैन' इमेज को अभिव्यक्ति दी। 1970-80 के दशक में धर्मेंद्र एक्शन स्टार के रूप में छा गए।

### शोले और अमिताभ के साथ दोस्ती का दिलचस्प किस्सा

**उनकी** एक सबसे रोमांचक और चर्चित फिल्म 'शोले' (1975) है, जहां उन्होंने 'वीरू' की भूमिका निभाई और अमिताभ बच्चन 'जय' बने। एक दिलचस्प बात यह है कि धर्मेंद्र ने खुद बच्चन को 'जय' की भूमिका पाने में मदद की थी। उनका मानना था कि अमिताभ में कुछ खास प्रतिभा है, और उन्होंने प्रोडक्शन-क्रू के बीच उसका समर्थन किया। पर्दे पर जहां जय-वीरू की जोड़ी अमर हो गई, वहीं असल जिंदगी में भी धर्मेंद्र और अमिताभ के बीच सम्मान और दोस्ती रही।

### मस्ती और शरारत की छाप सेट के पीछे के किस्से

**एक** मजेदार किस्सा धर्मेंद्र और 'शोले' की शूटिंग के दौरान का है। कहा जाता है कि धर्मेंद्र सेट पर कैमरेमैन जिम द्वारा लाया गया बीयर चुपके-चुपके पीते थे, और उसे 'लस्सी' कहकर छुपाते थे, लेकिन यह चाल अभिनेत्री 'मौसमी चटर्जी' ने पकड़ ली थी और सबको हंसी में शामिल कर दिया। इस किस्से से उनकी मस्ती-भरी और सहज प्रकृति का पता चलता है।

### प्यार-झगड़े और दो शादियां

**धर्मेंद्र** ने बहुत कम उम्र, लगभग 19 साल की उम्र में 1954 में, प्रकाश कौर से शादी की थी। उनके चार बच्चे हुए- दो बेटे (सनी देओल और बॉबी देओल) और दो बेटियां। बाद में, उनकी ऑन-स्क्रीन जोड़ी हेमा मालिनी के साथ प्यार हुआ, और दोनों ने 2 मई 1980 को शादी की, लेकिन यह शादी विवादों से खाली नहीं थी, क्योंकि उन्होंने पहली पत्नी प्रकाश कौर से तलाक नहीं लिया था। हेमा मालिनी और धर्मेंद्र कभी एक ही घर में न रहकर भी परिवार को मैन्टेन करने में कामयाब रहे। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, धर्मेंद्र ने इस्लाम धर्म अपना लिया था ताकि कानूनी तौर पर हेमा मालिनी से विवाह कर सकें, क्योंकि उस समय हिंदू-कानून और धार्मिक मानदंडों के चलते शादी करना जटिल था।

### एक सरल, जमीन से जुड़ा इंसान

**धर्मेंद्र** की जिंदगी में 'ही-स्टार' के साथ-साथ 'किसान' की झलक बहुत साफ थी। वे प्रकृति से दिल के बहुत करीब थे-खेत, जानवर, पेड़-पौधे उनके जीवन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा था कि मिट्टी से रिश्ता न टूटे-वही हमें शक्ति देती है। उनकी साधारण जीवनशैली उनके प्रशंसकों के लिए भी प्रेरणा थी। उन्होंने यह भी मान्यता दी कि पारंपरिक पंजाबी खान-पान, जैसे सरसों का साग, मक्की की रोटी और लस्सी, उनकी सेहत की एक बड़ी कुंजी रही है।

### राजनीति और बाद का करियर

**धर्मेंद्र** केवल फिल्मी दुनिया तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने राजनीति में भी कदम रखा। वे 2004-2009 तक लोकसभा सांसद रहे, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में। 2000 के बाद उन्होंने चरित्र भूमिका लेना शुरू किया- पिता-रूप, दादा-रूप या सपोर्टिंग रोल्स में भी उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। उनकी फिल्मों की सूची में 300 से भी अधिक फिल्में शामिल हैं। यह उनकी बहुमुखी प्रतिभा और लंबे करियर का परिचायक है।

### संपत्ति, परिवार और विरासत

**धर्मेंद्र** के छह बच्चे हैं-चार पहले विवाह से- सनी, बॉबी, अजीता, विजेता और हेमा मालिनी से ईशा और आहाना। उनकी संपत्ति को लेकर चर्चा है। माना जाता है कि उनकी कुल संपत्ति लगभग 450 करोड़ रुपए तक हो सकती है। दोनों पत्नियों के बीच संपत्ति विभाजन और कानूनी विरासत को लेकर कुछ जटिलताएं भी रही हैं, जिसने मीडिया और फैंस का ध्यान आकर्षित किया है।

# 26 कंपनियों में निवेश और 120 करोड़ का फॉर्म हाउस

**बॉलीवुड के लीजेंड एक्टर और पद्म भूषण धर्मेंद्र न केवल बेहतरीन एक्टर थे, बल्कि उनके पास करोड़ों की संपत्ति भी है। उन्होंने करीब 26 कंपनियों के शेयरों में 508.3 करोड़ रुपए का निवेश किया हुआ था। उनके पास मुंबई के लोनेवाला में एक फॉर्म हाउस भी है, जिसकी कीमत 120 करोड़ रुपए के आसपास बताई जाती है। उन्होंने विजयता फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड नामक प्रोडक्शन हाउस की भी शुरुआत की थी, आज जिसका सालाना टर्नओवर 360 लाख करोड़ रुपये बताया जाता है।**

## 100 एकड़ में फॉर्म हाउस

**जौबाकॉर्प,** ट्रैक्सन और ट्रेंडलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, एक्टर धर्मेंद्र का फॉर्म हाउस मुंबई-पुणे के बीच लोनावाला में स्थित है, जिसे 'फार्महाउस' के रूप में जाना जाता है। यह उनकी पहली पत्नी प्रकाश कौर के साथ निवास एवं जैविक खेती के लिए जाना जाता है। इसका कुल क्षेत्रफल 100 एकड़ है, जिसमें फल-सब्जियों की खेती की जाती है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, धर्मेंद्र की यह संपत्ति 100 से 120 करोड़ रुपए की है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में इसे 300 करोड़ रुपये की संपत्ति बताया गया है।

## पंजाब में धर्मेंद्र की संपत्ति

**एक्टर** धर्मेंद्र का जन्म पंजाब के साहनेवाल गांव में हुआ था। वहां पर उनका पैतृक हवेली अब भी मौजूद है। धर्मेंद्र की पैतृक संपत्ति लुधियाना जिले में केंद्रित है, जिसमें डंगो, साहनेवाल और अजीत नगर क्षेत्र शामिल हैं। 2015 में उन्होंने हम्ब्रन रोड पर 2.5 एकड़ भूमि का हस्तांतरण किया था. धर्मेंद्र ने 1983 में खोला प्रोडक्शन हाउस एमसीए रजिस्ट्रेशन के अनुसार, अभिनेता धर्मेंद्र ने साल 1983 में विजयता फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की। यह मुंबई के जुहू में स्थित है। इसमें धर्मेंद्र, अजय सिंह देओल और विजय सिंह देओल निदेशक हैं। इस प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले 1983 में पहली फिल्म बेताब बनी, जिसके जरिए सनी देओल को बॉलीवुड में लॉन्च किया गया। धर्मेंद्र का 26 कंपनियों के शेयरों में निवेश सेबी और एमसीए में दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, अभिनेता धर्मेंद्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही तक 26 कंपनियों के शेयरों में निवेश किया है, जिसका कुल मूल्य करीब 508.3 करोड़ रुपए है. इनमें टेलरमेड रिन्यूएबल्स (75.3 करोड़), कलिंड लिमिटेड (124.4 करोड़), यश ऑप्टिक्स (65.1 करोड़), एटुल ऑटो (62.8 करोड़), विंडसर मशीन्स (54.9 करोड़) और गोकुल रिफॉइल्स (32.1 करोड़) प्रमुख हैं।

## 300 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**धर्मेंद्र** हिंदी सिनेमा के सबसे सम्मानित और लोकप्रिय सितारों में से एक रहे। 7 दशकों से अधिक लंबे करियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उन्हें कुछ समय पहले फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। धर्मेंद्र जल्द ही अमिताभ के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म इक्कीस में भी नजर आने वाले हैं । ये एक्टर की आखिरी फिल्म है, जो इसी साल 25 दिसंबर को रिलीज होगी।






## 'ही-मैन' बने वास्तविक इंसान

धर्मेंद्र सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि वे एक जीवंत मिथक, 'ही-मैन' बने वास्तविक इंसान थे। उनकी झबदार स्क्रीन प्रेजेंस, मस्ती भरी शरारत, गहरा प्यार, और जमीनी जीवन-संस्कार ने उन्हें दर्शकों के दिलों में एक अमिट छाप दी। उनकी कहानियाँ (जैसे बीयर छुपाना, सेट पर मजाक, अमिताभ को भूमिका दिलाना) हमें याद दिलाती हैं कि वह न सिर्फ बड़े सितारे थे, बल्कि सरल, हंसमुख और जन-मानस के करीब इंसान थे। उनकी विरासत- फिल्में, परिवार, सादगी आने वाले समय में भी उनके चाहने वालों को प्रेरित करती रहेगी। धर्मेंद्र का जाना बॉलीवुड के लिए सचमुच एक युग का अंत है, लेकिन उनकी कहानियां, उनकी शख्सियत और उनकी फिल्मों का जादू हमेशा जीवित रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पहली दिसंबर से शुरू होंगी इग्नू की परीक्षाएं

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की दिसंबर टर्म-एंड परीक्षाएं 1 दिसंबर से पूरे देश में एक साथ आरंभ होंगी। स्टडी सेंटर 1187 के समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने बताया कि विद्यार्थी अपना एडमिट कार्ड इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर लें, क्योंकि यह परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए अनिवार्य है। एडमिट कार्ड के साथ मान्य फोटो पहचान पत्र भी लाना होगा। विश्वविद्यालय ने परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं, इसलिए विद्यार्थी समय से केंद्र पर पहुंचें।

### चनौर बडल, भलवाल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** 11 केवी बडल फीडर की आवश्यक मरम्मत व रखरखाव के चलते मंगलवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे नंगल चौक, आरा चौक, बतबाड़, रोडी कोडी, चनौर बडल, निचला भलवाल, जम्बाल, बस्सी, बही आदि क्षेत्र प्रभावित होंगे। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डाडासीबा ई. दिनेश कुमार ने दी। उपभोक्ताओं से बिजली बिल जमा कराने का आग्रह किया गया है, अन्यथा कनेक्शन बिना नोटिस काट दिया जाएगा।

### केंद्र की नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कल

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** 26 नवंबर को देशभर में किसान-मजदूर केंद्र सरकार की जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करेंगे। इसी क्रम में जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में संयुक्त किसान-मजदूर संगठनों द्वारा शांतिपूर्ण धरना और रैली निकाली जाएगी। जाएगी। इस रैली में किसान नेता राकेश सिंघा उपस्थित होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि संकट, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, महंगाई, मनरेगा में कटौती और मजदूर-विरोधी कानूनों के खिलाफ आवाज उठाना है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किसान, मजदूर, महिलाएं और युवा इसमें भाग लेंगे।

### कैडेट्स ने अनुशासन और एकता का किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयहसिंहपुर में सोमवार को एनसीसी दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मैदान में परेड से हुई, जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन और एकता का प्रदर्शन किया। कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रो. रजनी ने संगठन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्त्व और राष्ट्रभक्ति की भावना बढ़ाता है। छात्रों और शिक्षकों ने प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा और देश सेवा की भावना के साथ समापन हुआ।

### शाहपुर में अंडर-17 कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर की मझग्राम पंचायत में सत्यम युवा क्लब की ओर से सोमवार को अंडर-17 कबड्डी टूर्नामेंट आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता राकेश चौहान और शाहपुर फुटबाल एसोसिएशन अध्यक्ष केवल शर्मा उपस्थित रहे। आठ टीमों के मुकाबले में फाइनल रैत और शाहपुर क्लब के बीच हुआ, जिसमें शाहपुर क्लब विजयी रहा। राकेश चौहान ने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए स्थानीय खेल मैदानों की अहमियत बताई और आयोजकों प्रजल व आशीष को उनके प्रयासों के लिए सराहा।

### सरकार किताबों में भर रही राजनीति : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश एबीवीपी के सह मंत्री अभिनव चौधरी ने धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था में राजनीतिक हस्तक्षेप और हिमाचल शिक्षा बोर्ड की पुस्तकों का कांग्रेसरण निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि राजनीतिक सामग्री हटाई जाए और शिक्षा तटस्थ, विद्यार्थी केंद्रित व कौशल आधारित हो। चौधरी ने चेताया कि यदि सरकार नीति नहीं बदली तो एबीवीपी प्रदेशभर में छात्र आंदोलन चलाएगी और छात्रों के अधिकारों की रक्षा करेगी।

### कैप्टन विनोद बने जयसिंहपुर के अध्यक्ष

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आम आदमी पार्टी, जिला पालमपुर की संगठनात्मक बैठक जिला कांगड़ा के पर्यवेक्षक पूर्ण चंद की अध्यक्षता में जिला पालमपुर के अध्यक्ष शेर सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में जयसिंहपुर, बैजनाथ और पालमपुर विधानसभा क्षेत्रों की कार्यकारिणी गठन पर चर्चा हुई। जयसिंहपुर के अध्यक्ष कैप्टन विनोद चाडक, सुलह के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा, बैजनाथ के अध्यक्ष मिलाप चौधरी और पालमपुर के अध्यक्ष विजय कुमार चुने गए। पर्यवेक्षक ने चयनित अध्यक्षों को मार्गदर्शन और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के निर्देश दिए। सभी पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूत करने और दिशा-निर्देश लागू करने का संकल्प लिया।

### टॉप 10 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन पीएम श्री राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगथ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सरकार उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। विद्यालय में नई क्लासरूम, परीक्षा भवन, खेल मैदान सुधार और छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए टॉप 10 को प्रोत्साहन राशि और हवाई यात्रा के शैक्षिक भ्रमण की घोषणा की।

### बैजनाथ में एसडीएम ने किया संयुक्त निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी संकल्प गौतम ने मंदिर पार्किंग से चौबीन चौक तक अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने बढ़ते यातायात, अनियंत्रित पार्किंग, अतिक्रमण और स्वच्छता की कमी का मूल्यांकन किया। बस, हल्के व दोपहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग स्थल चिन्हित करने, नो पार्किंग जोन के बोर्ड लगाने और उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अवैध कब्जों को हटाने और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

### दुकानों के ताले तोड़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला ने डिपो बाजार और शीला में दुकानों के ताले तोड़ने के आरोप में छत्तीसगढ़ निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपी ने चोरी की घटनाओं की पुष्टि की और डिपो बाजार से दो हजार रुपए की नकदी बरामद हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसे हिरासत में लिया। आरोपी सरिए का उपयोग कर ताले तोड़ता था। एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि आरोपी से अन्य चोरी के मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।

### रक्कड़ में आंवला कैंडी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम 2025-26 के तहत सोमवार को ग्राम रक्कड़ में निफ्टेम-कुंडली की टीम द्वारा ग्रामीणों के लिए आंवला कैंडी प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। 10 विद्यार्थियों और 4 संकाय सदस्यों ने गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस, स्वच्छता, हाइजीन, पैकेजिंग, लेबलिंग और पोषण जानकारी पर मार्गदर्शन दिया। लाइव डेमोंस्ट्रेशन में स्टीमिंग विधि से आंवला कैंडी बनाने का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों को स्टेंडअप जिप पाउच, फूड-ग्रेड कंटेनर और श्रिंक पैकेजिंग के लाभ तथा टिकाऊ प्रस्तुति के बारे में भी जानकारी दी गई।

### राजा का तालाब में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, राजा का तालाब।** पीएम श्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजा का तालाब में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैहन के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार विशिष्ट के मुख्यातिथि रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने स्वयंसेवियों को पर्यावरण संरक्षण और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अक्षिका और वंश कौंडल को सम्मानित किया गया तथा प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### भाजपा 4 दिसंबर को करेगी धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा 4 दिसंबर को जोरावर स्टेडियम, धर्मशाला में विशाल धरना-प्रदर्शन करेगी। पूर्व मंत्री विपिन परमार ने कहा कि कांग्रेस ने झूठी गारंटियों के सहारे सरकार बनाई, लेकिन अब जनता के हितों की अनदेखी कर रही है। मुख्यमंत्री डिजास्टर एक्ट का बहाना बनाकर पंचायत चुनाव टाल रहे हैं और प्रभावितों को कोई राहत नहीं दी गई। भाजपा संगठन ने प्रदर्शन की रणनीति तय की और जनता को जागरूक करने का संकल्प लिया।

### विधायक ने किया प्रशासनिक भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने अवेरी स्कूल एवं बैजनाथ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने 60 लाख रुपए से निर्मित अतिरिक्त भवन और 10 लाख रुपए के प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार और 11-11 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। विधायक ने नशे से दूर रहने और जागरूक रहने का संदेश दिया।

### युवाओं को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** हिमाचल पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम कांगड़ा ने गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज देहरा में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल देहरा सहित विभिन्न संस्थानों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल ने नशे के दुष्प्रभावों पर जोर देते हुए युवाओं से खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। उप महाप्रबंधक सतीश ठाकुर ने छात्रों को नशामुक्त समाज बनाने और जागरूक रहने का संकल्प दिलाया।

# स्मार्ट मीटर में बदलेंगे पुराने बिजली मीटर

## कांगड़ा, चंबा और हमीरपुर जिले में स्मार्ट मीटर कार्य अवार्ड

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेशभर में पुराने बिजली मीटर्स को स्मार्ट मीटर्स में बदला जाएगा। इसके लिए कांगड़ा, चंबा व हमीरपुर जिले में कार्य भी अवार्ड हो चुके हैं।

पुराने मीटर्स के स्मार्ट मीटर्स में तबदील होने से जहां बिल मिसिंग की समस्या दूर होगी। वहीं, तकनीकी नुकसान भी कम होगा। कांगड़ा जिले में धर्मशाला में पहले ही स्मार्ट मीटर्स का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि जिला के अन्य हिस्सों में पुराने बिजली मीटर्स की जगह स्मार्ट मीटर्स लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। शिमला के बाद अब धर्मशाला, मंडी व हमीरपुर जोन के उपभोक्ता भी स्मार्ट मीटर की सुविधा का लाभ ले सकेंगे। गौरतलब है कि प्रारंभिक चरण में स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट धर्मशाला और शिमला में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया था, जिसके परिणाम अच्छे आने पर अब प्रदेशभर में पुराने मीटर्स को स्मार्ट मीटर्स से बदला जाएगा। उपभोक्ता अपनी बिजली खपत को ऑनलाइन देख सकेंगे और ऑनलाइन ही भुगतान भी कर सकेंगे।

**बिल मिसिंग की समस्या होगी दूर तकनीकी नुकसान भी होगा कम**

इस प्रोजेक्ट में उपभोक्ताओं को प्रीपेड व पोस्पेड का विकल्प भी मिलेगा। इससे बिजली बोर्ड को रिकवरी में सुधार की उम्मीद है। प्रोजेक्ट के तहत मीटर्स के साथ बिजली की तारों व खंभों में भी सुधार किया जाएगा। उधर, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के नार्थ जोन के चीफ इंजीनियर अजय गौतम का कहना है कि धर्मशाला डिवीजन में स्मार्ट मीटर का प्रोजेक्ट किया था। बिजली बिल के संबंध में गलत बिल जाने की जो समस्या रहती थी, वे अब दूर हो गई है। टेक्निकल नुकसान भी कम हुआ है। समय पर बिल जाने पर समय पर उसका भुगतान भी हो जाता है। स्मार्ट मीटर का प्रोजेक्ट धर्मशाला और शिमला में सफल होने के बाद सरकार ने इसे पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। इस दिशा में पहले शिमला में काम हुआ, जबकि अब जिला कांगड़ा, चंबा व हमीरपुर का कार्य भी अवार्ड हो चुका है। जिला कांगड़ा में हाल ही में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू हुआ है।

### 9.78 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस की विशेष टीम ने गश्त के दौरान बरसवाकड नजदीक शनि मंदिर के प्रांगण बैच पर बैठे 31 वर्षीय निखिल निवासी गांव पलवाला डाकघर द्रगेला तहसील शाहपुर व 25 वर्षीय अभिनंदन शर्मा निवासी डोहब तहसील शाहपुर के कब्जे से 9.78 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया तथा पुलिस थाना गगल में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध धंधे में सक्रिय थे और निरंतर पुलिस की निगरानी में थे।

## आरएस बाली ने सखी निवास छात्रावास का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**नगरोटा** विधानसभा क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के रहने के लिए सखी निवास छात्रावास भवन का निर्माण बेहद लाभकारी साबित होगा। वे अपने कार्यों को और अधिक दृढ़ता से कर पाएंगी।

यह बात पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने रजियाना पंचायत में कामकाजी महिलाओं के लिए बनाए जा रहे सखी निवास छात्रावास के शिलान्यास करते हुए कही। इसका शिलान्यास उन्होंने गांव के बुजुर्गों से करवाया इस मौके पर उनके साथ समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाएं प्रतिदिन अपने कार्य पूर्ति के लिए घर से निकलकर अपने कार्य स्थल पर जाती हैं यदि उन महिलाओं के रहने के लिए एक स्थाई व्यवस्था होगी, तो वह अपने कार्यों का निर्वहन और अधिक दृढ़ता से कर सकेंगी। उनके बच्चों को रहने के लिए और उनकी देखरेख के लिए एक स्थाई व्यवस्था मिलने से फोन पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया इस छात्रावास पर 8.34 करोड़ रुपए की लागत आएगी। छात्रावास में लगभग 50 कमरे बनाए जाएंगे, जिसमें विभिन्न कार्यालय में कार्य कर रही महिलाओं के रहने की व्यवस्था होगी। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को निश्चित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इसी तरह का छात्रावास नगरोटा महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए भी तैयार किया जा रहा है।

### जिला कांगड़ा में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन सृजन अभियान राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया है, जिसका उद्देश्य संगठन को पुनः नए सिरे से मजबूत करना है। जिला कांगड़ा के प्रभारी विकार रसूल ने धर्मशाला में बताया कि हैदराबाद बैठक में लिए गए निर्णय के बाद यह अभियान गुजरात से शुरू होकर अब हिमाचल व जम्मू-कश्मीर में चल रहा है। नए जिलाध्यक्षों और ब्लॉक अध्यक्षों के चयन हेतु प्रक्रिया बदली गई है, जिसके तहत आब्जर्वर, मंत्री, पूर्व मंत्री और विधायक जमीनी कार्यकर्ताओं से राय लेंगे। पंचायत व ब्लॉक स्तर पर विचार-विमर्श कर पैनल तैयार किए जाएंगे और गांव स्तर तक कमेटियां बनाई जाएंगी। नई नियुक्तियों से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### धीरा और कुहाना में कल दो घंटे बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान डरोह।** धीरा में नवनिर्मित मिनी सेक्रेट्रिएट भवन के विद्युतिकरण के लिए 250 केवीए ट्रांसफार्मर रखा जाना है। इसके लिए 11 केवी धीरा फीडर के तहत आने वाली ग्राम पंचायतों धीरा, कुहाना, नौरा, डईं और गांव रक्कड़ की विद्युत आपूर्ति 26 नवंबर को 2 घंटे बाधित रहेगी। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार ने दी, साथ ही उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### रोगी मित्रों की भर्ती करना बेरोजगारों के साथ अन्याय : मनजीत डोगरा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आउटसोर्स आधार पर 1000 रोगी मित्रों की पांच वर्षीय भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्पष्ट करे कि पांच वर्ष बाद इन युवाओं का भविष्य क्या होगा। बिना ठोस नीति के सीमित अवधि के लिए भर्ती करना बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि शिक्षित व प्रशिक्षित युवा तभी अपनी क्षमता से प्रदेश की सेवा कर सकेंगे जब उनका रोजगार सुरक्षित हो। डोगरा ने मांग की कि सरकार स्थाई भर्तियों और सुरक्षित भविष्य के लिए ठोस नीति बनाए।

### वित्त विभाग की अधिसूचना को प्राथमिकता से किया जाए लागू : कल्याण भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने राज्य के समस्त पेंशनधारकों की ओर से वित्त विभाग, विशेषकर प्रधान वित्त सचिव का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने 21 नवंबर को जारी अधिसूचना के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि पेंशन एवं परिवार पेंशन के पुनर्निधारण से जुड़े सभी लंबित प्रकरण तत्काल प्रधान लेखा परीक्षक को प्रेषित किए जाएं।



एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याण भंडारी ने बताया कि यह आदेश उन हजारों पेंशनभोगियों के लिए राहतकारी है, जिनकी पेंशन 1 जनवरी, 2016 से छठे वेतन आयोग के पे मैट्रिक्स लेवल के अनुरूप संशोधित नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि पेंशन वरिष्ठ नागरिकों का संवैधानिक और अर्जित वित्तीय अधिकार है। विभागीय विलंब, अपूर्ण प्रलेखन और अनुपालन की ढिलाई के कारण कई पात्र पेंशनर अब तक संशोधित पेंशन और एरियर प्राप्त नहीं कर पाए। भंडारी ने कहा कि एसोसिएशन का विभागाध्यक्षों और संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया है कि अधिसूचना को प्राथमिकता से लागू करें, लंबित मामलों की सूची तैयार करें और आवश्यक सत्यापन सुनिश्चित करें।

## जसवां-परागपुर में संजीवनी बनकर उभरे संजय पराशर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जसवां-परागपुर** क्षेत्र के कई गांवों में आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी, आर्थिक तंगी से जूझते परिवार और बीमार लोगों की विवशता साफ दिखाई देती है, लेकिन इन्हीं विपरित परिस्थितियों के बीच कैप्टन संजय पराशर की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता ने लोगों की उम्मीदों को सहारा दिया है और हर जरूरतमंद परिवार के लिए पराशर संजीवनी की तरह काम कर रहे हैं। पराशर के प्रयास सामाजिक सेवा के साथ मानवीय उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण है। पिछले दिनों में संजय पराशर ने धरातल पर कई ऐसे कार्य किए हैं, जिससे लोगों के चेहरों पर आई राहत की चमक उनके कार्यों की सार्थकता को बयान करती है।

**अलोह से सेहरी तक संजय पराशर की सेवा यात्रा जारी**

सेहरी गांव में पीने के पानी की समस्या के समाधान के लिए पराशर ने अपने संसाधनों से गांव में पीने के पानी की टंकी का निर्माण करवाया है। अलोह पंचायत में बाबा पहाड़िया कीर्तन मंडली के लिए 20 गद्दे, 20 कुर्सियां और दो दरियां उपलब्ध करवाना भी संजय की संवेदनशीलता का ही उदाहरण है। यह सहायता सिर्फ सामग्री का दान नहीं, सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक आयोजनों को सम्मान देने का प्रतीक है। मंडली की प्रधान अरुणा चौधरी कहती हैं कि संजय जनता के सच्चे सेवक हैं, जो बिना किसी दिखावे के समाज की जरूरतों को पहचानते हैं। पिछले दो महीनों में संजय पराशर ने गरीब परिवारों की 23 बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग दिया। उन परिवारों के लिए यह सहायता केवल धनराशि नहीं थी, सामाजिक सुरक्षा और सम्मान का एहसास था। वहीं, इसी समयावधि में गंभीर बीमारी से जूझ रहे 14 लोगों की आर्थिक मदद कर उन्होंने यह साबित किया कि मानवीय सेवा एक निरंतर चलने वाला कार्य है, जिसे वह पूरे मन से निभा रहे हैं। इतना ही नहीं किसी गरीब परिवार में असमय मृत्यु हो जाने पर संजय स्वयं पहुंचकर शोकग्रस्त लोगों को ढांढस बंधाते हैं और इस कठिन समय में आर्थिक सहयोग भी देते हैं। संजय की पत्नी सोनिका पराशर भी इस मिशन का अहम हिस्सा हैं। सोनिका का कहना है कि संजय सदैव उस व्यक्ति की चिंता करते हैं, जो समाज में अंतिम पायदान पर खड़ा है। वह बताती हैं कि संजय वर्षों से अपने संसाधनों को समाजहित में समर्पित करते आए हैं। यही सोच उन्हें सामान्य सेवकों की श्रेणी से उठाकर एक प्रेरक व्यक्तित्व बनाती है। समाज के विकास और कमजोर वर्गों के उत्थान में संजय की निरंतरता उन्हें लोगों की उम्मीदों का केंद्र बना रही है।

### पल्स मेडिसिटी हॉस्पिटल शाहपुर में मेगा हेल्थ कैंप शुरू

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शाहपुर का पल्स मेडिसिटी हॉस्पिटल में लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सोमवार से हेल्थ मेगा कैंप का आयोजन शुरू किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी ने शिरकत की। यह शिविर 26 नवंबर तक रहेगा। शिविर में शुगर की जांच, हड्डियों और खून की जांच की गई। पल्स मेडिसिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा के मुताबिक कैंप में 200 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। ओपीडी सुविधा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हिशे पालमू, एमडी मेडिसिन डॉ. अनु यार्के, ऑर्थो के डॉ. शुभम, अल्ट्रासाउंड डॉ. दीपक, डॉ. अंकुर, डॉ. आरके और एमडी रिपिन हीरा ने सेवाएं दी। प्रबंध निदेशक रिपिन हीरा के अनुसार, शिविर में चिकित्सा परामर्श, शुगर टेस्ट और हड्डियों की जांच मुफ्त की जाएगी, जबकि लैब टेस्ट, एक्स-रे और एसीजी पर पर 30 फीसदी की छूट दी जाएगी तथा दवाइयों पर 20 फीसदी छूट दी जा रही है और अल्ट्रासाउंड सिर्फ 500 रुपए में किया जा रहा है। यह शिविर 26 नवंबर तक रहेगा।



शिविर में शुगर जांच के अलावा हड्डियों और खून की भी जांच की गई।

## श्रीराम जन कल्याण फाउंडेशन की 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध' मुहिम

### युवाओं को नशे से दूर करने व खेलों के प्रति प्रेरित करने की पहल



धर्मशाला में श्रीराम जन कल्याण फाउंडेशन ने किया हिमाचल प्रीमियर लीग का आयोजन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**श्रीराम** जन कल्याण फाउंडेशन ने 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध' मुहिम शुरू की है। फाउंडेशन की ओर से युवाओं को नशे से दूर कर खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से नई पहल की गई है। इसके तहत धर्मशाला में हाल ही में फाउंडेशन की ओर से हिमाचल प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक सभ्य लोहटिया ने कहा कि आज का युवा नशे के गर्त में धंसता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मुहिम का लक्ष्य यह है कि हिमाचल प्रीमियर लीग से जुड़ने वाला हर खिलाड़ी अपने साथ 50 युवाओं को जोड़े। उन्होंने कहा कि नशा कहां बिकता है, कौन नशे का आदि है, इस बारे में युवाओं को पता होता है। ऐसे में युवाओं के माध्यम से पुलिस के सहयोग से नशा बेचने वालों पर शिकंजा कसा जा सकता है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई नशे के खिलाफ मुहिम को समाज के हर वर्ग के बीच में ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रीमियर लीग के प्रतिभागी खिलाड़ियों को चंडीगढ़ स्थित सीबिटस द्वारा स्कॉलरशिप प्रदान किए गए हैं, जिनका लाभ युवाओं को अपनी पढ़ाई व विभिन्न कोर्सिस में मिलेगा। इस अवसर पर सीबिटस के निदेशक नवनीत शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रो. सत प्रकाश बंसल को मिला अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार 2025 अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. (डॉ.) सत प्रकाश बंसल को वाशिंगटन डीसी में आईएबी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके शिक्षा, अनुसंधान, सेवा और वैश्विक अकादमिक योगदान के लिए दिया गया। कुलपति बंसल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन, कौशल विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में अमेरिका और नेपाल की प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन स्थापित हुए, जिससे उच्च शिक्षा में वैश्विक साझेदारियों को बढ़ावा मिला।

### नई जोड़ी



झिड़ीवाला के शमशेर सिंह और चनालमाजरा की 'प्रीति देवी को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



चनलमाजरा के असलम का अदुवाल की आश्मा से निकाह होने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### श्रेय अवस्थी की पुस्तक का विमोचन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक श्रेय अवस्थी ने अपनी पुस्तक 'सनातन सत्यम् : न आदि, न अंत' का शाहपुर में विमोचन करवाया। पुस्तक का विमोचन शाहपुर के पूर्व विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर विजय सिंह मनकोटिया के जन्मदिवस पर उनसे करवाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय बुजुर्गों, युवाओं तथा बुद्धिजीवियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। श्रेय अवस्थी ने कहा कि उनकी यह पुस्तक सनातन धर्म की अखंडता, अनंतता और जीवन मूल्यों को नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि सनातन शक्ति और सांस्कृतिक ऊर्जा का संदेश है, जिसे वे देश की युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेजर मनकोटिया ने श्रेय अवस्थी के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति जब अपने संस्कृति, धर्म और राष्ट्र के मूल्यों पर गहराई से अध्ययन करती है, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा और भी मजबूत होती है।

### डाडासीबा स्कूल में मेधावी विद्यार्थी नवाजे



**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा काशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इसमें पूर्व उपाध्यक्ष कामगार कल्याण बोर्ड सुरिंद्र सिंह मनकोटिया मुख्य अतिथि व उनकी धर्मपत्नी रजनी मनकोटिया विशेष अतिथि रहीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति, नशा मुक्ति, प्रदूषण और लोक-संस्कृति पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को शिक्षा, खेल और संस्कृति में सक्रिय भागीदारी तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य कुलदीप सिपेहिया, पूर्व जिला परिषद गुरदास राम, पूर्व प्रधान धर्मचंद, व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, जॉन अध्यक्ष मुल्तान सिंह, उपप्रधान परमेश्वरी दास आदि मौजूद रहे।

### कर्नल रमेश ने सम्मानित किए होनहार



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां के मुख्य संरक्षक कर्नल रमेश वालिया मुख्यातिथि रहे। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा और सैन्य करियर के अवसरों के महत्व के बारे में बताया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक पवन डोगरा ने बताया कि स्कूल में अनुशासन, समग्र शिक्षा, नेतृत्व विकास, शारीरिक फिटनेस और देशभक्ति पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कार्यक्रम में कैप्टन सुरेश पराशर, कैप्टन प्रताप सिंह, कैप्टन गुरुचरण सिंह, आर्मी रिटायर्ड रवि कुमार, प्रवेश कुमार और स्टाफ उपस्थित रहे।

### दिल्ली में हिमाचली मेला एवं मिलन समारोह संपन्न



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** दिल्ली में रहने वाले हिमाचलियों की प्रमुख सामाजिक संस्था, हिमाचल कल्याण सभा का 54वां हिमाचली मेला एवं मिलन समारोह नागरिक गृह कल्याण केंद्र, लक्ष्मी बाई नगर, नई दिल्ली में मनाया गया। इस अवसर पर लोक गायक करनैल राणा ने पहाड़ी गीतों से माहौल हिमाचलमयी कर दिया। सभा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यवसायिक क्षेत्र में योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हिमाचली छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में उद्योगपति प्रेम सिंह राणा, शिक्षाविद रमेश चंद शर्मा, महेंदर शर्मा, पालमपुर सुधार सभा अध्यक्ष विजय डोगरा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हिमाचली संस्कृति का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ।

## केवल पठानिया ने मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वैन को किया रवाना

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर स्कूल से मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वैन को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस वैन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के बच्चों तक विज्ञान की जानकारी को उनके द्वार पर पहुंचाना है। यह वैन सभी विज्ञान संकाय वाले स्कूलों में जाएगी। इसमें लगभग 20 प्रकार के विज्ञान मॉडल हैं, जिनके माध्यम से बच्चे व्यावहारिक रूप से विज्ञान की अवधारणाओं को समझ सकेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आधार पर चुने गए पहले 10 उत्कृष्ट बच्चों को इसरो भ्रमण, 10 बच्चों को एटॉमिक सेंटर मुंबई तथा 20 बच्चों को साइंस सिटी जालंधर का शैक्षिक दौरा करवाया जाएगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि वे बच्चों को पालमपुर साइंस सेंटर का भी एक्सपोजर विजिट करवाएं।

### लंज में वन खंड अधिकारी कार्यालय का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को लंज क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया, जिसका निर्माण 2.73 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इससे पूर्व उन्होंने वन खंड अधिकारी कार्यालय और आवास का उद्घाटन भी किया। उपमुख्य सचेतक साईं जयंती कार्यक्रम में सत्य श्री साईं का आशीर्वाद लेने भी पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र में सीएचसी भवन निर्माण का शिलान्यास किया है। इसके बनने से हजारों लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### घायल सांभर ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** उपमंडल स्वारघाट के धार भरथा गांव में सोमवार सुबह खेतों में एक सांभर (बारहसिंगा) घायल अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम व पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। टीम ने घायल सांभर को प्राथमिक उपचार देकर बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वन विभाग ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जंगली जानवरों के संरक्षण को लेकर जागरूकता और सतर्कता जरूरी है। वहीं, इस हादसे से गांव के लोग भी व्यथित हैं। ग्रामीणों ने वन्यजीवों की सुरक्षा बढ़ाने और जंगल क्षेत्रों में नियमित गश्त की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### झंडूता के सेर के पास दो वाहनों में टक्कर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव सेर के पास सुबह ही दो गाड़ियों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में हिमाचल प्रदेश नंबर की टाटा टियागो कार और हरियाणा नंबर की महिंद्रा आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई और सभी यात्री सुरक्षित हैं। सूचना मिलते ही पुलिस थाना झंडूता की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटवाया और यातायात बहाल करवाया। वर्तमान में पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दोनों चालकों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। आगामी कानूनी कार्रवाई जारी है। मामले की पुष्टि करते हुए एक एस आई झंडूता अश्वनी कुमार ने बताया कि सुबह धुंध के कारण यह हादसा हुआ। सड़क पर एक आवारा पशु आ गया था । पशु को बचाते हुए यह घटना हुई। सूचना मिलते ही पुलिस झंडूता पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई जारी है।

### पटेल की जयंती पर झंडूता में निकाला यूनिटी मार्च

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सोमवार को शहीद अश्वनी कुमार मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंडूता में जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत बिलासपुर के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम में झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने स्कूल से झंडूता कॉलेज तक लगभग 3 किलोमीटर लंबे 'यूनिटी मार्च' में भाग लिया। अपने संबोधन में कटवाल ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एकजुट कर भारत की एकता और अखंडता की नींव रखी। उनके दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति ने उन्हें लौह पुरुष का दर्जा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी सरदार पटेल की दूरदर्शिता से प्रेरित है। विधायक ने बताया कि 'यूनिटी मार्च' सिर्फ पदयात्रा नहीं, बल्कि एकता और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है, जबकि 'हर घर स्वदेशी' अभियान देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। अंत में युवक मंडलों को खेल किटें वितरित की गईं।

### बिलासपुर कॉलेज में इंडक्शन मीटिंग आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में चल रहे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र में पढ़ रहे नए विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। डॉ. पीएस कटवाल प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर ने इसमें बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने इग्नू से पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को मेहनत व लगन से पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने इग्नू से पढ़ रहे विद्यार्थियों को बताया कि यदि पढ़ाई से संबंधित अधिक जानकारी लेनी है तो विद्यार्थी महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों से मिलकर अधिक जानकारी ले सकते हैं। इस बैठक में इग्नू से पढ़ रहे लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मीटिंग में इग्नू के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को इग्नू से संबंधित असाइनमेंट, परीक्षा, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, प्रैक्टिकल इत्यादि सभी विषयों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरैक्टिव बोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों को इग्नू की साइट पर जाकर विभिन्न फॉर्मसए आइडेंटिटी कार्ड्स, एग्जामिनेशन हॉल टिकट व असाइनमेंट संबंधित प्रश्नपत्रों इत्यादि को प्रिंट करने के तरीके को प्रैक्टिकल करके भी दिखाया। उन्होंने बताया कि इग्नू में विभिन्न पाठ्यक्रमों में दो बार दाखिला होता है, जुलाई 2025 सत्र की दाखिले की तिथि खत्म हो गई है। इसलिए अब जो भी इग्नू के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं वह अब जनवरी 2026 में प्रवेश ले सकते हैं। दिसंबर 2025 में होने वाले परीक्षाओं के लिए सभी विद्यार्थियों को हॉल टिकट व पहचान पत्र लाना जरूरी है।

### इंटक ने कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर विनय को दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) जिला बिलासपुर के अध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्म सिंह सहगल, महासचिव जगतार सिंह बैंस, रमेश कुमार, सदर ब्लाक के इंटक अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह ठाकुर, झंडूता ब्लाक इंटक अध्यक्ष चैन सिंह सुमन, श्री नयना देवी जी इंटक अध्यक्ष बुद्धि राम बैंस, घुमारवीं इंटक अध्यक्ष सोहन लाल, महिला इंटक अध्यक्ष कमलेश कुमारी, पूनम शर्मा, प्रोमिला देवी, आल हिमाचल पीडब्लयूडी-आईपीएच एण्ड कन्ट्रैच्युल वर्करज युनियन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, हिमाचल बिल्डिंग-कन्सट्रक्सन एण्ड मनरेगा मजदूर युनियन महासचिव सरदार रूप सिंह, उपप्रधान लक्ष्मी दत्त, कृष्ण चन्द, किशोरी लाल, दिनेश कुमार, कृष्ण स्वरूप, विनोद कुमार, वित सचिव जगदीष कुमार और बिलासपुर इंटक की समस्त कार्यकारणी ने विनय कुमार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी का मुखिया बनाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रैस को जारी ब्यान में इंटक सचिव प्रेम लाल भाटिया ने कहा है कि विनय कुमार के पिता डॉ. प्रेम सिंह कई बार रेणुका से विधायक रहे और राजा वीरभद्र सिंह के बहुत करीबी थे। वह कांग्रेस पार्टी के ईमानदान, मेहनती व सच्चे सिपाही थे। विनय कुमार भी अपने पिता के नक्शे कदमों पर चल रहे हैं। इंटक ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का आभार प्रकट किया है।

# घुमारवीं में खुलेगा हिमुडा का नया डिवीजन कार्यालय

## बिलासपुर-हमीरपुर सब-डिवीजन भी यहीं से होंगे संचालित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के लिए लंबे समय से उठ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) ने घुमारवीं में नया डिवीजन कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। यह कदम क्षेत्र के लिए प्रशासनिक और विकासात्मक दृष्टि से ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। हिमुडा ने डिवीजन कार्यालय के लिए अधिशासी अभियंता की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं।

प्रारंभिक चरण में यह कार्यालय नगर परिषद घुमारवीं के वार्ड नंबर-1 बड़ू वार्ड स्थित राजस्व सदन भवन में अस्थायी रूप से संचालित किया जाएगा। आने वाले समय में इसे पूर्ण रूप से सुसज्जित और स्थायी भवन में शिफ्ट किए जाने की संभावना है। हिमुडा ने घुमारवीं डिवीजन को एक बड़ा क्षेत्रीय केंद्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह कार्यालय केवल स्थानीय क्षेत्र का ही नहीं, बल्कि बिलासपुर और हमीरपुर सब-डिवीजनों के कार्य भी यहीं से संचालित करेगा। कार्यालय में अधिशासी अभियंता के साथ-साथ सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, ड्राइंग ब्रांच और अन्य तकनीकी कर्मियों की तैनाती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**बड़ू वार्ड स्थित राजस्व सदन भवन में चलेगा अस्थायी दफ्तर**

हिमुडा राज्य का प्रमुख शहरी विकास एवं निर्माण प्राधिकरण है, जिसके माध्यम से सरकारी आवासों, कार्यालयों, हॉस्टलों, अस्पतालों, स्कूल भवनों और अन्य सरकारी ढांचों का निर्माण किया जाता है। घुमारवीं में डिवीजन कार्यालय स्थापित होने से आगामी समय में विकास कार्यों की गति बढ़ेगी और क्षेत्र में ठेकेदारी एवं रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### लोगों को अब नहीं जाना पड़ेगा मंडी

**अब** तक घुमारवीं और आसपास के क्षेत्रों के सभी निर्माण एवं विकास कार्यों का संचालन हिमुडा मंडी डिवीजन के अधीन होता था। ठेकेदारों, तकनीकी कर्मचारियों और आम नागरिकों को अनुमोदन, भुगतान, स्वीकृति और तकनीकी प्रक्रियाओं के लिए बार-बार मंडी जाना पड़ता था। नए कार्यालय के शुरू होने से ये सभी कार्य घुमारवीं में ही निपट जाएंगे। इससे समय, धन और संसाधनों की बड़ी बचत होगी।

### यह निर्णय विकास की दिशा में मील का पत्थर: धर्माणी



**हिमाचल** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा, 'हिमुडा डिवीजन कार्यालय का घुमारवीं में खुलना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम है। हमारा उद्देश्य प्रशासनिक सुविधाओं को लोगों के नजदीक पहुंचाना है। कार्यालय के खुलने से निर्माण कार्यों की रफ्तार बढ़ेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही लोगों को मंडी तक बार-बार जाने से भी राहत मिलेगी।'

# साहित्यकार जीवन वैरागी की पहली पुस्तक का विमोचन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कहलूर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद, बिलासपुर की मासिक संगोष्ठी में आज युवा साहित्यकार जीवन वैरागी की प्रथम पुस्तक का भव्य विमोचन किया गया। साहित्य और संस्कृति से सजे इस कार्यक्रम में नगर के कई प्रतिष्ठित साहित्यकार और पत्रकार शामिल हुए। विमोचन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप चंदेल, पूर्व जिला भाषा अधिकारी अनीता शर्मा, सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. जय अनजान, सुरेंद्र गुप्ता सहित अनेक साहित्यिक हस्तियां उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने जीवन वैरागी की रचनात्मक प्रतिभा, सहज भाषा शैली और उनकी साहित्यिक सोच की सराहना करते हुए कहा कि उनका लेखन युवा पीढ़ी को नई दिशा और प्रेरणा देने वाला है। संगोष्ठी के अंत में परिषद के सदस्यों ने इस साहित्यिक उपलब्धि को बिलासपुर की सांस्कृतिक धारा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जीवन वैरागी ने अपने वक्तव्य में बताया कि उन्हें लेखन की प्रेरणा प्रसिद्ध कवयित्री प्रतिभा से मिली। उन्होंने ही उन्हें प्रोत्साहित किया और साहित्य जगत की वरिष्ठ हस्तियों कुलदीप और अनीता से मिलवाया था। जीवन ने कहा कि इन सभी के सानिध्य में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला और यह क्षण उनके लिए अत्यंत सम्मानजनक है।

# हिमाचल में पहली बार बिलासपुर में हुआ दिव्यांगजनों के लिए फैशन शो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार जिला बिलासपुर में दिव्यांगजनों के लिए भव्य फैशन शो का आयोजन किया गया। समर्थ्या हमारी पहचान ट्रस्ट, दिव्यांग कल्याण संघ और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से लुहणू मैदान में आयोजित वाटर स्पोर्ट्स इवेंट के दौरान यह अनोखा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शो न सिर्फ दिव्यांगजनों की क्षमताओं का प्रदर्शन था, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव की मजबूत पहल भी साबित हुआ। आयोजन को सफल बनाने में जिला प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में जिले की कई सामाजिक संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मंच पर उतरे प्रतिभागियों के आत्मविश्वास ने सभी दर्शकों को भावुक और प्रेरित किया। इस फैशन शो का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की प्रतिभा को समाज के सामने उजागर करना, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना और यह संदेश देना था कि क्षमता किसी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। प्रतिभागियों ने शानदार रैंप वॉक कर साबित किया कि सही मौका और सम्मान मिले तो हर चुनौती छोटी पड़ जाती है। कार्यक्रम में योगदान देने वाली संस्थाओं में नया सवेरा, मानव सेवा ट्रस्ट, पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन, किन्नर समाज से बिजली महंत की उपस्थिति विशेष रही। आयोजन को सफल बनाने में समर्थ्या हमारी पहचान के अध्यक्ष लगनेश कुमार, मिसेज इंडिया संगीता सोनी, दिव्यांग कल्याण संघ के प्रधान विनोद, उपप्रधान अश्वनी चंदेल, कोषाध्यक्ष रेनु गौतम, तथा सुषमा कुमारी, बीना कुमारी और मधु कुमारी का अहम योगदान रहा।

**रैंप वॉक कर साबित किया हम भी किसी से कम नहीं**

# नयना देवी में लाइब्रेरी-इंफोटेनमेंट हब का शुभारंभ

## उपायुक्त राहुल कुमार ने किया शुभारंभ, कहा- क्षेत्र के विद्यार्थियों को घर-द्वार मिली सुविधा

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

उपायुक्त बिलासपुर मंदिर न्यास के आयुक्त राहुल कुमार ने श्री नयना देवी में लाइब्रेरी एवं इंफोटेनमेंट हब का शुभारंभ किया। उनके साथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल भी रहे मौजूद थे। श्री नयना देवी पहुंचने पर मंदिर न्यास के अध्यक्ष एसडीएम धर्मपाल, मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर, अकाउंट ऑफिसर मनीष शर्मा ने और मंदिर न्यासियों ने जिलाधीश का श्री नयना देवी पहुंचने पर स्वागत किया और शॉल और टोपी भेंट की। उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित जनता ओर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आसपास की पंचायत और नगर परिषद श्री नयना देवी के स्टूडेंट्स को लाइब्रेरी की सुविधा नहीं मिल रही थी, आज इसे लॉन्च किया गया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य है कि यहां के बच्चों को रीडिंग माहौल मिले, ताकि जो बच्चे कॉम्पिटेटिव एग्जाम्स की तैयारी करना चाहते हैं, तो उनको एक अच्छी सुविधा मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि हमारा एम्स है कि फर्स्ट फेज में इसे सब डिवीजन लेवल ब्लॉक स्तर पर शुरू करेंगे और अगले फेज में इसे क्लस्टर बनाकर लाइब्रेरी शुरू करेंगे और फिर अंतिम फेज में पंचायत स्तर पर इसे शुरू करेंगे, ताकि हमारे बच्चों की पढ़ने की आदत पड़े। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में हमारे बच्चों को पढ़ने की आदत बहुत कम है और इससे आवश्यक सुधार होगा। उपायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह भी है कि यहां पर सेशन भी करवाए जाएं। जो भी हमारे आईएएस, आईपीए अधिकारी व इंजीनियर-डॉक्टर हैं, वे बच्चों को गाइडेंस प्रदान करेंगे, ताकि बच्चों को आगे बढ़ने के मौके मिल। राहुल कुमार ने कहा कि हमारा यह भी उद्देश्य है कि हमारे यहां के छात्र अन्य जगह जाए जैसे बनारस, हरिद्वार और वहां की गतिविधियों के बारे में व्यापक जानकारी ले और वहां के छात्र यहां आएं, ताकि हमारी संस्कृति का आदान-प्रदान हो।



मंच पर विराजमान उपायुक्त राहुल कुमार और अन्य अतिथि।

# बेंगलुरु में हिमाचली टीम का शाही सम्मान

## हिमाचली इन बैंगलोर संगठन ने हिमाचली टोपी पहनाकर किया स्वागत और सत्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बेंगलुरु के प्रतिष्ठित एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे चार दिवसीय टेस्ट मैच के दौरान एक ऐसा पल देखने को मिला, जिसने हजारों किलोमीटर दूर बसे हिमाचली समुदाय को गर्व से चौड़ा कर दिया। हिमाचली इन बैंगलोर संगठन के प्रतिनिधि जब स्टेडियम पहुंचे तो माहौल ही बदल गया। हाथों में हिमाचली टोपी, चेहरे पर अपनापन और दिलों में खिलाड़ियों के लिए गर्व।

संगठन की कोर टीम ने हिमाचल प्रदेश अंडर-19 पुरुष क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और टीम मैनेजर सतीश ठाकुर का पारंपरिक हिमाचली टोपी पहनाकर और विशेष उपहार भेंट कर भव्य सम्मान किया। खिलाड़ियों के सिर पर सजी रंगबिरंगी हिमाचली टोपी और उनके चेहरों पर उभरी मुस्कान ने पूरे स्टेडियम को एक अनोखी सांस्कृतिक गर्माहट से भर दिया। इस सम्मान समारोह में दिनेश राणा, सनी शर्मा, अश्वनी शर्मा, मंदीप सिंह, विनीत भारद्वाज और आशीष कालिया शामिल रहे, जिन्होंने पूरे उत्साह और हिमाचली जोश के साथ टीम का स्वागत किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि बेंगलुरु में रहने वाला हिमाचली समुदाय अपने खिलाड़ियों के लिए हमेशा गर्व और समर्थन की भावना से खड़ा रहता है — मैदान किसी भी राज्य में हो, दिल हमेशा हिमाचल के साथ धड़कता है। टीम मैनेजर सतीश ठाकुर और कोच अंकित अग्रवाल ने इसके लिए संगठन का विशेष आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि घर से दूर बड़े शहर में, अपने प्रदेश के लोगों से मिला यह सम्मान खिलाड़ियों के मनोबल को दोगुना कर देता है और खेल की ऊर्जा को नई उड़ान देता है। कर्नाटक जैसे तकनीकी और बहुसांस्कृतिक शहर में हिमाचली इन बैंगलोर लगातार हिमाचली समुदाय को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रहा है।

# रामलाल ठाकुर ने नवाजे कोठीपुरा स्कूल के होनहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में सोमवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर, एसएमसी के सदस्यों, समस्त स्टाफ तथा अभिभावकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, पहाड़ी नाटी, बिलासपुरी गिद्धा सहित विविध रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनसे समूचा वातावरण मंत्रमुग्ध हो उठा। कार्यक्रम में बच्चों ने साइबर क्राइम एवं नशा निवारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता नाटक भी प्रस्तुत किए। कॉम्प्लेक्स के स्कूल नई सारली के नन्हे विद्यार्थियों ने पहाड़ी गीत 'खाना खाई लो मेरे साजना' पर शानदार प्रस्तुति दी, जबकि राजपुरा स्कूल के छोटे बच्चों ने पंजाबी गीत पर धमाकेदार नृत्य कर दर्शकों से खूब सराहना बटोरीं। प्रधानाचार्या ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने विभिन्न शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि रामलाल ठाकुर ने सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज का दृष्टिकोण भी सकारात्मक रूप से परिवर्तित हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षा हर बच्चे तक पहुंच चुकी है, यही कारण है कि विद्यालय के तीन बच्चों ने बोर्ड मेरिट में स्थान प्राप्त कर जिला व विद्यालय का नाम रोशन किया है। रामलाल ठाकुर ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत महिषासुर नृत्य एवं नशा मुक्त समाज पर आधारित प्रस्तुति की विशेष सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा अभिभावकों को बच्चों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'चिट्टा' आज समाज की सबसे बड़ी चुनौती है, जिसे समाप्त करने के लिए पूरे समाज का एकजुट होना आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**वार्षिक समारोह में बच्चों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां**

# झंडूता की खड्डों में दिनदहाड़े हो रहा अवैध खनन

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल की सीर खड्ड, शुक्र खड्ड और सरयाली खड्ड सहित कई नदीनुमा धाराएं इन दिनों खनन माफिया के निशाने पर हैं। रेत-बजरी और पत्थरों का यह अवैध दोहन ऐसा रफ्तार पकड़ चुका है कि खड्डों का सीना छलनी हो रहा है और जलस्तर लगातार गोते खा रहा है। विकास खंड झंडूता के सुन्हाणी, री, झरेड़ी, अमरोआ, तुंगड़ी, पिपलूघाट और शुक्र खड्ड में खनन माफिया बेखौफ होकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं। पहले यह गैरकानूनी कारोबार अंधेरे का सहारा लेकर होता था, लेकिन खनन विभाग की सुस्ती और कार्रवाई के अभाव ने माफिया के हौसले इतने बुलंद कर दिए हैं कि अब सुबह की धुंध का फायदा उठाकर दिनदहाड़े खड्डों को नोचा जा रहा है।

झंडूता पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए कल शाम समोह-गलू के पास नाका लगाया। एएसआई अश्वनी कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में खड्ड से भरे पत्थरों वाला एक ट्रैक्टर पकड़ा गया। ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नहीं थी और पुलिस को देखते ही चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एएसआई अश्वनी कुमार ने की है।



अवैध खनन सामग्री ले जाते पकड़ा गया एक ट्रैक्टर।

# जिला खो-खो टीम में चयन के लिए 200 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, नम्होल**

बिलासपुर सीनियर पुरुष एवं महिला खो खो टीम तथा सब जूनियर गर्ल्स टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल सोमवार को जुखाला में संपन्न हुए। ट्रायल में जिलाभर से 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल के बारे में जानकारी देते हुए एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन बिलासपुर के जिला मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि ट्रायल के सफल आयोजन के लिए एसोसिएशन की तरफ से व्यापक प्रबंध किए गए थे। उन्होंने बताया कि हर वर्ग में 15 मुख्य तथा 5 स्टैंड बाय खिलाड़ियों का चयन किया गया है। पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि जल्द ही चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

# जल तरंग जोश महोत्सव से प्रदेश के पर्यटन को मिली नई पहचान: बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष ने समापन पर बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



गोबिंदसागर झील के रमणीय तट पर तीन दिनों से गूंज रहा जल तरंग जोश महोत्सव रविवार को अपने चरम पर पहुंचते हुए संपन्न हो गया। पर्यटन विकास बोर्ड के अध्यक्ष आरएस बाली ने लुहणू मैदान में आयोजित समापन समारोह की अध्यक्षता की और महोत्सव को प्रदेश की पर्यटन पहचान का उभरता प्रतीक बताया। आरएस बाली ने कहा कि यह उत्सव अब सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिमाचल की सांस्कृतिक ऊर्जा और पर्यटन संभावनाओं का सम्मिलित परिचायक बन गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उत्सवों और पारंपरिक आयोजनों को नए आयाम देने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने देश के वीर सपूत विंग कमांडर नमांश स्याल को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। पूरा पंडाल दो मिनट तक मौन रहा और वातावरण देशभक्ति से भर उठा। बाली ने कहा कि नमांश स्याल ने न केवल हिमाचल, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया है और उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। बाली ने जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव की यादों व खास पलों को संजोकर तैयार की गई स्मारिका का भी विमोचन किया। उन्होंने जिला प्रशासन और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास बिलासपुर में पर्यटन को नई दिशा देंगे और गोबिंदसागर झील एडवेंचर व सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनकर उभरेगी।

**संस्कृति** | बिलासपुर जिले के सांस्कृतिक, पर्यटन और मनोरंजन के परिदृश्य में जुड़ा एक और नया अध्याय

# आम लोगों के दिलों को छू गया 'जल तरंग जोश महोत्सव'

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** गोबिंदसागर झील के तट पर आयोजित तीन दिवसीय जल तरंग जोश महोत्सव ने इस बार बिलासपुर के सांस्कृतिक, पर्यटन और मनोरंजन के परिदृश्य में एक नया अध्याय लिख दिया। जिला प्रशासन की पहल पर शुरू हुआ यह आयोजन न सिर्फ लोगों के लिए रोमांच और आनंद का एक अनूठा पर्व साबित हुआ, बल्कि इसने बिलासपुर को राज्य के पर्यटन मानचित्र पर और अधिक मजबूती से स्थापित करने का रास्ता भी तैयार कर दिया। महोत्सव के दौरान झील किनारे उमड़ी भीड़ से लेकर मंच पर रचे गए सांस्कृतिक रंगों तक हर ओर सिर्फ उत्साह ही उत्साह दिखाई दिया। तीन दिनों तक सुबह से लेकर रात तक झील किनारे लोगों का जमावड़ा इस बात का प्रमाण था कि जिला प्रशासन का यह प्रयास आम जनता के दिलों को छू गया। सबसे खास बात यह रही कि उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अगुवाई में इस महोत्सव की तैयारी इतनी चुस्त और सधी हुई थी कि आयोजन का हर हिस्सा बिना किसी व्यवधान के शानदार ढंग से सम्पन्न हुआ। चाहे सुरक्षा इंतजाम हों, चाहे स्टॉल प्रबंधन या कलाकारों से समन्वय—हर स्तर पर प्रशासन की टीम ने बेहतरीन कार्य किया। यही कारण है कि आम लोग हो या कलाकार, व्यापारिक समुदाय हो या पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारक—हर किसी ने प्रशासन के इस प्रयास की खुलकर सराहना की। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक संध्याएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। हिंदी और पहाड़ी गीतों की फ्यूजन प्रस्तुतियों, युवा कलाकारों के जोशीले प्रदर्शन और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलना इस आयोजन की बड़ी उपलब्धि रही। परिवारों के लिए झील किनारे बनाए गए विश्राम स्थल और फोटो-पॉइंट भी चर्चा का विषय बने। व्यापारियों ने भी बताया कि तीन दिनों की हलचल ने स्थानीय बाजारों में काफी चहल-पहल बढ़ाई और आर्थिक गतिविधियों को गति मिली। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि यदि प्रशासनिक इच्छा शक्ति, जनसहभागिता और बेहतर प्रबंधन एक साथ जुड़ जाएँ, तो जिला स्तर पर भी किसी बड़े राज्यस्तरीय आयोजन जैसा माहौल तैयार किया जा सकता है। तीन दिन तक बिलासपुर सिर्फ एक शहर नहीं बल्कि उत्सवधर्मिता का प्रतीक बनकर पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना रहा। समापन पर पहुंचे प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन आरएस बाली ने भी इस महोत्सव की सफलता को जिला प्रशासन की दूरदृष्टि का परिणाम बताया।

### नाटी किंग कुलदीप के नाम रही अंतिम संध्या



**महोत्सव** की अंतिम संध्या एक ऐसा यादगार सांस्कृतिक उत्सव बन गई, जिसमें मंच के हर कोने से कला, संगीत और लोक संस्कृति की उजली आभा झिलमिलाती रही। लेकिन इस भव्य शाम का असली जादूगर सिर्फ एक ही था– नाटी किंग कुलदीप शर्मा, जिनकी धमाकेदार प्रस्तुति ने पूरी भीड़ को उत्साह, ताल और थिरकन के एक ही सुर में पिरो दिया। मंच पर चढ़ते ही कुलदीप शर्मा ने सतगुरु वंदना से ऐसा शुद्ध और दिव्य माहौल रचा कि पूरा पंडाल सम्मान से झूम उठा। इसके बाद जब उन्होंने अपनी प्रसिद्ध नाटियों- 'दरोगा इन्हों छोरुओं जो लेयां समझाई', 'तेरी शरांगी कुल्लुआ री', 'हाय बांठण 'शिल्पा शिमले बालिए' और 'इन्हां बड्डियां जो तुड़का लाएं ओ ठेकेदारनिए' की झड़ी लगा दी, तो लोग रोमांच में भरकर खड़े हो गए।

# भटियात में 12 सड़क परियोजनाओं को मिली 109 करोड़ की स्वीकृति : पठानिया

## खरगट स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बोले विधानसभा अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

खरगट स्कूल में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भाग लिया और वर्ष भर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने हिंदी, पंजाबी और हिमाचली लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे समारोह और भी रंगीन और आकर्षक बन गया।

इस अवसर पर कुलदीप सिंह पठानिया ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और उन्हें शिक्षा के साथ खेल, संस्कार और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण और सकारात्मक सोच से जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। मुख्यातिथि ने स्कूल के लिए 42 लाख रुपये की धनराशि से बनने वाले लोहाली पुल का शिलान्यास भी किया और पुल के समयबद्ध निर्माण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूल प्रबंधन की मांग पर परीक्षा भवन और मंच निर्माण हेतु आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। स्कूल की सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए 21 हजार रुपये देने की घोषणा भी की। विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात विधानसभा क्षेत्र की विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) चरण-4 के अंतर्गत 109 करोड़ रुपये की धनराशि से 12 विभिन्न सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है।

समारोह में सदस्य निदेश मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, उपमंडल दंडाधिकारी पारस अग्रवाल, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, उप पुलिस अधीक्षक मयंक शर्मा, उपनिदेशक स्कूल शिक्षा प्रारंभिक बलवीर सिंह, गुणवत्ता भाग सिंह, अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी, राकेश ठाकुर, पंकज राठौर और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद सहित विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्थानीय गणमान्यों की उपस्थिति रही।


खरगट स्कूल में वार्षिक समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष को सम्मानित करते हुए।

# सुनारा में पकड़ा सेल्फी प्वाइंट तोड़ने वाला युवक

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

ग्राम पंचायत सुनारा में लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप लगे सेल्फी प्वाइंट को तोड़ने वाला आरोपी पकड़ा गया। पूर्व में रहे ग्राम पंचायत प्रधान सुनारा प्रवीण चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय लोगों नवयुवक मंडल कुंडी दिलीप शर्मा, कुलदीप ठाकुर, अशोक शर्मा ,जोगिंदर, पूर्व में रहे प्रधान रमेश कुमार, तेज सिंह ठाकुर, काकाराम, अजीत ठाकुर तथा पुलिस के सहयोग से आरोपी को महज चंद घंटों में ही पकड़ा गया।

प्रवीण चौहान ने बताया कि घटनास्थल से मात्र कुछ दूरी पर एक गाड़ी को संदिग्ध पाया गया जब उस गाड़ी के मालिक की छानबीन की गई तो स्थानीय लोगों ने पुलिस दल सहित बंटी पुत्र जय किशन गांव लोहारका ग्राम पंचायत लोथल से कई घंटों तक पूछताछ की तो युवक ने सारी सच्चाई उगल दी। युवक ने सब लोगों के सामने अपनी गलती मानते हुए कहा कि मैं नशे में धूत था वह गांव तुर में एक शादी समारोह में जा रहा था, तथा मैंने ही इस घटना को अंजाम दिया है।

**आरोपी ने नुकसान की भरपाई के लिए दिया 50 हजार का चेक**

स्थानीय लोगों तथा पुलिस प्रशासन ने जब आरोपी को थाने ले जाने की बात कही तो आरोपी युवक ने वहीं सब लोगों के सामने माफी मांगते हुए नुकसान की भरपाई करने की बात कही। वह घर जाकर 50,000 का चेक युवक मंडल कुंडी के अध्यक्ष दिलीप शर्मा को सेल्फी प्वाइंट के पुनर्निर्माण करने के लिए दिया। प्रवीण चौहान का कहना है कि जो खर्च सेल्फी प्वाइंट के पुनर्निर्माण पर आएगा तथा उसके बावजूद यदि धनराशि शेष बचेगी तो वह उस युवक को वापस कर दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा की डॉ. महक गुप्ता को सीएसआईआर से मैटेरियल साइंस में पीएचडी की उपाधि

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला की चंडी पंचायत की बहू और युवा वैज्ञानिक डॉ. महक गुप्ता को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के 9वें दीक्षांत समारोह में मैटेरियल साइंस (फिजिक्स) में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. महक ने सीएसआईआर, चंडीगढ़ में उत्कृष्ट शोध कार्य पूरा किया। उन्हें प्रतिष्ठित इंस्पायर फेलोशिप के तहत सीएसआईआर में प्रवेश मिला था। स्वर्ण पदक विजेता डॉ. महक ने अपने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी उच्च प्रदर्शन किया। उनका विवाह चण्डी पंचायत के पूर्व प्रधान आर. सी. पाल सिंह के सुपुत्र अभिनव सिंह ठाकुर से हुआ है। पीएचडी उपाधि मिलने पर उनके परिवार, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। डॉ. महक गुप्ता ने अपने प्रयासों से न केवल परिवार बल्कि पूरे जिला चंबा का नाम गौरवान्वित किया।

### 27 से चंबा प्रवास पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू चंबा जिला के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री 27 नवंबर को दोपहर 1:00 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस डुग्गा बंगला पहुंचेंगे व उसके पश्चात वह सायं 3:30 पर चंबा पहुंचेंगे, उनका रात्रि ठहराव सर्किट हाउस चंबा में रहेगा। केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री 28 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस भंजराडू पहुंचेंगे तीसा 11:00 बजे भंजराडू में आईटीआई भवन व खेल परिसर तीसा की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री दोपहर 1:30 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सलूणी पहुंचेंगे तथा बाद दोपहर 2:30 बजे सलूणी में इनडोर स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे तथा उसके उपरांत वह 3:30 बजे सलूणी से नूरपुर (जिला कांगड़ा) के लिए रवाना होंगे।

### भटवाड़ा गांव में जल समस्या हुई बहाल

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** ग्राम पंचायत राडी के अंतर्गत पड़ने वाले गांव भटवाड़ा में जल समस्या बहाल हुई। स्थानीय लोगों अमरजीत, फूलों देवी, बालकृष्ण, रीना कुमारी , कृष्णा देवी, मनीषा कुमारी आदि स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से गांव भटवाड़ा में पानी की जल समस्या बनी हुई थी। जिससे गांव वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, औरतों, तथा मवेशियों को भी खासी परेशानी पेश आ रही थी। जिस पर जल शक्ति विभाग के जेई महेश्वर ने तुरंत अपने कर्मचारियों को आदेश देकर समस्या का समाधान करने को कहा। जिसके लिए स्थानीय लोगों ने जेई महेश्वर का भी आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीणों को डिजिटल ठगी से बचने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा छतराडी द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत कूंर में वित्तीय डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सुरेंद्र कुमार एवं अशोक कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बचत खाता, चालू खाता, एसएमअसवई आदि वित्तीय योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक सुरक्षा एवं डिजिटल लेन-देन को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डिजिटल ठगी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। बैंक में लोगों से अपील की कि अज्ञात कॉल करने वाले लोगों को अपने एटीएम कार्ड का पिन, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें, और संदिग्ध कॉल या संदेशों पर विश्वास न करें। प्रतिभागियों को किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र के लिए मिलने वाले ऋण सुविधाओं की जानकारी दी गई।

### कुशल ठाकुर बने युवक मंडल के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** दुर्गा कला केंद्र, सुरंगानी में ग्राम पंचायत बयाना युवक मंडल की बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में कुशल ठाकुर अध्यक्ष, नर सिंह उपाध्यक्ष, विनोद कुमार वर्मा महासचिव, प्रवीण ठाकुर कोषाध्यक्ष, राजेश ठाकुर सुरक्षा सलाहकार और लोक राम ठाकुर मीडिया प्रभारी नियुक्त हुए। इसके अतिरिक्त सुरेंद्र सिंह, मोती राम, लेख राज, विनोद कुमार, दलीप खत्री, दीपेश भारद्वाज, संजीव भारद्वाज, सन्नी देओल, परस राम, मुकेश कुमार और अमित अधिकारी कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। बैठक में 18 सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने नवगठित टीम को बधाई दी। युवक मंडल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य पंचायत में एकता बढ़ाना, विकास कार्यों को आगे बढ़ाना और युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है।

### छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मोहा सबका मन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरमौर में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानाचार्य अंजू बाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की रुचियों को समझते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने की अपील की। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने वर्षभर की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए मुख्य अतिथि, अभिभावकों और गणमान्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिससे अधिक लोग समारोह से जुड़ सके।

### अनुशासन, मेहनत के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजनगर के एडवोकेट डीएन मेमोरियल पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर आरएस जम्वाल (सेना मेडल और विशेष सेना मेडल विजेता) और विशिष्ट अतिथि शुभम ठाकुर उपस्थित रहे। समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेल प्रतियोगिताओं और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे कार्यक्रम यादगार बना। ब्रिगेडियर आरएस जम्वाल ने छात्रों को अनुशासन, मेहनत और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि शुभम ठाकुर ने शिक्षा और जीवन में सफलता के लिए आवश्यक कौशलों पर सुझाव दिए। स्कूल के चेयरमैन और प्रिंसिपल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम ने बच्चों और अभिभावकों में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बनाया। एडवोकेट डीएन मेमोरियल पब्लिक हाई स्कूल की टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई।

### गौंडी स्कूल के मेधावी छात्र किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गैहरा।** गैहरा शिक्षा खंड के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय गौंडी में सोमवार को वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय के सभी अध्यापक और प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। छात्रों ने सांस्कृतिक एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना दिया।

### भाषण में यशवर्धन सिंह कपूर प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग चंबा ने पुलिस ग्राउंड बारगाह में राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में युवा प्रतिभाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। भाषण, कहानी लेखन, चित्रकला, लोक नृत्य, लोक गायन और कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत जिला उप शिक्षा अधिकारी जितेंद्र सूर्या मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रो. अविनाश, के.एस. प्रेमी और टी.सी. सावन निर्णायक मंडल में शामिल रहे। जिला खेल अधिकारी रुपेश कुमार ने बताया कि ये ट्रायल राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए प्रतिभागियों के चयन हेतु आयोजित किया गया। प्रतियोगिताओं के विषयों में पेंटिंग में 'नशा मुक्त युवा एवं स्वस्थ जीवन शैली', भाषण में 'भारत में आपातकाल, संविधान उल्लंघन और लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा' शामिल रहे। परिणाम इस प्रकार रहेः भाषण में यशवर्धन सिंह कपूर प्रथम, कहानी लेखन - ऋषि कपूर प्रथम, चित्रकला - तनिका प्रथम, लोक नृत्य एवं लोक गायन - सरस्वती संगीत अकादमी चम्बा प्रथम, कविता लेखन - ऋषि कपूर प्रथम। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिला चम्बा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# चमेरा प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन ने करियां धरवाला में जलाई लेबर कोड की प्रतियां



चमेरा प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के सदस्य लेबर कोड्स के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चमेरा प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन-II एवं III की ओर से सोमवार को करियां-धरवाला स्थित गेट पर एक प्रभावशाली गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन प्रधान अयूब खान ने की। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को 4 लेबर कोड में बदलने के निर्णय को मजदूर-विरोधी बताते हुए भारी नाराजगी व्यक्त की गई। मजदूरों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए लेबर कोड की प्रतिलिपियां जलाकर अपना रोष जताया और आने वाले समय में बड़े आंदोलन की तैयारी का संकल्प दोहराया। यूनियन ने 26 तारीख को होने वाले राष्ट्रव्यापी संयुक्त प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सीटू की जिला महासचिव सुदेश ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहीं। इस विरोध प्रदर्शन में यूनियन महासचिव दलीप सिंह, संजय कुमार, जावेद, खेम, अजय, चंपा, सपना, कमला, मीनू सहित अनेक मजदूरों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता दिखाई।

### चौगान के रखरखाव को आगे आए वेटरन क्रिकेट क्लब व हॉकी एसोसिएशन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि चंबा के ऐतिहासिक चौगान के रखरखाव कार्यों को लेकर वेटरन क्रिकेट क्लब और हॉकी एसोसिएशन चंबा ने जिला प्रशासन को सहयोग देने की सहमति व्यक्त की है। उन्होंने दोनों संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चौगान-चंबा की पहचान और सांस्कृतिक धरोहर है और इसकी उत्कृष्ट स्थिति बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मुकेश रेपसवाल ने बताया कि चौगान को हरा-भरा बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा हर वर्ष सर्दियों के दौरान लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया जाता है। चौगान के विभिन्न खाली हिस्सों में पैच आधारित विधि से दूब घास लगाई जाती है तथा खरपतवारों की सफाई नियमित रूप से की जाती है। इस कार्य में कई विभागों और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग प्रशासन को मिलता रहा है। उपायुक्त ने चौगान के संरक्षण व रखरखाव कार्यों में सहयोग देने के इच्छुक सामाजिक संस्थाओं तथा नागरिकों से अपने सुझाव कार्यालय को प्रेषित करने का आग्रह किया है।

# सफाई, यातायात व ई-रिक्शा सेवा पर फोकस

## उपायुक्त ने नगर परिषद चंबा के पार्षदों और अधिकारियों के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने नगर परिषद चंबा के पार्षदों और अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर में विभिन्न विकास एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने नगर परिषद को निर्देश दिए कि शहर में कूड़ा प्रबंधन और कचरे के पृथक्करण की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए, ताकि स्वच्छता और सफाई की स्थिति बेहतर हो। उन्होंने न्यू बस स्टैंड से चौगान तक लिफ्ट स्थापित करने के कार्य को प्राथमिकता देने का निर्देश भी दिया। वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राखी कौशल ने बताया कि कई स्वयं सहायता समूह जिले में बेहतर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करवाने के इच्छुक हैं। इस पर उपायुक्त ने कहा कि इच्छुक समूहों के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा के माध्यम से एंबुलेंस सेवा सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आपातकालीन सेवाओं को मजबूती मिले।

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि भगोत क्षेत्र में ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट स्थापित किया जाए तथा न्यू बस स्टैंड से सपड़ी, चोंतडा और हटनाला होकर जिला अस्पताल तक वरिष्ठ नागरिकों और बीमार व्यक्तियों के लिए समर्पित टैक्सी सेवा शुरू की जाए। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को गांधी गेट से कसाकड़ा मार्ग पर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कहा।

इसके अलावा एसडीएम चंबा को शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर कार्रवाई करने और शहर के तीनों चौगानों की मरम्मत के लिए 5-5 लाख रुपये उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैय्यर, उपाध्यक्ष सीमा कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, उपमंडल अधिकारी प्रियांशु खाती, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राखी कौशल, पार्षद खालिद मिर्जा, सीमा कुमारी, अंजू कुमारी, उर्मिला, निशा बडयाल और कनिष्ठ अभियंता नीतिका ठाकुर सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक के माध्यम से उपायुक्त ने शहर में साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं और अतिक्रमण नियंत्रण में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने की दिशा में स्पष्ट संदेश दिया।


नगर परिषद चंबा के पार्षदों और अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त।

### दो अलग-अलग मामलों में मारपीट व धमकाने का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा द्वारा विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। पुलिस दोनों मामलों में नियमानुसार आगे की कार्रवाई कर रही है। पहला मामला में चमन लाल की शिकायत पर तानू कुमार निवासी बैस्का के खिलाफ दर्ज हुई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 23 अक्तूबर को शाम लगभग 5 बजे आरोपित ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी अभी शेष है। दूसरा मामला पुलिस थाना सिहुंता में दर्ज किया गया। यह शिकायत किरना देवी पत्नी सुनील शर्मा, निवासी गांव कमला, डाकघर गरनोटा द्वारा विवेक शर्मा के खिलाफ दर्ज करवाई गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 24 नवम्बर 2025 की रात लगभग 12:30 बजे जब वह अपने कमरे में बेटियों के साथ सो रही थी, तभी आरोपित जबरन कमरे में घुस आया और उसके व उसके पति के साथ बहसबाज़ी करने लगा। दोनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लक्कड़ बाजार में 4 कमरे व रसोईघर जलकर राख

## थुजी गांव में रिहायशी मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** चौहार घाटी की बरोट पंचायत के अंतर्गत आने वाले लक्कड़ बाजार में सोमवार को अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते एक मंजिले रिहायशी मकान के चार कमरे और एक रसोईघर आग की चपेट में आकर पूरी तरह से राख हो गए।

आग लगने की सूचना मिलते ही पटवार सर्किल ढरांगण के पटवारी, लक्कड़ बाजार व बरोट बाजार के व्यापारी, विद्युत उपमंडल व जलशक्ति विभाग के कर्मचारी तथा वहां मौजूद खरीदार तुरंत मौके पर पहुंच गए। सभी लोगों ने मिलकर घरों के नलों और पास बहने वाली ऊहल नदी से पानी ढो-ढोकर आग बुझाने की कोशिश की। भारी मशक्कत के बावजूद लोग उस मकान को तो नहीं बचा पाए, लेकिन आसपास की दुकानों, होम-स्टे व अन्य मकानों को सुरक्षित बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मकान खेम सिंह पुत्र स्वर्गीय चक्कू राम का पुश्तैनी रिहायशी घर था। सोमवार दोपहर बाद लगी अचानक आग ने इस मकान को मिनटों में अपनी चपेट में लिया और चारों कमरे व रसोईघर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। अनुमानित तौर पर खेम सिंह को लगभग 12 लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है। इसी दौरान पास के राजकुमार पुत्र स्वर्गीय मस्त राम के मकान को भी आंशिक क्षति पहुंची, जिससे लगभग 20 हजार रुपए का नुकसान आंका गया है। मौके पर पहुंचे पटवारी रोहित ठाकुर ने नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। उन्होंने बताया कि खेम सिंह को भारी आर्थिक क्षति हुई है। तहसील पद्धर के विकास कौंडल के आदेशानुसार राजस्व विभाग की ओर से अग्नि पीड़ित खेम सिंह को 10 हजार रुपए नगद और एक तिरपाल फौरी राहत के तौर पर प्रदान कर दी गई है। इस घटना पर दुख जताते हुए बरोट पंचायत के प्रधान डॉ. रमेश ठाकुर, उपप्रधान अनिल कुमार और बीडीसी सदस्य कृष्ण कुमार ने द्रंग के विधायक पूर्ण ठाकुर व प्रशासन से आग्रह किया है कि आग से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जाए।


बरोट पंचायत के थुजी गांव में रिहायशी मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान।

### खेत में जा रही महिला पर हमला, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना सरकाघाट में एफआईआर संख्या 211/25 कुंता देवी पत्नी नरैन सिंह निवासी पोस्ट ऑफिस थोणा, तहसील सरकाघाट की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार सोमवार को दोपहर लगभग 1:30 से 2 बजे के बीच वह अपने खेतों में काम करने जा रही थीं, तभी बबली देवी पत्नी प्रताप सिंह ने उन्हें गालियाँ देना शुरू कर दीं। कारण पूछने पर बबली देवी ने रास्ता रोक लिया, धक्का देकर गिरा दिया और हाथ पर ईंट से वार किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने चालान कर वसूला 1700 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने क्षेत्र में नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत 348 चालान किए हैं। इसके अलावा कोटपा के अंतर्गत 17 चालान कर 1700 रुपए जुर्माना वसूला गया है तथा माइनिंग एक्ट के तहत 03 चालान किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मंडी के अनुसार कानून व्यवस्था और जन सुरक्षा को सुदृढ़ रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### दुकानदारों को प्रमाण प्राप्ति पत्र किए वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम की टीम द्वारा तलयाड, पजैंठी, जेल रोड, सन्याहरड, कुनहाल रोड, पुलघराट, विंदरावनी, नेला, सौलीखड्ड, सैन मोहल्ला, स्कूल बाजार, स्कौडी चौक तथा हॉस्पिटल रोड में संयुक्त रूप से अभियान चलाकर 32 दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तम्बाकू उत्पादों की बिक्री से संबंधित नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ सभी दुकानदारों को नगर निगम की ओर से प्रमाण प्राप्ति पत्र वितरित किए गए, ताकि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही इन उत्पादों की बिक्री कर सकें। नगर निगम टीम ने दुकानों में स्वच्छता, व्यवस्थापन तथा तम्बाकू उत्पादों के सुरक्षित व नियमानुसार रख-रखाव की भी जांच की। इसी दौरान तलयाड क्षेत्र में एक दुकानदार द्वारा अपनी दुकान के पीछे कटाई कर निकला कचरा मालवा नाली में डालते हुए पाया गया, जिस पर नियमों का उल्लंघन करने के कारण मौके पर ही दो हजार रुपए का चालान किया गया। साथ ही उस दुकानदार को नाली को तुरंत दुरुस्त करने तथा भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की कड़ी चेतावनी भी दी गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जल-निकासी मार्गों की सुचारू स्थिति तथा तम्बाकू उत्पादों की नियंत्रित बिक्री सुनिश्चित करने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# युवाओं को टूरिस्ट गाइड व ट्रैकिंग के लिए दें प्रशिक्षण: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के अनछुए पर्यटन स्थल खब्बी धार को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में खब्बी धार को जिले का एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने की दिशा में कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। यह बात उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों तथा खब्बी धार पर्यटन विकास संगठन के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कही।

उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि 8 से 10 स्थानीय इच्छुक युवाओं को टूरिस्ट गाइड लाइसेंस जारी किए जाएं तथा उन्हें ट्रैकिंग प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने दुआरु से बड़ी जमुहार नाग मंदिर परिसर तक बनाए गए नए ट्रैक पर उचित साइन बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए। वन विभाग को खब्बी धार में चिन्हित स्थानों पर विभागीय बोर्ड लगाने को सुनिश्चित करने को कहा गया। उपायुक्त ने संगठन को कहा कि सीएसआर के तहत कुछ अतिरिक्त प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि आने वाले समय में और विकासात्मक कार्य किए जा सकें। वन विभाग को गांव आगाहर से दुआरु तक ट्रैक रूट के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने बड़ी जमुहार में हो रही अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खब्बी धार में कोई भी पक्का स्ट्रक्चर न बनाया जाए और क्षेत्र में कैंपिंग साइट पर विशेष रूप से कार्य किया जाए तथा बचे हुए कामों को जल्द पूर्ण करने में तेजी लाएं। संगठन को स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि खब्बी धार की प्राकृतिक सुंदरता सुरक्षित रहे। बैठक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने अवगत करवाया कि गत सप्ताह खंड विकास अधिकारी मैहला के साथ खब्बी धार में किये गये कामों का स्थानीय निरीक्षण किया था। जिसमें पाया गया कि संगठन द्वारा खब्बी धार में कई सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं जिन्हें अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए मॉडल के तौर पर देखा जा सकता है। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा, सहायक अभियंता तेजू राम, वन परिक्षेत्र सुनील कुमार, प्रधान कमल कुमार, सुरेश ठाकुर, राकेश कुमार सहित कई उपस्थित रहे।

**खब्बी धार को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित**

### कबड्डी प्रतियोगिता में भावना ठाकुर ने जीत में निभाई अहम भूमिका

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** बांग्लादेश में संपन्न हुई महिला विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता में भारतीय टीम विजयी रही। इस जीत में मंडी जिले के पंडोह क्षेत्र के पिपलागलू गांव की भावना ठाकुर ने अहम योगदान दिया।जिला कबड्डी संगठन के सचिव नेत्र सिंह ठाकुर ने बताया कि भावना ठाकुर ने फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने टीम के लिए मुख्य डिफेंडर की भूमिका निभाई। जिला कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान श्यामलाल ठाकुर ने घोषणा की कि मंडी पहुंचने पर भावना ठाकुर का जिला कबड्डी एसोसिएशन द्वारा स्वागत और सम्मान किया जाएगा। यह कबड्डी प्रतियोगिता बांग्लादेश के ढाका में आयोजित की गई थी। सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत का सामना चीनी ताइपे से हुआ। भारतीय टीम ने 35 अंक प्राप्त किए, जबकि चीनी ताइपे 28 अंक ही बना सकी। इस प्रकार भारत ने यह खिताब अपने नाम किया।



**PUBLIC NOTICE**

I, Balbir Singh Malhotra S/o Sh. Kulbir Singh Malhotra, Prop. M/s Durga Bhawani Stone Crusher, V.P.O & Tehsil Balichowki, District Mandi, Himachal Pradesh, Pin Code 175106 hereby inform you that we have received environmental clearance from SEIAA Shimla, H.P., reference EC File No. HP-SEIAA/2024/1238 Dated 07-03-2025. The mine lease is located at Khasra No. 885/15/2, 866/11, 18, 19 & 20, measuring an area 07-02-12 Bighas (Private land, Hill slope) from Mauza/Mohal Ghat Mohath/604, Tehsil Balichowki, District Mandi, Himachal Pradesh.

***for the extraction of minor minerals (stone) for use in our already established Stone Crusher.***

**PUBLIC NOTICE**

I, Balbir Singh Malhotra, S/o Sh. Kulbir Singh Malhotra, Prop. M/s Malhotra Stone Crusher, V.P.O. &Tehsil Balichowki, Mandi, Himachal Pradesh, Pin Code 175106 hereby inform you that we have received environmental clearance from SEIAA Shimla, H.P., reference EC File No. SEIAA/2024/1237 dated 07/03/2025. The mine lease is located at Khasra no 883/15, 885/15/1 & 12 measuring an area of 07-02-10 Bighas, (Private land/hill slope) falling in Mauza/Mohal Ghat Mohath/604, Tehsil Balichowki, District Mandi, Himachal Pradesh.

***for the extraction of Stone, for use in already established Stone Crusher.***

कीचड़ से ही कमल उत्पन्न होता है, बादलों के मध्य से ही धवल चंद्र देदीप्यमान होता है– राक्षसत्व ही सुरत्व की जननी है।

-कुशवाहा कांत

## संपादकीय

## भ्रष्टाचार पर अंकुश जरूरी

भारत में भ्रष्टाचार एक ऐसी गहरी समस्या बन चुका है, जो न केवल अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहा है, बल्कि समाज की नैतिक नींव को भी खोखला करता जा रहा है। भ्रष्टाचार का विस्तार जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह अत्यंत चिंताजनक है। देश स्वतंत्र हुआ तो उम्मीद थी कि लोकतंत्र और प्रशासनिक व्यवस्था ईमानदारी, पारदर्शिता और जनकल्याण के सिद्धांतों पर आगे बढ़ेगी, लेकिन समय के साथ सत्ता, लाभ और स्वार्थ की प्रवृत्तियों ने सार्वजनिक जीवन को प्रभावित किया। आज हालात ये हैं कि छोटे-छोटे कामों से लेकर बड़े प्रोजेक्ट तक, हर जगह रिश्वत, कमीशन, फर्जीवाड़ा और बेईमानी नजर आती है।

यह स्थिति केवल सरकार या अधिकारियों की विफलता नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक कमजोरी का संकेत है। जब कोई नागरिक अपने काम को जल्दी करवाने के लिए घूस देता है, तो वह अनजाने में इस बुराई को और मजबूत कर देता है। इसी तरह, जब कोई कर्मचारी या अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर रिश्वत लेने को सामान्य समझने लगता है, तो वह प्रशासनिक ईमानदारी की जड़ों को काट देता है। भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा असर विकास कार्यों पर पड़ता है। सड़कें आधी बना रह जाती हैं, पुल बनने से पहले टूट जाते हैं, स्कूलों और अस्पतालों में सुविधाएं कागजों पर होती हैं पर जमीनी स्तर पर कुछ नजर नहीं आता।

सरकार द्वारा भेजा गया धन जनता तक पहुंचने से पहले ही कई हाथों के बीच बंटकर गायब हो जाता है। परिणामस्वरूप गांवों तक आज भी साफ पेयजल नहीं पहुंचता, कई इलाकों में बिजली अनियमित है, स्वास्थ्य सेवाएं कमजोर हैं, शिक्षा प्रणाली संसाधनों के अभाव में लड़खड़ा रही है। भ्रष्टाचार का असर केवल भौतिक विकास तक सीमित नहीं रहता; यह भरोसे को भी खत्म करता है। जब लोग शासन और प्रशासन पर भरोसा खो देते हैं, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ जाता है। न्याय में देरी, मामलों की लंबी प्रक्रिया और प्रभाव के आधार पर मिलने वाला विशेष व्यवहार आम नागरिक के मन में असंतोष पैदा करता है। यह असंतोष धीरे-धीरे व्यवस्था के खिलाफ अविश्वास में बदल जाता है, जो किसी भी देश के लिए खतरनाक होता है।

भ्रष्टाचार का एक और गहरा प्रभाव यह है कि यह युवाओं की सोच को भी प्रभावित करता है। जब वे देखते हैं कि ईमानदार लोग संघर्ष करते हुए जीवन बिताते हैं और बेईमान आसानी से तरक्की कर जाते हैं, तो उनके मन में गलत धारणा बनने लगती है कि सफलता का मार्ग मेहनत नहीं, बल्कि जोड़-तोड़ और गलत तरीकों से होकर जाता है। यह सोच समाज की नैतिकता को कमजोर करती है और आने वाली पीढ़ियों को भी भ्रष्ट मानसिकता की ओर धकेल देती है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार को केवल कानूनी समस्या नहीं, बल्कि नैतिक समस्या भी कहा जाता है। इसे मिटाने के लिए कानून तो जरूरी हैं, पर उससे भी अधिक जरूरी है समग्र सामाजिक जागरूकता और साफ-सुथरी मानसिकता।

हालांकि सरकारें भी भ्रष्टाचार रोकने के लिए लगातार कोशिशें कर रही हैं। ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल भुगतान, ई-टेंडरिंग, आरटीआई और विजिलेंस तंत्र को मजबूत करने जैसे कदम उठाए गए हैं, लेकिन इन सबका वास्तविक लाभ तभी संभव है जब जनता खुद सजग रहे। हर नागरिक के मन में यह दृढ़ संकल्प होना चाहिए कि वह किसी भी परिस्थिति में रिश्वत नहीं देगा, चाहे उसे कार्य में देरी क्यों न झेलनी पड़े। यह समझना जरूरी है कि रिश्वत देकर हम समस्या का समाधान नहीं कर रहे होते, बल्कि इस बीमारी को और फैलाते हैं। जब कोई व्यक्ति रिश्वत नहीं देता, तो एक कर्मचारी या अधिकारी भी यह सीखता है कि हर किसी को दबाव या लालच देकर नहीं जा सकता। धीरे-धीरे ऐसी दृढ़ मानसिकता भ्रष्टाचार की जड़ों को कमजोर कर देती है।

भ्रष्टाचार को खत्म करने का एक प्रभावी रास्ता पारदर्शिता है। जब प्रक्रियाएं साफ हों, जब निर्णय खुले में लिए जाएं, जब वित्तीय लेन-देन डिजिटल और ट्रैक करने योग्य हों, तब गलत कामों की गुंजाइश बहुत कम हो जाती है। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि ईमानदार अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाए और उनके काम की सराहना की जाए। अक्सर केवल भ्रष्ट लोगों पर ही चर्चा होती है, जबकि देश में ऐसे अनगिनत अधिकारी मौजूद हैं जो पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। ऐसे लोगों को पहचानना और सम्मानित करना समाज में सकारात्मक संदेश फैलाता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत की 'नादिया एक्सप्रेस'

झूलन निशित गोस्वामी (जन्म 25 नवंबर 1982, नादिया, पश्चिम बंगाल) भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक मानी जाती हैं। अपने कद, मेहनत और निरंतरता के कारण उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह मुकाम हासिल किया, जिसे कभी अकल्पनीय माना जाता था। 'नादिया एक्सप्रेस' के नाम से प्रसिद्ध झूलन अपनी तेज तर्रार गेंदबाजी और सटीक लाइन-लेंथ से भारत को कई महत्वपूर्ण जीत दिला चुकी हैं। वे वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली महिला गेंदबाज हैं।



झूलन निशित गोस्वामी
जन्म : 25 नवंबर,1982

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की प्रसिद्ध गेंदबाज कैथरीन फिट्जपैट्रिक का एक दशक पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह उपलब्धि अपने नाम की। 9 मई 2017 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए मैच में तीन विकेट लेकर उन्होंने अपने विकेटों की संख्या 181 कर ली और नया इतिहास रचा।

झूलन का प्रारंभिक जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। उनके पिता का नाम निशित गोस्वामी और माता का नाम झरना है। 5 फुट 11 इंच की लंबी झूलन बचपन से पड़ोस के लड़कों के साथ क्रिकेट खेलती थीं। शुरुआत में उनकी धीमी गेंदबाजी का मजाक उड़ाया जाता था, पर यही बात उन्हें एक तेज गेंदबाज बनने के लिए प्रेरित कर गई।

2002 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली झूलन, बाद में मिताली राज से पहले भारतीय टीम की कप्तान भी बनीं। वर्ष 2007 में उन्हें 'आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर' सम्मान से नवाजा गया और एक समय वे दुनिया की सबसे तेज महिला गेंदबाज भी रहीं। ■



कविता

## वह दौलत किस काम की

अनंत ज्ञान

**शिव राज सन्याल, गांव व डाकघर मकड़ाहन**

जोड़ रहा नित लूट के, फंसा मोह के पाश।
वह दौलत किस काम की, कुल का करे विनाश।
नहीं सब्र संतोष है, काम क्रोध अभिमान।
वह दौलत किस काम की, भरा कूप विष जान।
हक दूजे का खा रहा, उस रोटी में खून।
वह दौलत किस काम की, लालच भरा जुनून।
हिस्सा अपना मांगते, मर मिटते परिवार।
वह दौलत किस काम की, जिस से हो तकरार।
जोड़ रहा दिन-रात हैं, पैसा समझे शान।
वह दौलत किस काम की, नहीं धर्म ईमान।
नफरत अपनों से मिले, टूटे सब का प्यार।
वह दौलत किस काम की, जिस के भीतर खार।
जिस के भीतर खार, महाभारत है होती।
दिल को लगे वियोग, रूह घुट घुट के रोती।
मरता है दिन रात, नहीं हो पूरी हसरत।
अपने जाएं रूठ, करें सब दिल से नफरत।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# राष्ट्रीय जंबूरी : युवा सपनों का संगम और नेतृत्व का महापर्व

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी भारत के युवाओं का ऐसा विराट और प्रेरणादायी समागम है, जो देश के कोने-कोने से आए स्काउट्स और गाइड्स को एक सूत्र में पिरोते हुए उन्हें शिक्षा, अनुशासन, सेवा, सहयोग और चरित्र निर्माण के सर्वोच्च आदर्शों से रू-ब-रू कराता है। वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी इस गौरवपूर्ण परंपरा का एक ऐतिहासिक अध्याय है, क्योंकि यह डायमंड जयंती वर्ष के रूप में एक महत्वपूर्ण पड़ाव को दर्शाती है।



**रजनीश रांगड़ा**
**जिला आयुक्त (स्काउट) जिला हमीरपुर**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के वृंदावन कॉलोनी में 23 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाला यह आयोजन देशभर से आए लगभग 30,000 से अधिक स्काउट्स, गाइड्स और प्रशिक्षण दल के सदस्यों का स्वागत करेगा, जो सात दिनों तक सीख, सहयोग और सांस्कृतिक समन्वय का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगा।

यह जंबूरी वास्तव में 'युवा सपनों का संगम' इसलिए है, क्योंकि यह लाखों युवाओं के मन में छिपी संभावनाओं को खुलकर प्रकट होने के अवसर प्रदान करती है। यहां उन्हें नेतृत्व का प्रत्यक्ष अभ्यास मिलता है, सेवा का आनंद मिलता है और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का बोध दृढ़ होता है। इस आयोजन के माध्यम से युवा अपने सपनों को नई उड़ान देते हैं और अपने व्यक्तित्व में नेतृत्व के उन गुणों का निर्माण करते हैं जो भविष्य में उन्हें देश का दायित्व निभाने के योग्य बनाते हैं। यही कारण है कि इसे सही मायने में 'नेतृत्व का महापर्व' कहा जाता है जहां हर युवा नेतृत्व करना सीखता है और अपने सपनों को साकार करने का साहस प्राप्त करता है।

जंबूरी केवल भारत तक सीमित आयोजन नहीं है, बल्कि यह वैश्विक स्काउटिंग आंदोलन की प्रतिष्ठा और उपलब्धियों का प्रतीक भी है। आज स्काउटिंग विश्व के 174 देशों में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए 170 से अधिक राष्ट्रीय स्काउट संगठनों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक सदस्यों को मानवता और धरती की सेवा के लिए प्रेरित कर रही है। यह आंकड़ा स्पष्ट रूप से इस आंदोलन की शक्ति और उसकी निरंतर बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। स्काउटिंग का लक्ष्य केवल एक बेहतर विद्यार्थी तैयार करना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण, सौम्य और जिम्मेदार नागरिक निर्माण करना है, जो समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक योगदान दे सके। राष्ट्रीय जंबूरी इसी लक्ष्य का जीवंत प्रशिक्षण केंद्र है। यहां बच्चे न केवल अनुशासन के साथ जीवन जीना सीखते हैं, बल्कि नेतृत्व,



टीम भावना और आत्मनिर्भरता जैसे जीवन के अनिवार्य कौशलों को व्यवहार में उतारते हैं। शिविर जीवन उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में स्वयं निर्णय लेने और कठिनाइयों का सामना करने की क्षमता प्रदान करता है। तंबू लगाना, भोजन स्वयं तैयार करना, कम संसाधनों में रहकर कार्यों को पूरा करना ये सब अनुभव जीवन भर उनका आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उनमें यह विश्वास जगाते हैं कि 'मैं कर सकता हूं।' जंबूरी के दौरान आयोजित विविध गतिविधियां बच्चों को बौद्धिक रूप से प्रखर, वैज्ञानिक रूप से जिज्ञासु और सामाजिक रूप से संवेदनशील बनाती हैं। पायनियरिंग, फर्स्ट एड, आपदा प्रबंधन, मैप रीडिंग, सिग्नलिंग, सामुदायिक सेवा तथा साहसिक खेल जैसे कार्यक्रम उन्हें साहसी और सक्षम बनाते हैं। साथ ही, कैंप फायर, संस्कृति उत्सव, बैंड प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनी उनकी कला, संस्कृति और प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर अभिव्यक्त करने का भव्य मंच प्रदान करती हैं।

स्काउटिंग का बुनियादी दर्शन 'एकता में विविधता' जंबूरी में साक्षात रूप से अनुभव किया जा सकता है। भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधता जब एक ही शिविर में हंसती-खिलखिलाती नजर आती है, तब यह आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को पूर्णता प्रदान करता है। पंजाब के वीर गीतों, नागालैंड के लोकनृत्य, महाराष्ट्र के लावणी, राजस्थान की गेर, हिमाचल की नाटी और दक्षिण भारत के शास्त्रीय संगीत का सामूहिक स्वर राष्ट्रीय एकता की अद्भुत तस्वीर उकेर देता है। जंबूरी बच्चों को यह प्रेरणा देती है कि विविधता कोई दूरी नहीं, बल्कि हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इस आयोजन का प्रमुख आधार सामुदायिक सेवा है, जहां प्रतिभागी सीखते हैं कि समाज और धरती की सेवा ही स्काउटिंग का वास्तविक सार है। पर्यावरण संरक्षण, जल बचत, स्वच्छता अभियान, नशा-उन्मूलन, सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता जैसी गतिविधियां उन्हें जीवन की वास्तविक चुनौतियों को समझने और समाधान में भागीदारी का अवसर देती हैं। आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जंबूरी में तकनीकी और डिजिटल कौशलों को भी प्रमुख स्थान दिया गया है। स-श्वरू आधारित कार्यशालाएं, रोबोटिक्स, नवाचार प्रोजेक्ट और विज्ञान प्रदर्शनियां बच्चों में शोध, खोज और रचनात्मकता की भावना जगाती हैं। शिविर जीवन अनुशासन, समय पालन और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है। दिन ध्वजारोहण से आरंभ होकर राष्ट्रगान और कैंप फायर के साथ सम्पन्न होता है, जिससे उनमें नेतृत्व, सहयोग और आत्मविश्वास का विकास होता है।

विभिन्न राज्यों से आए बच्चों के साथ रहकर वे मित्रता, संचार, सहनशीलता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का महत्व समझते हैं। पर्यावरणीय गतिविधियां उनके मन में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की स्थायी चेतना स्थापित करती हैं। सात दिन का यह अनुभव उन्हें जीवन भर स्काउट प्रतिज्ञा पर खरे उतरने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शिक्षण संस्थानों में राजनीति का दखल राष्ट्रीय चरित्र पर खतरा

भारतीय संस्कृति में 'गुरु' को सदा से एक उच्च और पवित्र स्थान प्राप्त रहा है। कहा गया है–'गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वर:।' शिक्षक मात्र ज्ञानदाता नहीं, बल्कि समाज के पथप्रदर्शक और चरित्र-निर्माता होते हैं, परंतु आज का दुर्भाग्य यह है कि विद्यालयों की पवित्र दीवारों में भी राजनीति का दखल बढ़ता जा रहा है। यह प्रवृत्ति न केवल शिक्षा की आत्मा को आहत करती है, बल्कि शिक्षक की गरिमा और बच्चों के नैतिक विकास पर भी गहरा प्रभाव डालती है।



**बीआर नड्डा**
**गांव व डाकघर गेहड़वीं जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आजकल विद्यालयों में आयोजित वार्षिक पारितोषिक समारोह या सांस्कृतिक कार्यक्रम महज विद्यार्थियों की प्रतिभा प्रदर्शन का मंच न रहकर, राजनीतिक प्रदर्शन का माध्यम बनते जा रहे हैं। जिन समारोहों में कभी बच्चों के उत्साह और शिक्षकों के परिश्रम की सराहना होती थी, वहां अब नेताओं की उपस्थिति और भाषण मुख्य आकर्षण बन गए हैं। कई विद्यालयों में यह दृश्य आम हो गया है कि शिक्षकगण स्वयं बच्चों के साथ खड़े होकर, बुलाए गए राजनेताओं या जनप्रतिनिधियों को माला पहनाते हैं, उनके चरण स्पर्श करते हैं और मंच पर उन्हें 'महान' बताकर सम्मानित करते हैं भले ही उन्होंने शिक्षा, समाज या राष्ट्र निर्माण के लिए कोई योगदान न दिया हो।

यह सब देखकर विद्यार्थी अनायास ही यह संदेश ग्रहण करते हैं कि सम्मान का आधार कर्म नहीं, बल्कि सत्ता और पद है। इससे जो संस्कार जन्म लेते हैं, वे आत्मनिर्भरता और चरित्र-बल की बजाय चापलूसी, दिखावे और कृपा-परंपरा को पोषित करते हैं। यही वह बीज है, जिससे भविष्य में निर्भर और अवसरवादी नागरिक पनपते हैं।

शिक्षक कोई साधारण कर्मचारी नहीं होता वह समाज का मार्गदर्शक और आदर्श होता है। जब वही शिक्षक किसी नेता या प्रभावशाली व्यक्ति के आगे झुकता है, तो उसकी गरिमा पर आघात होता है। बच्चों की दृष्टि में भी गुरु का वह ऊंचा स्थान धुंधला पड़ जाता है। गुरु का 'अभामंडल' उसकी स्वतंत्र सोच, नैतिकता और आत्मसम्मान से निर्मित होता है। जब यह सब दबाव या राजनीतिक प्रभाव में खो जाता है, तो शिक्षा केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है। शिक्षक का दायित्व केवल पाठ पढ़ाना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर सोचने, प्रश्न करने और सत्य के प्रति निष्ठा जगाने का है, परंतु जब स्वयं शिक्षक भय या प्रभाव में हो, तो वह अपने विद्यार्थियों में स्वतंत्रता की भावना कैसे जगा सकेगा? दुखद तथ्य यह है कि अनेक शिक्षक भी इस 'अतिथि संस्कृति' या राजनीतिक प्रदर्शनों में केवल इस डर से भाग लेते हैं कि कहीं उनके तबादले या प्रमोशन पर विपरीत असर न पड़े। कई बार शिक्षा विभाग के निर्णय भी नेताओं के संकेतों पर निर्भर कर जाते हैं।



जब शिक्षक की नियुक्ति, स्थानांतरण या पुरस्कार जैसी बातें योग्यता और पारदर्शिता के बजाय राजनीतिक निकटता पर आधारित हो जाती हैं, तब शिक्षा का मूल उद्देश्य ही बिगड़ जाता है। एक स्वतंत्र और निडर शिक्षक ही विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच, नैतिक बल और चरित्र का विकास कर सकता है, परंतु जब शिक्षक स्वयं दबावों से घिर जाता है, तो शिक्षा व्यवस्था भीतर से खोखली होने लगती है।

आज गुरु का सम्मान प्रतीकात्मक रह गया है, जबकि वास्तविक जीवन में उसका आत्मविश्वास और निर्णय-सक्षमता घट रही है। विद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की प्रयोगशाला है। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं; जब वे शिक्षकों को राजनीतिक प्रभाव या कृपा की तलाश में झुकते देखते हैं, तो उनके मन में यह गलत धारणा बनती है कि सफलता का मार्ग सच्चाई नहीं, बल्कि चापलूसी से होकर जाता है। इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए कुछ ठोस कदम अनिवार्य हैं। शिक्षकों के तबादले पूरी तरह डिजिटल और मेरिट-आधारित प्रणाली से हों, ताकि किसी राजनीतिक हस्तक्षेप की गुंजाइश न रहे। विद्यालयों में मुख्य अतिथि वही हों जो शिक्षा, विज्ञान, कला या समाजसेवा में वास्तविक योगदान रखते हों। शिक्षक-सम्मान राजनीतिक मंचों पर नहीं, बल्कि स्वतंत्र शैक्षणिक समितियों द्वारा दिया जाए। विद्यालयों के कार्य, म सादगी, मूल्य और सीख पर आधारित हों।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व और दरकते-जुड़ते रिश्ते

बात इसी साल सितंबर की है। एक छोटे देश अल्बानिया ने एक कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) 'डिएला' को स्त्री रूप देकर उसे अपनी केंद्रीय सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिया और दुनिया में मनुष्य बनाम तकनीक को लेकर एक बहस की शुरुआत कर दी।




**हरीश शिवनानी**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस बहस के बीच ही जापान की 32 वर्षीय ऐमी कैनो ने नवंबर में अपने प्रेमी से लंबे ब्रेकअप के बाद चैटजीपीटी 'क्लॉस' से विवाह कर बहस को नया आयाम दे दिया है। कैनो ने विवाह करने के लिए 'एआई पर्सोना' को अपने स्वानुकूल बनाया। आवाज, टोन, पर्सनेलिटी तय कर डिजिटल इमेज भी बनाई और उसे नाम दिया 'क्लॉस'। इतना ही नहीं, उसने विवाह समारोह का आयोजन भी किया। यह कार्यक्रम नाओ और सायाका ओगासावारा ने आयोजित किया, जो '2 डी कैरेक्टर वेडिंग्स' करवाने में विशेषज्ञ हैं यानी वर्चुअल या 'फिक्शनल पार्टनर' से शादी करने वाले लोगों के लिए समारोह। यह मामला तकनीक के अलावा सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से काफी दिलचस्प है। इसके कई चिंतनीय पहलू हैं। प्रश्न यह है कि क्या तकनीक अब पति-पत्नी जैसे नितांत निजी और अंतरंग मामले में भी मनुष्य का विकल्प बनने जा रही है? कैनो का 'क्लॉस' से प्रतीकात्मक विवाह पहला मामला नहीं है। पुरुष या स्त्री रूप बने एआई /रोबोट /होलोग्राम के बीच ऐसे 'विवाह' के अन्य मामले भी हैं। यह कानूनी रूप से मान्य नहीं होते, लेकिन भावनात्मक रूप से व्यक्ति के लिए गहन होते हैं।

2017 में चीन के इंजीनियर झेंग जियाजिया ने खुद एक रोबोट 'यिंगयिंग' बनाया और उससे 'विवाह' कर लिया। 2018 में जापान के अकीहिको कोन्डो ने वर्चुअल पॉप स्टार हत्सुने मिकु (एक होलोग्राफिक एआई चरित्र) से तो 2023 में अमेरिकी रोसाना रैमोस ने रेप्लिका ऐप पर बनाए गए चैटबॉट 'एरेन कार्टल' से वर्चुअल मैरिज की। अमेरिका में ही 2025 में ट्रेविस नामक व्यक्ति ने चैटबॉट 'लिली रोज' से डिजिटल समारोह में विवाह किया। इसी तरह अलाईना विंटर्स ने भी एक रोबोट 'लुकास' से विवाह किया। इन विवाहों से सवाल भी उभरते हैं कि आखिर वह कौन-सी दुनिया है जिसमें इनसान मशीन के पास सुकून खोजने को मजबूर हो जाता है? वह कौन-सा जीवन है जहां लोग इतने अकेले हो चुके हैं कि उन्हें एक डिजिटल साथी के सामने दिल खोलना आसान लगता है? ऐसे विवाह करने वाले सभी लोगों के तर्क में एक सामान्य बात थी कि वे इस भरी दुनिया में बेहद अकेलापन महसूस कर रहे थे और वर्चुअल रूप से उन्हें एक 'परफेक्ट पार्टनर' मिल गया है। दरअसल इन घटनाओं को सतह से नहीं, भीतर से देखने की जरूरत है। कभी मानव समाज का स्वरूप वृहद था, लोग एक ही छत के नीचे रहते थे, सब आत्मीय रिश्तों की डोर से बंधे थे। आगे चलकर विवाह का अर्थ बदल गया। रिश्तों का केंद्र 'साथीपन' बन गया, जिसमें अपनेपन की तलाश, भावनात्मक सहारा, दर्द और थकान को साझा करने की अपेक्षाएं थीं, लेकिन आधुनिक दुनिया इस साथीपन को धीरे-धीरे खोखला भी करती गई।



नवीनतम चरण 21वीं शताब्दी का है, जहां यांत्रिक बुद्धिमत्ता, वर्चुअल रियलिटी और रोबोट्स संबंधों का केंद्र बन रहे हैं। तकनीक अब सिर्फ उपकरण नहीं, बल्कि आधुनिक दौर में मशीनें 'भावनात्मक साझेदार' बन रही हैं। 'तकनीक अब हमारा नया जीवन साथी है।' ये 'डिजिटल साथी' भावना अकेल जीवन बिताने वालों के लिए एक वैकल्पिक सहारा बन रहे हैं।

मशीनी साथी, खासकर चैटबोट, ऐसी प्रति, याएं देते हैं जो सहानुभूति युक्त, स्थिर और प्रशंसात्मक हो सकती हैं। यह व्यवहार 'एम्पैथिक रीफ्लेक्टिंग साथी' जैसा हो सकता है- जो व्यक्ति को यह महसूस कराता है कि उसकी भावनाओं को समझा गया है और वे एआई के साथ गहरा आत्मीय रिश्ता महसूस करने लगते हैं। इतना सब होने के बावजूद यह बिंदु भी गौरतलब है कि ये रिश्ते पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं को चुनौती देते हैं, इनके जोखिम भी बहुत हैं। लंबा भावनात्मक रिश्ता सामाजिक हानि में बदल सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वच्छता अभियान और हमारी जिम्मेदारी : वायु प्रदूषण रोकने की जरूरत

पशु भी जमीन पर बैठने से पहले अपनी पूंछ से उस जमीन को साफ करके अपनी समझदारी का सबूत देता आ रहा है। आजकल का इंसान क्या पशुओं से भी बदतर बनता जा रहा जो इधर-उधर प्लास्टिक का सूखा कचरा फेंककर अपनी नासमझी का सबूत दे रहा है?



**सुखदेव सिंह**
**स्वतंत्र लेखक, नूरपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्लास्टिक पानी की बोतल, कोल्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक, चाय, काफी के कप लोग इस्तेमाल तदोपरांत सरेआम सड़कों, गलियों, बस स्टॉप पर फेंकना अपनी रोजमर्रा की आदत बना चुके हैं। सरकार ने स्वच्छता अभियान केवल मीडिया में वाहवाही लूटने के लिए नहीं चला रखा हुआ है। लोगों में सूखे कचरे से होने बाले नुकसान को लेकर सामाजिक जागरूकता बढ़े इसलिए ही चलाया गया है।

स्वच्छता अभियान के तहत गांव स्तर पर कूड़ेदान रखे गए, मगर लोग इनमें सूखा कूड़ा डालने की बजाए उल्टा उनका मजाक बनाने में लगे हुए हैं। नतीजन ऐसे कूड़ेदान सिर्फ शोपीस बनकर ही रह चुके हैं। कंपनियों का कूड़ा-कचरा भी खड्ड, नालों में फेंककर पर्यावरण दूषित बनाता जा रहा है। बढ़ता वायु प्रदूषण दिनोंदिन मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। आसमान में उड़ते कचरायुक्त धूल के कणों से इंसान स्वच्छ वायु भी बराबर नहीं ले पा रहा है।

दूषित वायु प्रदूषण की वजह से आजकल लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। मौसम की एलर्जी,चमड़ी रोग, खांसी, दमा, हृदयघात, हड्डी रोग और खुष्क त्वचा की समस्या से हर कोई आहत है। इसी वजह से लोग लंग, किडनी और पनुमोनीया जैसी गंभीर बीमारियों के शिकार बनकर रहते जा रहे हैं। वायु प्रदूषण इंसान के दिमाग पर भी ज्यादा असर करके शरीर को निर्जीव बनाकर रख देता है। बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के लिए सरकारें फिलहाल नाकाम चल रही हैं, नतीजन



इसका खामियाजा आम जनमानस को भविष्य में भुगतना पड़ सकता है। सर्दियों में खासकर लोग कूड़े-कचरे के ढेरों को आग लगाकर शरीर को तपिश देने की कोशिशें करते आ रहे हैं। ऐसे कचरे के ढेरों से उठने वाला धुआं भी वातावरण को विषैला बनाने का काम करता है।

डीजल जनरेटर का धुआं और एयर कंडीशनर प्लांट की गर्म हवा भी पर्यावरण को ज्यादा गर्म बना रही है। फसलों, सब्जियों और फलों पर किए जा रहे जहरीली दवाओं और कीटनाशक स्प्रे से भी बातावरण पर विपरीत असर पड़ा है। धान का पराल जलाने से सबसे ज्यादा बातावरण प्रदूषण हो रहा, मगर जागरूकता बगैर यह सिलसिला सालों से इसी तरह चलता आ रहा है। सर्दियों के मौसम में धान के पराल, फैक्ट्रियों और वाहनों से उठने वाला कचरायुक्त धुआं वायु प्रदूषण को और गंभीर बना देता है। धुंध और धुएं का मिश्रण आसमान में जहरीली परत तैयार करता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और हर वर्ग का जीवन प्रभावित होता है। न्यायालय द्वारा पराल जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद कुछ किसान इसे नजरअंदाज कर वातावरण से खिलवाड़ कर रहे हैं, और इसका असर अब हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में भी स्पष्ट दिखने लगा है। पेड़ों की कटाई बढ़ने और औपचारिक पौधरोपण की वजह से प्राकृतिक ऑक्सीजन का स्रोत कम हो रहा है, जिससे जल स्तर भी तेजी से गिर रहा है। दूषित हवा वायरस, फ्लू और बीमारियों को बढ़ावा देती है, जबकि लोग सावधानी की जगह दर्द निवारक दवाओं पर निर्भर हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि लोग मास्क का उपयोग करें, भीड़ से दूरी रखें, स्वच्छ आदतें अपनाएं और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दें, तभी वायु प्रदूषण से राहत मिल सकेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा

## उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन विभाग को समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मंडी में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को लेकर सोमवार को व्यवस्थाओं और स्थान चयन की समीक्षा की गई।

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और कहा कि ई–वाहनों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए चार्जिंग अवसंरचना का शीघ्र विस्तार आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग तय समयसीमा में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करें ताकि जिला में चार्जिंग नेटवर्क सुचारू रूप से विकसित हो सके।

उपायुक्त ने बताया कि सरकारी कार्यालयों और विश्राम गृहों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए 44 स्थानों का चयन किया गया है, जिनमें 8 स्थानों पर डीसी और 36 स्थानों पर एसी चार्जिंग स्टेशन प्रस्तावित हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी नवीन कुमार ने बताया कि मंडी जिला से गुजरने वाले दो कॉरिडोर मंडी–पठानकोट (नंबर 5) और किरतपुर–मनाली (नम्बर 6) में प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशनों की साइट्स फाइनल कर दी गई हैं और आवश्यक एनओसी जारी हो चुकी है। कॉरिडोर नंबर 5 में पस्सल जोगिन्द्रनगर तथा कॉरिडोर नम्बर 6 में हराबाग और सयोग पंडोह में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। इन तीनों साइट्स की ड्राइंग वेंडर द्वारा तैयार कर दी गई है और साइट सर्वे पूरा हो चुका है। इन स्टेशनों पर 90 किलोवाट क्षमता के दो तथा 240 किलोवाट क्षमता का एक चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किया जाएगा और आवश्यक एमेनिटीज भी उपलब्ध कराई जाएंगी।



मंडी जिले में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को लेकर व्यवस्थाओं और स्थान चयन की समीक्षा करते डीसी।

उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के 10 पेट्रोल पंपों में स्थापित होने वाले चार्जिंग स्टेशनों में से नारला, जड़ोल, लोहारा (डडौर के निकट) और मंडी के पदम सिंह पेट्रोल पंप में ईवी स्टेशन सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। झीड़ी स्थित हरबंश लाल पेट्रोल पंप में चार्जिंग स्टेशन 25 नवम्बर से कार्य प्रारंभ कर देगा। अन्य 4 स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शेष है। वहीं पधर के राणा फिलिंग स्टेशन में प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशन का काम प्रारंभ होना बाकी है। बालीचौकी में एचपीसीएल के गोरसी कंस्ट्रक्शन फिलिंग स्टेशन में केवल वायरिंग का कार्य शेष है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, आरटीओ नवीन कुमार और बिजली बोर्ड के अधिकारी उपस्थित थे।

- **सरकारी कार्यालयों और विश्राम गृहों में 44 चार्जिंग स्टेशन प्रस्तावित**
- **एचपीसीएल पेट्रोल पंपों व इंडियन ऑयल पर ईवी स्टेशनों का कार्य प्रगति पर**

# एसवीएम में मेधावी विद्यार्थियों को दिए एक्सीलेंस अवार्ड व उत्कृष्टता पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 संस्थापक सदस्यों की याद में समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के शीर्ष 3 विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्व. सुंदर गोयल एक्सीलेंस, अवॉर्ड रजनी गोयल और श्रुति गोयल वैद्य द्वारा प्रदान किया गया।

वहीं नरेंद्र पाल चोपड़ा एक्सीलेंस अवॉर्ड स्नेह लता चोपड़ा व आशुतोष पाल चोपड़ा द्वारा तथा स्व. हेमकांत कात्यायन उत्कृष्टता पुरस्कार निर्मला कात्यायन द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने भी अपना सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर प्रबंध समिति की अध्यक्ष रजनी गोयल, उपाध्यक्षा स्नेहलता चोपड़ा, सचिव निर्मला कात्यायन, कोषाध्यक्ष याचना शर्मा और सदस्यों में आशुतोष पाल चोपड़ा, श्रुति गोयल वैद्य, स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. उमेश मंडयाल, उप–प्रधानाचार्य गुरचरण सिंह, शिक्षक, छात्र और उनके माता–पिता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य डॉ. उमेश मंडयाल ने स्कूल प्रबंधन समिति, शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।




छात्रों को एक्सीलेंस अवॉर्ड व उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करते हुए।

- **बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर मोहा मन**

## न्यूज ब्रीफ

### राजमहल में लगेगी आभूषणों की ग्रैंड प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शहर के प्रतिष्ठित होटल राजमहल में वर्मा ज्वेलर्स सोलन/ रोहडू की ओर से चार दिनों तक आभूषणों की ग्रैंड प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व प्रोवीसी अनुपमा सिंह ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए वर्मा ज्वैलर्स की ओर से फ्लोर मैनेजर वरुण गर्ग, सेल हेड शेष राम ठाकुर और सीनियर एक्सपर्ट मुकेश ठाकुर ने बताया कि मंडी से उनके फार्म का पुराना रिश्ता है। यह ग्रैंड एग्जिबिशन अच्छे ऑफर व यूनिक तथा एक्सक्लूसिव डिजाइन के साथ प्रस्तुत की गई है। उन्होंने बताया कि बड़ी खरीद करने पर सोने का सिक्का उपहार स्वरूप देने की भी योजना है। उन्होंने बताया कि ग्राहक अपने पुराने गहनों का भी एक्सचेंज यहां कर सकते हैं। इसके अलावा ग्राहकों के निजी सोने के गहनों की गुणवत्ता जांचने हेतु निःशुल्क मशीन की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी।

### स्वास्थ्य शिविर में हजारों लोग हुए लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** त्रिफालघाट पंचायत में स्वर्गीय रांझा राम राव वेलफेयर सोसायटी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आईजीएमसी शिमला के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम ने लगभग 1000 लोगों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस स्वास्थ्य शिविर में आईजीएमसी, शिमला से आए मेडिसिन, शिशु रोग, ईएनटी, स्त्री रोग, हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), हड्डी रोग (ऑर्थोपेडिक्स), व नेत्र रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की विस्तृत जांच कर उन्हें परामर्श दिया। शिविर में आने वाले लोगों के लिए रक्त जांच, शुगर टेस्ट और ईसीजी जैसी आवश्यक जांचों की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई गई। जांच के बाद मरीजों को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही, जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए। इस शिविर के आयोजन में श्री मणिमहेश लंगर कमेटी ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। आयोजन समिति ने शिविर की सफलता के लिए श्री मणिमहेश लंगर कमेटी के प्रयासों का विशेष धन्यवाद किया है।

### सरकाघाट कॉलेज ने किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंदरनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट ने कुल्लू में आयोजित एसपीयू प्रथम अंतर-महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। हैंडबॉल (पुरुष) चैंपियनशिप में टीम ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रनर-अप ट्रॉफी हासिल की। खिलाड़ियों की टीम भावना और दमदार प्रदर्शन को देखते हुए महाविद्यालय पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. आरआर कोंडल और प्रशासन ने टीम को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान कीं। प्रो. दिनेश कुमार (सह-आचार्य, शारीरिक शिक्षा विभाग) को भी विशेष बधाई दी गई। इसी दौरान आयोजित बैडमिंटन चैंपियनशिप में भी महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों आशीष, राजीव, सूर्यांश और भुमित रावल ने निर्णायक बढ़त के साथ महाविद्यालय को विजेता बनाया। कॉलेज परिवार ने दोनों टीमों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

### आदर्श व जिम्मेदार शिक्षक बनने की प्रेरणा दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बीएड करिश्मा महाविद्यालय नेरचौक में चरित्र निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। चेयरमैन ई0 ललित पाठक ने हिमाचली शाल व टोपी पहनाकर अतिथियों का सम्मान किया। मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय संयोजक जग राम ने भारतीय शिक्षा पद्धति की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन भारत में शिक्षा का आधार सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि कौशल, व्यवहारिकता, आध्यात्मिकता और चरित्र निर्माण था। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए शिक्षा सुधार और भारतीय शिक्षण पद्धति का पुनरुत्थान आवश्यक है। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, एचएस राणा, विशाल आजाद, सुनील कुमार, गुरुदेव सिंह राणा सहित समस्त प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहा। कार्यशाला ने भावी शिक्षकों को आदर्श एवं जिम्मेदार शिक्षक बनने की प्रेरणा दी।

### छात्रों ने इतिहास, संस्कृति का किया अध्ययन



**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय महाविद्यालय मुल्थान द्वारा आयोजित चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भ्रमण में 36 विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनमोल, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेज़ी) के मार्गदर्शन में किया गया, साथ में प्रो. ऋषभ चौहान और डॉ. मिलन कुमार भी उपस्थित रहे। पहले दिन विद्यार्थी स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग और वाघा बॉर्डर का भ्रमण कर सिख इतिहास, सेवा की परंपरा और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। दूसरे और तीसरे दिन दल ने माता चिंतपूर्णी, ज्वाला जी, बगलामुखी माता के शक्तिपीठों तथा कांगड़ा किला व मसरूर रॉक-कट मंदिरों का अवलोकन कर क्षेत्रीय इतिहास और वास्तुकला का अध्ययन किया। अंतिम दिन बैजनाथ शिव मंदिर का भ्रमण हुआ। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों और स्टाफ के सहयोग की सराहना करते हुए इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत लाभकारी बताया।

### मुख्यातिथि आरसी कटोच ने बच्चों को दिए स्वेटर

**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारड़ी में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन कार्यकारी प्रधानाचार्य रमेश कुमार की अगुवाई में किया गया। मुख्यातिथि, जन चेतना समाजसेवी संस्था धर्मशाला के अध्यक्ष आरसी कटोच, बच्चों को एक-एक स्वेटर और स्कूल के लिए साउंड सिस्टम प्रदान कर सम्मानित किए। समारोह में बच्चों ने पहाड़ी नाटी प्रस्तुत कर मनोरंजन किया। प्रधानाचार्य ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्यातिथि सहित अन्य उपस्थित गणमान्यों का स्वागत स्मृति चिन्ह, टोपी और शॉल पहनाकर किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 209 विद्यार्थियों को पुरस्कार भी दिए गए। मुख्यातिथि ने हर वर्ष पाठशाला की सेवा जारी रखने का आश्वासन दिया। स्कूल प्रबंधन कमेटी और क्षेत्रीय गणमान्य लोग समारोह में उपस्थित रहे।

## मैरामसीत स्कूल में जिलास्तरीय विधिक सेवा शिविर आयोजित

# लोगों ने जाने कानूनी अधिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मंडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मैरामसीत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के माध्यम से समाज के वंचितों व जरूरतमंदों को सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता समन्वयक एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य चमन राही ने की।



मैरामसीत स्कूल में जिलास्तरीय विधिक सेवा शिविर में मौजूद गणमान्य।

इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण के रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता समीर कश्यप, अधिवक्ता ललित ठाकुर ने लोगों को एट्रोसिटी एक्ट, नशामुक्त समाज–भारत का संकल्प, पर्यावरण संरक्षण–भूमंडल रक्षण तथा आपदा पीड़ित पुनर्वास विषयों, कानूनी प्रक्रियाओं बारे जानकारी दी। इस शिविर में पुलिस अधिकारी अजमेर सिंह, जोगिंदर वर्मा, चंदन वर्मा, सुनील व विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता, सहायिकाएं, आशा वर्कर्स और पंचायत के मनोनीत सदस्य व पंचायत स्टाफ और स्कूल के विद्यार्थियों व उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीडीपीओ रिवालसर वंदना शर्मा, सीडीपीओ सुंदरनगर सुंदरनगर, बीएमओ रोहांडा डाक्टर अनूप शिवहरे, मैरामसीत बैरी पंचायत के पूर्व प्रधान जगत राम ठाकुर, ग्राम पंचायत खिलड़ा के कार्यवाहक प्रधान लखन सिंह, कलौहड़ के प्रधान शीला देवी, टेकचंद लुहाखर पंचायत प्रधान, बड्डू पंचायत के प्रधान गोविंद राम वर्धन, पूर्व पंचायत प्रधान धारंडा पृथी चंद परमार, सुपरवाइजर उर्मिला शर्मा, रामसिंह बैरकोट पंचायत प्रधान, पंचायत पदाधिकारी प्रेमसिंह ठाकुर, सुभाष, मीना देवी, कमला देवी, लता देवी, प्रभाराम, प्रोमिला देवी, बबिता देवी तथा स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रूपलाल, वरिष्ठ प्रवक्ता मीनाक्षी धीमान, डीपी गोविंद राम और समाजसेवी उमेश ठाकुर, ई. कपूर सिंह, सहकारिता मिशन के देवी स्वरूप सैनी आदि उपस्थित रहे।

## आपदा प्रभावितों के जख्मों पर नमक छिड़कने के लिए मनाया जा रहा मंडी में जश्नः चौहान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव व अधिवक्ता अजय चौहान की ने प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के जश्न पर सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जब जनता त्रस्त हो और सरकार मस्त, तब ऐसे जश्न जनता की पीड़ा का मजाक उड़ाने जैसा है। तीन साल में कांग्रेस सरकार का जनता से सरोकार पूरी तरह खत्म होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, कर्मचारी अपने हकों के लिए सड़कों पर हैं, आपदा पीड़ित मदद के लिए भटक रहे हैं और आम नागरिक महंगाई से परेशान है। ऐसे माहौल में सरकार का जश्न मनाना उसकी संवेदनहीनता और जनता से दूरी को उजागर करता है।

चौहान ने कहा कि इस आपदा में सबसे ज्यादा नुकसान मंडी जिला में हुआ है लेकिन सरकार ने जश्न मनाने का स्थान भी मंडी ही चुना। जश्न तो तब होना चाहिए था अगर सरकार ने प्रभावितों की कोई मदद की होती केवल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का काम इस आपदा में सरकार ने किया है और अब जश्न के नाम पर उन पीड़ितों व आपदा प्रभावित परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जश्न नहीं, सरकार को चाहिए कि ईमानदार तीन साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखे, कांग्रेस की सारी गारंटियां सिर्फ चुनावी छल साबित हुई है।

# 15 पंचायतों में लगेंगे 500–500 किलोवाट क्षमता के सोलर पावर प्लांट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- **उपायुक्त ने हिम ऊर्जा विभाग के साथ प्रगति की समीक्षा की**

ग्रीन पंचायत योजना के तहत मंडी जिले की 15 पंचायतों में स्थापित किए जाने वाले 500–500 किलोवाट क्षमता वाले सोलर पावर प्लांटों की प्रगति की समीक्षा आज उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने उपायुक्त कार्यालय के वीसी कक्ष में हिम ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ की। बैठक में भूमि चयन, तकनीकी आवश्यकताओं और आगामी समय–सीमा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। योजना के तहत प्रत्येक चयनित पंचायत में 500–500 किलोवाट का ग्राउंड–माउंटेड सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जाना है।

उपायुक्त ने हिम ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भूमि की उपलब्धता या दस्तावेजों की प्रक्रिया लंबित है, वहां संबंधित एसडीएम के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र स्थान चयनित किए जाएं। उन्होंने कहा कि समय–सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि परियोजना के निर्माण कार्य में देरी न हो। उपायुक्त ने बताया कि ग्रीन पंचायत योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, पंचायतों की आय में वृद्धि करना और स्थानीय स्तर पर बिजली आपूर्ति को मजबूत बनाना है। सोलर प्लांटों से उत्पन्न बिजली ग्रिड को भेजी जाएगी। बिजली से प्राप्त आय का 40 प्रतिशत पंचायतों को मिलेगा, जिससे उन्हें स्थायी वित्तीय लाभ प्राप्त होगा। बैठक में हिम ऊर्जा के परियोजना अधिकारी कपिल कुमार ने जानकारी दी कि प्रारंभिक चरण में 10 पंचायतों के लिए स्थान सुझाए गए थे, लेकिन वे स्थान तकनीकी दृष्टि से व्यवहारिक नहीं पाए गए। अब सरकार ने मंडी जिले में 15 पंचायतों को योजना के लिए प्रस्तावित किया है, जिनके लिए नए उपयुक्त स्थानों का चयन किया जाना है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, परियोजना अधिकारी हिम ऊर्जा मंडी कपिल कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिमाचल डेंटल कॉलेज की डॉक्टर लीजा सचदेवा का वैश्विक सम्मान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

- **मेडिकल यूटिलिटी ट्रे डिजाइन को यूके ने दिया इनोवेटिव डिजाइन पेटेंट**

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के लिए गौरव का क्षण है। कॉलेज के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी विभाग की प्रोफेसर और हेड डॉक्टर लीजा सचदेवा को उनके द्वारा विकसित की गई मेडिकल यूटिलिटी ट्रे के डिजाइन पर यूके द्वारा इनोवेटिव डिजाइन पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि हिमाचल प्रदेश और भारत के लिए भी गौरव का विषय है।लीजा द्वारा विकसित नया ट्रे–डिजाइन क्लिनिकल प्रक्रियाओं के दौरान दक्षता, स्वच्छता और उपयोग में सुविधा को बढ़ाता है, जिससे चिकित्सा व दंत चिकित्सकों के लिए कार्य अधिक व्यवस्थित और सरल बनता है।



डॉ. सचदेवा का यह आविष्कार व्यावहारिक और डिजाइन–आधारित नवाचार के माध्यम से नैदानिक सेवाओं को उन्नत बनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पेटेंटेड यूटिलिटी ट्रे दंत चिकित्सालयों, अस्पतालों तथा अन्य चिकित्सा संस्थानों में कार्यप्रवाह को बेहतर करने और रोगी देखभाल के उच्च मानकों को समर्थन देने में सहायक सिद्ध होगी। कॉलेज प्रबंधन ने डॉ. लीजा सचदेवा को इस उपलब्धि पर बधाई दी है और चिकित्सा नवाचार एवं संस्थान की अनुसंधान उत्कृष्टता को सशक्त बनाने में उनके योगदान की सराहना की है। वहीं प्रबंधन ने उम्मीद जताई है कि डॉ. सचदेवा के इस आविष्कार से प्रेरित होकर संस्थान के अन्य शोधकर्ता भी नए आयाम स्थापित करेंगे।

# प्रदेश सरकार के खिलाफ 4 को विधानसभा का घेराव करेगी भाजपा : राकेश जम्वाल



विधायक राकेश जम्वाल ने अंबेडकर नगर में बस स्टैंड के साथ बने पुल को जनता के लिए समर्पित किया।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राकेश जम्वाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 4 दिसंबर को विधानसभा का घेराव कर प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना–प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सरकार की 3 वर्षों की नाकामियों को लोगों के समक्ष उजागर किया जाएगा। विधायक सुंदरनगर एवं प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कही। इस मौके पर राकेश जम्वाल ने नगर परिषद के वार्ड नंबर–8 अंबेडकर नगर में बस स्टैंड के साथ बने पुल को जनता के लिए समर्पित किया। इसके साथ विधायक ने भोजपुर से सुपर बाजार और अंबेडकर नगर के लिए बने पुल का उद्घाटन किया। राकेश जंवाल ने कहा कि नगर परिषद सुंदरनगर के माध्यम से शहर को सुंदर बनाने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत शहर में 15 करोड़ रुपए की पार्किंग, विवेकानंद पुस्तकालय, विभिन्न वार्डों में पार्क और शौचालयों का निर्माण किया गया है। नगर परिषद स्वच्छता को लेकर भी बेहतरीन कार्य कर रही है। लेकिन वर्तमान की कांग्रेस सरकार द्वारा नगर परिषद के विकास कार्यों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। नगर परिषद के अपने स्तर पर आय को बढ़ाने का प्रयास किया है और सरकार ने फूटी कौड़ी भी नहीं दी है। राकेश जंवाल ने कहा कि केंद्र से विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत नगर परिषद को विकास के लिए धन उपलब्ध हो रहा है।

# 28 को होने वाली पेंशनर्स रोष रैली में मंडी जिले से 600 सदस्य होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन सुंदरनगर ब्लॉक की बैठक सोमवार प्रधान लक्ष्मण सिंह वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे, जबकि संयुक्त संघर्ष समिति, जिला मंडी के संयोजक हेम सिंह ठाकुर विशेष तौर पर आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए। बैठक में आगामी 28 नवंबर को धर्मशाला में प्रस्तावित रोष रैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। फेडरेशन ने रैली से संबंधित सभी व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को भी अंतिम रूप दिया। पदाधिकारियों ने बताया कि रैली का उद्देश्य सरकार को पेंशनरों की लंबित एवं न्यायसंगत मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करवाना है। जिला संघर्ष समिति के संयोजक हेम सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि मंडी जिला के अंतर्गत आने वाले सभी 18 पेंशनर संगठन इस रैली में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि यह रैली पेंशनरों की एकता और अधिकारों की आवाज को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। बैठक में बताया गया कि सुंदरनगर उपमंडल से लगभग 200 से 300 पेंशनर्स और संपूर्ण मंडी जिले से लगभग 500 से 600 सदस्य धर्मशाला पहुंचेंगे। सभी सदस्यों ने रैली को शांतिपूर्वक एवं प्रभावी रूप से संपन्न करवाने का संकल्प दोहराया। फेडरेशन का कहना है कि प्रदेश सरकार के समक्ष पेंशनरों की लंबित मांगों को पूरा करने के लिए प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें विभिन्न भत्तों की बहाली, लंबित भुगतान, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

## मदद आपदा के दौरान कंधे से कंधा मिलाकर प्रभावितों के साथ खड़ी रही राज्य सरकार

# दु:ख की घड़ी में मुख्यमंत्री ने दिया सहारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

इस वर्ष की बरसात में भीषण बाढ़ एवं भूस्खलन से आई आपदा के प्रभावितों को राहत पहुंचाने में सुक्खू सरकार का मानवीय चेहरा सामने आया है। अपना घर–बार खो चुके प्रभावित परिवारों को आशियाना प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की ओर से विशेष राहत पैकेज के तहत राशि आवंटन से उनके चेहरों पर मुस्कान लौटने लगी है। यह प्राकृतिक आपदा प्रदेश सहित मंडी जिला में लोगों को गहरे जख्म दे कर गई है।

प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में ऐसे लोगों को फिर से बसाने के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित किया है। इसमें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकान के पुन:निर्माण के लिए सात लाख रुपए प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही बर्तनों सहित अन्य घरेलू सामान की क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा 70 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया है। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए एक लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की जा रही है।

इसी विशेष पैकेज के तहत 10 नवंबर को राहत वितरण का गवाह बना मंडी का पड्डल मैदान। यहां 4914 प्रभावित परिवारों को 81.28 करोड़ रुपए के लाभ अंतरित किए गए। लाभार्थियों में मंडी जिला के 2328 परिवारों को 36 करोड़ रुपए, कुल्लू जिला के 2172 परिवारों को 39.78 करोड़ रुपए तथा बिलासपुर जिला के 414 प्रभावित परिवारों को 5.50 करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रदान किए गए। पूर्ण रूप से घर क्षतिग्रस्त होने पर 1513 प्रभावित परिवारों को चार लाख रुपए तक की किस्त जारी की गई। इसके अतिरिक्त 3401 परिवारों को आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए राहत राशि प्रदान की गई।

सुंदरनगर क्षेत्र के मंजेहड़ा की सविता ने बताया कि उन्होंने इसी साल फरवरी में नया मकान बनाया, लेकिन भारी बारिश के कारण यह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। चार लाख रुपए की किस्त मिलने पर सरकार का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि सुक्खू गरीबों के साथ खड़े हैं। धर्मपुर के लंगेहड़ गांव की कमली देवी व साथ आए परिजन राजपाल का कहना है कि मुख्यमंत्री गरीबों की सहायता कर रहे हैं। घर ढहने से वे ठोकरें खाने को मजबूर हो गए, लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें सहारा दिया है। धर्मपुर के कपाही निवासी रवि कुमार के मकान पर भूधंसाव का शिकार बने स्याठी गांव का मलबा आ गिरा। उन्होंने बताया कि अब वे किराए के घर में रहने को मजबूर हैं और सरकार की ओर से इसका किराया मिल रहा है। घर बनाने को सात लाख रुपए प्रदान करने के लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार जताया। चच्योट क्षेत्र के युवराज, बाड़ा के गिरधारी लाल, बिलासपुर जिला के राजेश कुमार व पंकज तथा कुल्लू जिला के प्रेमचंद व छपेराम ने भी आपदा राहत के लिए राज्य सरकार का धन्यवाद किया। छपेराम का कहना है कि इस आपदा में राज्य सरकार कंधे से कंधा मिलाकर प्रभावितों के साथ खड़ी रही। मकान ढहने पर प्रभावित परिवारों को न केवल मकान किराया दिया अपितु सात लाख रुपए नया घर बनाने के लिए सरकार दे रही है।

### सहायता करने के लिए सीएम का जताया आभार

**सुंदरनगर** के गमोहू गांव की गणपतु ने बताया कि इस बार बरसात ने उनका घर छीन लिया और दूसरों के घर में रहने को वह मजबूर हैं। उनके साथ आए परिजन ने बताया कि इस विपदा की घड़ी में सरकार ने मदद की है व चार लाख रुपए की किस्त मिलने से उन्हें घर बनाने में आसानी होगी। उनका कहना है कि इस दुःख की घड़ी में मुख्यमंत्री साथ खड़े हैं, जिसके लिए सुक्खू का आभार व्यक्त करते हैं।

- **मकान बनाने को 4 लाख की किस्त मिलने से प्रभावितों के चेहरों पर लौटी मुस्कान**

# जिलास्तरीय क्रॉस कंट्री में सोनल और तनिश ने झटके गोल्ड मेडल




क्रॉस कंट्री में मेडल जीतने के बाद चौंतड़ा स्कूल के एथलीट शारीरिक शिक्षक के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला मंडी एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा जिलास्तरीय ओपन क्रॉस कंट्री दौड़ का अयोजन किया गया, जिसमें पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा के एथलीट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल हासिल किए। अंडर–16 लडकियों के आयु वर्ग में सोनल ठाकुर ने गोल्ड मैडल हासिल किया।

इसके साथ अंडर–16 लडकों के आयु वर्ग में तनिष ने भी गोल्ड मैडल हासिल किया, अंडर–18 लडकियों के आयु वर्ग में काजल ने सिल्वर मैडल हासिल किया। इसके साथ में ये तीनों खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए हुआ है जो आगामी 14 दिसंबर को जिला मंडी के पडल ग्राउंड में आयोजित होगी। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र पॉल सिंह खुशी जाहिर की है और शारीरिक शिक्षकों डीपीई संतोष ठाकुर, पीईटी राजेंद्र सिंह, धर्म सिंह और समस्त स्कूल स्टाफ, आफिस स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति व इन खिलाडियों के अभिभावकों को बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फर्जी हाजिरी और सामग्री के दुरुपयोग पर जवेहड़ पंचायत का प्रधान निलंबित

## पंचवटी निर्माण घोटाला उजागर, डीसी ने पंचायत प्रधान पर की कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमंडल अंब की ग्राम पंचायत जवेहड़ में पंचवटी निर्माण में बरती गई अनियमितता के आरोप सिद्ध हो जाने पर डीसी जतिन लाल ने ग्राम पंचायत जवेहड़ के प्रधान शिव कुमार को छह माह तक पंचायत के किसी भी कार्य या कार्यवाहियों में भाग लेने से वर्जित कर दिया। ग्राम पंचायत प्रधान पर पंचवटी का निर्माण चयनित स्थान पर न करवाने व मस्टररोल में फर्जी हाजरियां लगाने के आरोपों की जांच में यह आरोप सही पाए गए। इस पर डीसी ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम की धारा 146 (1-क) में अंकित प्रावधानों के तहत पंचायत प्रधान को छह मास के लिए किसी भी कार्य या कार्यवाही में भाग लेने से विवर्जित किया है। ग्राम पंचायत जवेहड़ के लंढेर टिकरी गांव के मंजीत सिंह व कुछ अन्य निवासियों ने छह सितंबर वर्ष 2023 में जिला विकास अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया था कि ग्राम पंचायत जवेहड़ के वार्ड नंबर दो में पंचवटी का निर्माण किया गया है, जबकि मौके पर कोई पंचवटी नहीं है और न ही वहां पर उसका कोई बोर्ड आदि है। इसके साथ ही उन्होंने यह आरोप भी लगाए थे कि ग्राम पंचायत जवेहड़ के मस्टररोल में फर्जी हाजरियां लगाकर सरकारी सीमेंट का भी दुरुपयोग किया गया है। इस पर इस मामले की जांच का जिम्मा खंड विकास अधिकारी अंब को दिया गया। खंड विकास अधिकारी की जांच रिपोर्ट में ग्राम पंचायत प्रधान प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। इस पर जिला पंचायत अधिकारी ने ग्राम पंचायत प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, लेकिन कारण बताओ नोटिस पर दिया गया जवाब भी संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर अठारह सितंबर, 2025 को ग्राम पंचायत प्रधान को निलंबित किया गया। इसके बाद आरोपों की सत्यता जांचने के लिए एसडीएम अंब को नियमित जांचअधिकारी नियुक्त किया गया। एसडीएम द्वारा प्रस्तुत की गई नियमित जांच रिपोर्ट के परीक्षण के बाद आगामी कार्रवाई से पहले फिर से ग्राम पंचायत प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ। इसका जवाब भी असंतोषजनक पाया गया। इस पर जिला पंचायत अधिकारी ने पंचायत के वार्ड नंबर दो में चिन्हित स्थान पर पंटवटी का निर्माण न करने व मस्टररोल में फर्जी हाजरियां लगाकर सरकारी सीमेंट का दुरुपयोग करने का आरोप को सही पाया। इस मामले में अगली कार्रवाई करते हुए डीसी जतिन लाल ने पंचायत प्रधान को छह माह के लिए हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम की धारा 146 (1-क) में अंकित प्रावधानों के तहत पंचायत के किसी भी कार्य व कार्यवाहियों में भाग लेने से विवर्जित कर दिया है। जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

# ऊना गोलीकांड का वीडियो हुआ वायरल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना में 20 नवंबर की आधी रात हुए गोलीकांड का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पूरे जिले में सनसनी फैल गई है। वायरल वीडियो में सड़क किनारे खड़े दो समूहों के युवकों के बीच कहासुनी का माहौल अचानक हिंसक झड़प और फिर गोलीबारी में बदलते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहा है। फुटेज में यह भी दिख रहा है कि आरोपी ने पीड़ित युवक के लगभग दो से तीन फुट की दूरी से गोलियां दागीं। वीडियो के वायरल होने के तुरंत बाद डीसी एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने सोशल मीडिया से यह वीडियो हटाने के निर्देश जारी किए हैं, जबकि पुलिस ने इसे वायरल करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के संकेत दिए हैं।

घटना 20 नवंबर की रात लगभग 12:05 बजे की है। वीडियो में आसपास व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बोर्ड स्पष्ट नजर आते हैं, जिससे पता चलता है कि गोलीकांड किसी व्यावसायिक क्षेत्र या मुख्य सड़क के पास हुआ। फुटेज की शुरुआत में सफेद फॉर्च्यूनर और क्रेटा कार के समीप कुछ युवक आपस में बहस करते दिखते हैं। कुछ ही सेकंड में स्थिति बिगड़ती है और दोनों ओर से धक्का-मुक्की व मारपीट शुरू हो जाती है। वीडियो में कुछ लोगों को लाठी जैसे हथियार लिए हुए भी देखा जा सकता है। लगभग 18-20 सेकंड बाद अचानक गोलियों की आवाज सुनाई देती है, जिसके बाद स्थल पर अफरा-तफरी मच जाती है। गोली लगने के बाद एक युवक मौके पर गिर जाता है। वीडियो में साफ दिखता है कि पीड़ित ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटनाक्रम के समय हाईवे से गुजरती कार और उसके बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस भी वीडियो में दिख रही है। एसपी अमित यादव ने कहा कि ऐसे वीडियो का प्रसार प्रतिशोध में की जाने वाली फायरिंग की घटनाओं को बढ़ावा दे सकता है और क्षेत्र में दहशत फैला सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी पुलिसकर्मी की इस वायरलिंग में संलिप्तता पाई गई, तो उसे तत्काल निलंबित किया जाएगा। इस घटना ने पूरे ऊना जिले में चिंता और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है।

### प्रशासन और पुलिस की सख्ती

**डीसी** जतिन लाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप, यूट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस वीडियो को तत्काल प्रभाव से हटाने को कहा है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर बीएनएस धारा 223 सहित अन्य प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। यह आदेश 24 नवंबर 2025 से लागू हो गया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### क्या था मामला?

**घटनास्थल** के पास स्थित एक निजी होटल में दो अलग-अलग जन्मदिन पार्टियां चल रही थीं। इसी दौरान दोनों समूहों के युवकों में बहसबाजी हुई, जो सड़क पर हिंसक झड़प और गोलीबारी में बदल गई। फायरिंग में संतोषगढ़ निवासी आशु पुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए।

# ऊना जिले में 2 दिन के भीतर हथियार व गोला-बारूद जमा कराने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

डीसी ऊना जतिन लाल ने जन सुरक्षा व कानून व्यवस्था की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए एक अहम आदेश जारी किया है। आदेश के तहत जिले के सभी हथियार लाइसेंसधारकों को अपने हथियार और गोला-बारूद तुरंत जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के मुताबिक लाइसेंसधारकों को 26 नवंबर तक अपने नजदीकी पुलिस थाने या प्राधिकृत लाइसेंसधारी आर्म्स एवं एम्यूनिशन डीलर के पास हथियार व गोला बारूद जमा कराने होंगे।

आदेश का पालन न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलादंडाधिकारी ने यह आदेश जिले में हाल ही में हुई गोलीबारी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बीएनएसएस की धारा-163 के तहत जारी किया है। यह आदेश आगामी निर्देशों तक लागू रहेगा। सभी थाना प्रभारियों को आदेश के अनुपालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हथियार जमा करने की प्रक्रिया के दौरान, थाने और अधिकृत डीलर उपयुक्त रिसिप्ट देकर हथियारों की सुरक्षित प्राप्ति तथा रखरखाव सुनिश्चित करेंगे। आदेश समाप्त होने के बाद जमा किए गए हथियार वापस किए जाएंगे। जिलावासियों की सुरक्षा व कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने जनता से आदेश का पालन करने व शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की है। बता दें, डीसी और एसपी की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमेटी ने जिले के सभी लाइसेंसी हथियारों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर सभी लाइसेंसधारकों को अपने हथियार व गोला-बारूद जमा कराने के निर्देश देने की सिफारिश की थी। यह आदेश सशस्त्र/पैरामिलिट्री फोर्सेज, होम गार्ड्स, पुलिस कर्मचारी, बैंक सुरक्षा गार्ड और अन्य कानून व्यवस्था से जुड़े कर्मियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही, सेल्फ-प्रोटेक्शन लाइसेंस वाले हथियारों के लिए पुलिस खतरे की स्थिति का गहन आकलन करेगी, जिन लाइसेंसधारकों के जीवन पर तत्काल खतरा हो, उन्हें इस आदेश में छूट दी जाएगी।

# अंब ने होशियारपुर को हराकर जीता वॉलीबाल का फाइनल मैच



लडोली पंचायत में वॉलीबॉल टूर्नामेंट के समापन पर विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही/ऊना**

अंब उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत लडोली में आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट का विधिवत समापन हुआ।

युवा मोर्चा लडोली द्वारा आयोजित इस खेल प्रतियोगिता ने युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा दी। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला होशियारपुर की टीम और अंब की टीम के बीच खेला गया। पांच सेट के निर्धारित इस रोमांचक मैच में खेल शुरू होते ही दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंब की टीम ने बेहतरीन तालमेल और मजबूत रणनीति के दम पर सिर्फ तीन सेटों में ही फाइनल अपने नाम कर लिया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि अधिवक्ता अनिल शर्मा रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रथम स्थान अंब की टीम रही, टीम को 31,000 नकद पुरस्कार दिया गया और द्वितीय स्थान पर होशियारपुर की टीम रही टीम को 21,000 नकद पुरस्कार दिया गया। मुख्यातिथि अनिल शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें सकारात्मक दिशा में अग्रसर करते हैं।

# प्रिंसिपल की प्रमोशन पर कैबिनेट के निर्णय का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** कैबिनेट बैठक के बाद मंत्रियों ने प्रेस वार्ता में बताया कि शिक्षा सचिव के नेतृत्व में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) गठित की जाएगी और शीघ्र ही स्कूल प्रिंसिपलों की प्रमोशन लिस्ट जारी की जाएगी। इस निर्णय को लेकर हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ ने संतोष प्रकट किया है। संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने कहा कि शिक्षा सचिव राकेश कंवर के नेतृत्व में डीपीसी बनाए जाने का निर्णय अत्यंत सराहनीय और सकारात्मक कदम है। इस निर्णय से स्कूल प्रिंसिपल पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी आएगी और लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे लेक्चररों को शीघ्र लाभ प्राप्त होगा। विभाग द्वारा समयबद्ध तरीके से प्रमोशन प्रक्रिया पूरी किए जाने से जहां प्रशासनिक कार्यक्षमता बढ़ेगी। लेक्चरर संघ ने कैबिनेट के इस महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए राज्य सरकार व शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया है।

# ऊना जिले में भव्य नगर-कीर्तन निकाला संगत ने कीर्तन व लंगर में निभाई सहभागिता



श्री गुरु तेग बहादुर जी और भाई मती दास, भाई सती दास, भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस पर मैहतपुर बसदेहड़ा में सजाया नगर-कीर्तन।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

श्री गुरु तेग बहादुर जी और भाई मती दास, भाई सती दास, भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस ऊना में सोमवार को विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर नगर कीर्तन सजाए गए और कई स्थानों पर पाठ किए गए और लंगर लगाए गए। ऊना के कस्बा मैहतपुर बसदेहडा में संत बाबा जीत सिंह व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा गुरु गोबिंद सिंह जी बाबा साहिब सिंह जी व अन्य प्रबंधक कमेटियों के सहयोग से पांच प्यारों की अगुवाई व श्री गुरु ग्रंथ सिंह जी की छत्रछाया में इस अवसर पर भव्य नगर-कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में संगत का भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब सिंह जी की पालकी को सुंदर रूप से सजाया गया था और साथ में संगत शबद-कीर्तन करते हुए चल रही थी। गतका जत्था द्वारा पुरातन युद्ध के तौर-तरीकों का सुंदर रूप में प्रदर्शन किया गया। विभिन्न स्थानों पर नगर-कीर्तन का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया और लंगर लगाए गए।

# थप्पलां स्कूल को उपलब्ध करवाए बीस डेस्क

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



राजकीय हाई स्कूल थप्पलां में सर्दी के मौसम में भी टाट-पट्टी पर बैठकर विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करते हुए जब एक युवा अधिकारी ने देखा तो उनका दिल पसीज गया।

बेशक स्कूल में तो उन्होंने विद्यार्थियों के साथ उन्हें डेस्क उपलब्ध करवाने का कोई वादा नहीं किया, लेकिन इस कोशिश में लग गए कि बच्चों को किसी तरह से डेस्क उपलब्ध करवाए जाएं। इसी बीच उनकी मुलाकात एडवांस वाल्व के एमडी प्रणय शंकर गर्ग व एडवांस बाल्व के सीओओ वेद गोयल से हुई। उन्होंने इनके साथ जब स्कूल में डेस्क उपलब्ध करवाने की अपील की तो इस अपील को मानने में उन्होंने जरा भी देर नहीं लगाई। बच्चों को जब डेस्क मिले तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। गगरेट क्षेत्र में शिक्षा के उत्थान के लिए प्रयासरत एसडीएम सौमिल गौतम जब भी उन्हें युवा मिलते हैं, तो उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए डटकर तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उनके प्रयास से गगरेट में स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय को भी स्थापित करवाया गया है। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे कई युवा अब अपने सपने पूरे कर चुके हैं। उपायुक्त जतिन लाल के आदेश पर एक दिन जब वह राजकीय हाई स्कूल थप्पलां में किसी कार्य के लिए गए तो वहां बच्चों के लिए डेस्कों की पर्याप्त व्यवस्था न देखकर व्यथित हुए। उन्होंने हैडमास्टर से जब इसका कारण पूछा कि कुछ बच्चे टाट पट्टी पर क्यों बैठे हैं तब उन्हें पता चला कि स्कूल में पर्याप्त डेस्क नहीं हैं। हैडमास्टर धर्मवीर शर्मा ने बताया कि अगर उन्हें बीस डेस्क मिल जाएं तो इस समस्या का समाधान हो सकता है। एसडीएम सौमिल गौतम ने उस समय तो कुछ नहीं कहा लेकिन जब उन्हें एडवांस बाल्व के एमडी प्रणय शंकर गर्ग, सीओओ वेद गोयल व मैनेजर एचआर सुशील कुमार शर्मा मिले तो उन्होंने उस स्कूल में बीस डेस्क उपलब्ध करवाने की अपील की। जिस पर एमडी प्रणय शंकर गर्ग ने इसके लिए हामी भर दी और अब स्कूल में डेस्क उपलब्ध हो पाए हैं। यही नहीं बल्कि एसडीएम सौमिल गौतम ने स्कूल में रूफटाप सोलर सिस्टम लगाने के लिए ल्युमिनस उद्योग को प्रोत्साहित किया और अब राजकीय हाई स्कूल थप्पलां में रूफटाप सोलर सिस्टम भी स्थापित होगा। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि विधायक राकेश कालिया भी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए चिंतित रहते हैं। विधायक राकेश कालिया के प्रयासों से ही कई स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू हो पाई है। उनके साथ मिलकर विद्यार्थियों के लिए कुछ अच्छा करने में उन्हें भी आत्म संतुष्टि मिली है।

# अंब में श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन

## 'जय श्रीकृष्ण' व 'राधे-राधे' के जयघोषों से गूंजा अंब

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



नगर पंचायत अंब में श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का किया आयोजन।

**अंब।** नगर पंचायत अंब में श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में सोनालिका फैक्टरी अंब के पास से हनुमान मंदिर अंब से होते हुए वापस सोनालिका फैक्टरी तक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी आस्था और उत्साह का परिचय दिया। विभिन्न स्थानों से आए भक्तों ने भगवा ध्वज, झांकियों और भजन-कीर्तन के साथ नगर की प्रमुख गलियों से होते हुए शोभायात्रा में हिस्सा लिया।

वातावरण 'जय श्रीकृष्ण' और 'राधे-राधे' के जयघोषों से गूंज उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का अद्भुत चित्रण किया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने भी जगह-जगह फूल वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। आयोजनकर्ता (एसई) हरबंस लाल शर्मा ने बताया कि श्री हीरा आत्म आश्रम, पंजोआ के अधिष्ठाता स्वामी नारायण पूरी जी महाराज प्रतिदिन कथा का वाचन करेंगे। वे भगवद्भक्ति, धर्म, कर्तव्य और जीवन मूल्यों पर आधारित प्रसंगों के माध्यम से भक्तों को श्रीकृष्ण की लीलाओं का दिव्य रसपान कराएंगे। स्वामी जी के प्रवचन सुनने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा सोनालिका फैक्टरी के पास विशेष रूप से बनाए गए पंडाल में आयोजित की गई है। यह कथा सोमवार से रविवार तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे आरंभ होगी। पंडाल में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा व व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कथा के उपरांत प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु कथा सुनने के बाद प्रसाद भंडारा ग्रहण कर सकेंगे। सेवा भाव से प्रेरित स्थानीय लोगों ने भंडारे के आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। महिलाओं और युवक मंडलों ने भी व्यवस्थाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# आशु पुरी हत्याकांड में शामिल एनएसयूआई पदाधिकारी को गिरफ्तार करे पुलिस: आदित्य

**अनंत ज्ञान, ऊना**

आशु पुरी हत्याकांड में शामिल एनएसयूआई के पदाधिकारी चांद ठाकुर की गिरफ्तारी जल्द की जाए अन्यथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मिनी सचिवालय का घेराव करेगी। यह बात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक आदित्य राणा ने सोमवार को सर्किट हाऊस ऊना में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि क्या वजह है कि पुलिस एनएसयूआई के पदाधिकारी पर हाथ डालने से डर रही है। हत्याकांड मामले के पांच दिन बीच चुके है, लेकिन अभी तक वारदात में शामिल लोग बाहर घूम रहे है। एनएसयूआई के पदाधिकारी ऊना के महाविद्यालयों में माहौल को खराब कर रहे हैं। आए दिन ये लोग कॉलेज के विद्यार्थियों को डरा-धमका रहे हैं और विद्यार्थियों को तंग कर रहे हैं। कॉलेज प्रशासन के ध्यान में उक्त मुद्दा उठाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कॉलेज में हाल ही में दो आंसरशीट का मामला भी सामने आया था। उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। सरकार के दबाव में कॉलेज प्रशासन पंगु बन बैठा है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई पदाधिकारियों ने शिक्षण संस्थानों में गुंडाराज फैला रखा है। इससे शिक्षण संस्थानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। आदित्य राणा ने कहा कि रायजादा होटल लालसिंगी में युवक आशु पुरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। इसमें एनएसयूआई का पदाधिकारी तलवार चलाता हुआ दिख रहा है। मामले के 4-5 दिन बाद भी पुलिस इसे गिरफ्तार नहीं कर पाई और न ही एनएसयूआई ने इसे जिलाध्यक्ष पद से बर्खास्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व स्थानीय कांग्रेस नेता का इन्हें पूरा संरक्षण मिल रहा है। इसी के चलते ये शिक्षण संस्थानों में माहौल खराब कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन से मांग की है कि 12 घंटे के अंदर वारदात में शामिल एनएसयूआई पदाधिकारी को गिरफ्तार किया जाएगा, अन्यथा एबीवीपी को मिनी सचिवालय का घेराव करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी, टकोली में दगड़ाह के नाले का निर्माण कार्य पूरा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



दगड़ाह में नाला निर्माण कार्य को किया पूर्ण।

उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत टकोली के निवासियों के लिए आज का दिन खास बन गया, क्योंकि वर्षों से लंबित उनकी एक महत्वपूर्ण मांग आखिरकार पूरी हो गई है।

पंचायत के आबादी क्षेत्र दगड़ाह में नाला निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है, जिससे बरसाती मौसम में आने वाली पुरानी परेशानियों पर अब पूरी तरह विराम लग गया है। ग्रामवासियों ने बताया कि हर वर्ष बरसात के दौरान पानी बहकर घरों, रास्तों और खेतों में घुस जाता था, जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब नए नाले के निर्माण ने इस समस्या का स्थायी समाधान प्रदान कर दिया है। क्षेत्रवासियों ने इसे पंचायत की एक बड़ी उपलब्धि बताया। पंचायत प्रतिनिधियों ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत क्षेत्र में विकास और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। नाला निर्माण भी इसी कड़ी का हिस्सा है, जिससे कई परिवारों को सीधे राहत मिलेगी। ग्रामीण दिलबाग सिंह, राकेश कुमार, मीना देवी, सुरिंदर सिंह और जोगिंदर सिंह ने पंचायत प्रधान ममता देवी तथा पूरी पंचायत टीम के प्रति हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा उठाए गए इस कदम ने लोगों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी दूर कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह पंचायत विकास कार्यों को प्राथमिकता देती रही, तो आने वाले समय में टकोली क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और ग्रामीणों के जीवन स्तर में निश्चित रूप से सुधार होगा।

**लोकार्पण** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में उठाया बड़ा कदम

# 40 लाख के विकास कार्यों के लोकार्पण, सौ किसानों को बांटे औजार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कृषि के उपकरण बांटते विधायक विवेक शर्मा।

कुटलैहड़ क्षेत्र में कृषि आधारित विकास को नई गति देते हुए स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने खंड विकास कार्यालय बंगाणा के सौजन्य से वाटरशेड परियोजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के किसानों को अत्याधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध करवाए तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कई कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने 100 किसान औजार किट किसानों को वितरित कीं।

इन किटों में कटिंग कैंची, कसी, फावड़ा सहित अन्य उपयोगी कृषि उपकरण शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार इन किटों पर लगभग 4 लाख रुपए की लागत आई है। किसानों ने कहा कि इन औजारों के मिलने से उनकी मेहनत कम होगी तथा खेती का काम अधिक सुविधाजनक व वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। इसी दौरान विधायक विवेक शर्मा ने वाटरशेड परियोजना के अंतर्गत तैयार किए गए लगभग 40 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। इनमें ग्राम पंचायत थानाकलां, दोबड़, डीहर सहित कई क्षेत्रों में किए गए संरचनात्मक एवं जल संरक्षण संबंधी कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के शुरू होने से जहां जल प्रबंधन में सुधार होगा। वहीं, क्षेत्र में सिंचाई सुविधा बेहतर होने से किसानों की पैदावार में भी वृद्धि की संभावना है। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र को तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य कुटलैहड़ में किसानों की आर्थिकी मजबूत करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़कर हम किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास तथा किसानों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, पंचायत प्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। किसानों ने विधायक द्वारा किए गए इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कदम क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।

# पढ़ाई के साथ खेलों में रुचि बढ़ाएं छात्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के आदर्श सीसे स्कूल थानाकलां में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा रहे। स्कूल पहुंचने पर छात्र-छात्राओं, स्टाफ और अभिभावकों ने उनका भव्य स्वागत किया।

पारंपरिक वाद्ययंत्रों और फूलमालाओं के साथ अतिथि का अभिनंदन किया गया। मंच पर पहुंचते ही प्रबंधन समिति की ओर से विधायक को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया।समारोह की शुरुआत स्कूली छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं संस्कृत नृत्य से हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पहाड़ी नृत्य, योग, नाट्य प्रस्तुति तथा देशभक्ति गीत शामिल थे। विधायक विवेक शर्मा ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि थानाकला स्कूल की प्रतिभा न केवल कुटलैहड़ बल्कि पूरे जिले का नाम ऊंचा करेगी। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा,वीडीसी सदस्य राज कुमार के अलावा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि अभिभावक स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। विधायक विवेक शर्मा ने स्कूल के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि थानाकला स्कूल के खेल मैदान को अत्याधुनिक स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसके लिए 19 लाख रुपए की राशि पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं को उन्नत कर छात्रों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में शौचालय निर्माण के लिए अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत करने की भी घोषणा की।

# 14 दिसंबर को मनाया जाएगा नौसेना दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पूर्व नौ सैनिक कल्याण संघ के पदाधिकारियों की बैठक त्रिशमा रिजॉर्ट बहडाला में संघ प्रधान ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। कोषाध्यक्ष लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा, महासचिव राजिंदर शर्मा, दीपक शर्मा, अमित शर्मा सीनियर, अमित शर्मा जूनियर और शिवकुमार ने भाग लिया। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि 'नौसेना दिवस' 14 दिसंबर रविवार को त्रिशमा रिजोर्ट चताड़ा मोड़ ऊना में, पूर्व नौ सैनिकों द्वारा परिवार सहित मनाया जाएगा। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी भारी संख्या में पूर्व नौसैनिक अपने परिवार सहित हिमाचल और पंजाब से, इस ऐतिहासिक 'नौसैनिक परिवार मिलन' समारोह मे भाग लेने आएंगे। इस को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारियों को अभी से ही तैयारी करने के आदेश प्रधान ने दिए। इस दिन सर्वप्रथम दिवंगत सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित की जाएगी। इसके उपरांत पूर्व सैनिकों की समस्याओं बारे चर्चा होगी।

# बागवानी मंत्री ने बल्ह स्थित अमरूद के बगीचे का किया औचक निरीक्षण



बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बागवानी, राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने विकास खंड बंगाना के ग्राम पंचायत बल्ह में बागवानी क्लस्टर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों और कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इसमें ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे सोलर फेंसिंग, सिंचाई व्यवस्था तथा भूमि सुधार से संबंधित कार्य प्रमुख रूप से शामिल थे। मंत्री ने सभी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बल्ह क्लस्टर में कुल 5,500 उच्च गुणवत्ता वाले अमरूद के पौधे लगाए गए हैं और लगभग 15 किसान परिवारों को लाभांवित किया गया है, जिनका उन्होंने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और विभाग के काम की सराहना की। इस अवसर पर बल्ह क्लस्टर के सभी लाभार्थी किसान-बागवान उपस्थित रहे। वहीं, विभाग की ओर से उपनिदेशक बागवानी डॉ. केके भारद्वाज, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता हरभजन सिंह, तहसीलदार अमित शर्मा, विषय-वाद विशेषज्ञ डॉ. रिद्धिमा शर्मा, बागवानी विकास अधिकारी डॉ. वीरेंद्र भारद्वाज, बागवानी प्रसार अधिकारी वंदना और अनुपम सहित परियोजना का अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# मनाली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदार

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पेशल

मनाली। एक साल के बाद आखिर हिमाचल कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल गया। केंद्रीय हाईकमान ने लंबे जद्दोजहद के बाद हिमाचल कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर आखिर विनय कुमार के नाम पर सहमति जता दी, अब राज्य कार्यकारिणी का गठन होना है। मनाली विधानसभा से अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदार हैं।

इसमें हरि चंद शर्मा, देवेंद्र नेगी, वीर सिंह, रोहित वत्स और प्रेम शर्मा शामिल हैं। हरि चंद शर्मा इससे पहले भी अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं और उनकी अध्यक्षता में ही मनाली विधानसभा क्षेत्र में 15 सालों के बाद कांग्रेस ने जीत हासिल की थी और भुवनेश्वर गौड़ साल 2022 में विधायक बने थे इसलिए उन का दावा मजबूत नजर आता है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में देवेंद्र नेगी की चर्चा ज्यादा है। देवेंद्र नेगी पिछले तीन सालों से विधायक के साथ लगातार कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं और पार्टी के सभी कार्यक्रमों में स्क्रीय रहे हैं। विधायक के भरोसेमंद भी हैं इसीलिए उनका दावा भी मजबूत नजर आता है। वीर सिंह ठाकुर और रोहित वत्स दोनों युवा हैं। वीर सिंह ठाकुर जिला परिषद के उपाध्यक्ष भी हैं, अगर पार्टी युवाओं पर भरोसा करती है, तो वीर सिंह ठाकुर और रोहित वत्स में से किसी एक का नंबर लग सकता है। मनाली विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं में प्रेम शर्मा की पकड़ मजबूत है। सरल स्वभाव व मृदुभाषी प्रेम शर्मा लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और मनाली विधानसभा के लगभग सभी गांव तक उनकी पैठ तो है, लेकिन बीच में भाजपा में शामिल होने से उन की छवि को धक्का लगा है। बावजूद इसके प्रेम शर्मा का नाम अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में है। इनमें से कौन अध्यक्ष बनेगा, ये तो समय ही बताएगा, लेकिन जो भी अध्यक्ष बनेगा उस के लिए पहली चुनौती पंचायत चुनावों में कांग्रेस को जीत दिलाने की होगी। पिछले एक साल से मनाली विधानसभा में कांग्रेस का संगठन नहीं है, ऐसे में पंचायत चुनावों में उम्मीदवारों का चुनाव करना व जीत हासिल करना नवनिर्वाचित अध्यक्ष के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगी।

# मनाली में ट्रैफिक जाम हुआ आम

## हिडिंबा मंदिर को जाने वाली सड़क पर ढूंगरी गांव में ट्रैफिक की समस्या गंभीर

अनंत ज्ञान, मनाली

पर्यटन नगरी मनाली में अब धीरे-धीरे पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, ऐसे में अब मनाली के आसपास ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ने लगी है।

इसका सबसे बड़ा कारण मनाली के आसपास कई स्थानों पर वाहन चालकों द्वारा बेतरतीब तरीके से खड़े किए गए वाहन हैं। परिणामस्वरूप लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर हिडिंबा मंदिर को जाने वाली सड़क पर ढूंगरी गांव में यह समस्या गंभीर बनी हुई है। मंदिर से ढूंगरी गांव तक वाहनों को सड़क किनारे खड़ा किया जा रहा है, जिससे रोज जाम की स्थिति बन रही है। सहालांते में यह समस्या ज्यादा गंभीर हो रही है, लेकिन पुलिस इस समस्या से मानों बेखबर है। इस सड़क मार्ग पर हिडिंबा मंदिर से डीपीएस स्कूल तक जगह-जगह पार्किंग बनी हुई है। बावजूद इसके वाहन चालक वाहनों को सड़क किनारे खड़े कर रहे है। टैंपो ट्रैवलर के सड़क किनारे खड़ा होने से जाम



मंदिर से ढूंगरी गांव तक वाहनों को सड़क किनारे खड़ा किया जा रहा है, जिससे रोज जाम की स्थिति बन रही है।

की समस्या ज्यादा हो रही है। कई बार स्कूल की बसें इस जाम में फंस रही हैं। इससे बच्चे समय पर न तो स्कूल पहुंच पा रहे हैं और न ही शाम को घर पहुंचने का तय समय है। इसको लेकर अभिभावक परेशान हैं। स्थानीय

अनंत ज्ञान मुद्दा

पंचायत के वार्ड पंच सुरेश ने बताया कि ग्रामीणों ने प्रशासन को मेला मैदान से ढूंगरी गांव तक की सड़क को नो पार्किंग जोन एरिया घोषित करने का मांगपत्र भी दिया था, लेकिन दो साल से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। पर्यटन सीजन शुरू होने पर अब समस्या विकराल होती जा रही है। मरीज को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। स्कूल के बच्चे भी जाम में फंस जाते हैं। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस जवानों की कमी है। होमगार्ड के जवान भी वापस बुलाए गए हैं, फिर भी समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# बंजार में एनएच-5 पर भारी जाम वाहन चालकों को हो रही परेशानी

अनंत ज्ञान बंजार

बंजार क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर लगातार लग रहे भारी जाम को लेकर विधायक सुरेंद्र शौरी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि एनएच -5 पर बंजार के भीतर व आसपास घंटों तक लगने वाले जाम ने आम जनता का जीवन बेहाल कर दिया है, जबकि सरकार व प्रशासन की कार्यशैली इतनी धीमी है कि जैसे समस्या को देखने के लिए भी उन्हें किसी विशेष अनुमति की आवश्यकता हो। विधायक ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा 'बंजार में एनएच-05 पर जाम तो रोज बढ़ रहा है, लेकिन प्रशासन व सरकार की गति ऐसी है जैसे वे किसी और ही मार्ग पर चल रहे हों, जहां न समस्या दिखती है, न समाधान। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत में देरी और ट्रैफिक प्रबंधन का अभाव सबसे बड़ा कारण है, परंतु संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया इतनी देर से आती है कि तब तक जनता आधा दिन जाम में निकाल चुकी होती है। विधायक शौरी ने कहा है कि एनएच 305 की मरम्मत के लिए 7 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, लेकिन सरकार व विभाग धरातल पर काम करवाने के लिए गंभीर नहीं है। स्थानीय लोग, मरीज, व्यापारियों, कर्मचारी वर्ग और पर्यटक सभी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, मगर सरकार की तरफ से स्थिति सुधारने के लिए किसी भी तरह की सक्रियता दिखाई नहीं दे रही। बंजार पुलिस न ही स्वयं ट्रैफिक प्रबंध कर पा रही है और न ही बटालियन से अतिरिक्त बल की व्यवस्था कर पा रही है। आज से पूर्व भी आवश्यकता के अनुरूप अतिरिक्त पुलिस बल बंजार को दिया जाता रहा है। विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बंजार को अनदेखा करने का काम किया है। विधायक शौरी ने स्पष्ट कहा कि एनएच-05 बंजार का मुख्य जीवन मार्ग है और इस पर जाम लगना केवल यातायात समस्या नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता का सीधा प्रमाण है। उन्होंने संबंधित विभागों को तुरंत मौके पर उपस्थित होकर ट्रैफिक प्रबंधन सुधारने, सड़क पर अव्यवस्था दूर करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। अंत में उन्होंने सरकार को चेताया कि यदि बंजार में एनएच-5 पर जाम की समस्या का तत्काल समाधान नहीं किया गया, तो जनता का धैर्य जवाब देगा और उसकी ज़िम्मेदारी पूर्णतः सरकार व प्रशासन पर होगी।

# कांग्रेस के कार्यकाल में बढ़े एससी के लोगों पर अत्याचार: मनीष चौहान

अनंत ज्ञान, भुंतर

भुंतर स्थित होटल तारा विला में भाजपा की जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष गंगा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मनीष चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जिला कुल्लू के प्रवेश द्वार में पहुंचते ही मनीष चौहान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उनके साथ, आनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक लोकेंद्र कुमार, कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, भजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर, प्रदेश महामंत्री भारती सहित अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। जिला स्तर पर रखी गई इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया



जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष गंगा सिंह की अध्यक्षता में हुई संपन्न।

और सबने अपने-अपने विचार रखे। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारा प्रवास जिला कुल्लू में संगठन की मजबूती को लेकर हुआ, जब से मैंने अध्यक्ष पद संभाला है 10 जिलों का दौरा कर चुके हैं। हमारा मकसद हर एक पोलिंग बूथ से पांच अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को भाजपा से जोड़ना है। इसको लेकर हमारा यह क्रम लगातार जारी है। इसी तरह जिला कुल्लू में संगठन की बैठक हुई और विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि किस तरह से अनुसूचित जाति का उत्थान हो उसको लेकर सभी ने अपने सुझाव दिए। वर्षों से कांग्रेस की दमनकारी नीतियों से अनुसूचित जाति वर्ग पीछे रहा है।

# प्रदेश में जनता त्रस्त, सरकार मस्त; जश्न नहीं जवाबदेही चाहिए: अखिलेश कपूर

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा तीन साल पूरा होने पर जश्न मनाने की तैयारियों को लेकर राजनीति गरमा गई है।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने इस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जब जनता त्रस्त हो और सरकार मस्त, तब ऐसे जश्न जनता की पीड़ा का मजाक उड़ाने जैसा है। तीन साल में कांग्रेस सरकार का जनता से सरोकार पूरी तरह खत्म होता दिख रहा है। कपूर ने कहा कि कांग्रेस की 10 गारंटियों में से एक भी धरातल पर नहीं उतरी न महिलाओं को 1500 रुपए मिले, न युवाओं को रोजगार मिला, न ओपीएस का स्थायी समाधान आया, न 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिली, न किसानों-बागवानों को राहत मिली, न आपदा पीड़ितों को समय पर सहायता। स्वास्थ्य, शिक्षा व सड़क जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं भी वादों के अनुसार सुधार नहीं पाईं, उल्टा प्रदेश आर्थिक संकट की ओर बढ़ गया।

उन्होंने कहा कि आज युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। कर्मचारी अपने हकों के लिए सड़कों पर हैं। आपदा पीड़ित मदद के लिए भटक रहे हैं और आम नागरिक महंगाई से परेशान हैं, ऐसे माहौल में सरकार का जश्न मनाना उसकी संवेदनहीनता और जनता से दूरी को उजागर करता है। अखिलेश कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार चाहे जितने भी जश्न मना ले, लेकिन सच्चाई नहीं बदल सकती। हिमाचल की जनता आज भी परेशान है और राहत की राह देख रही है। उन्होंने कहा कि जश्न नहीं, सरकार को चाहिए कि ईमानदार तीन साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखे, कांग्रेस की सारी गारटियां सिर्फ चुनावी छल साबित हुई हैं।

# रिवर राफ्टिंग सेंटर में एनएसएस शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** रिवर राफ्टिंग सेंटर पिरडी में एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन हुआ। समारोह में अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने स्वयंसेवियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। पिछले 10 दिनों से चल रहे एडवेंचर कोर्स के दौरान स्वयंसेवियों ने रिवर राफ्टिंग की प्रक्रिया ट्रैकिंग और आपदा में फंसे लोगों के राहत कार्य करने की जानकारी दी गई। इस मौके पर राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि कुल्लू घाटी में एडवेंचर टूरिज्म में राफ्टिंग गाइड का क्षेत्र बहुत बड़ा रोजगार प्रदान करता है। राफ्टिंग सेंटर पिरडी लोगो को रोजगार प्रदान करने में बहुत बड़ा योगदान रखता है। अब तक सैकड़ों युवाओं को ट्रेंडिंग देने के बाद सभी युवा को रोज़गार प्राप्त हो चुका है। सभी राफ्टिंग गाइड महीने के 25 से 35 हजार मासिक कमा रहे हैं।

# मांगों को लेकर विधायक शौरी के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बंजार

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाड़ा गुसैन इकाई ने स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी को महाविद्यालय से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। लंबे समय से कॉलेज की सुविधाएं अधूरी होने से विद्यार्थी प्रतिदिन कई कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। परिषद ने तीन मुख्य मांगें रखकर इस स्थिति पर तुरंत कार्रवाई की मांग की।

महाविद्यालय का अधूरा भवन निर्माण पूरा किया जाए,पिछले लगभग 10 वर्षों से कॉलेज का भवन अधूरा पड़ा है। कक्षाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण विद्यार्थियों पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। परिषद ने आग्रह किया कि भवन कार्य तुरंत पूरा करवाया जाए। स्पोर्ट्स फंड नियमित रूप से जारी किया जाए। कॉलेज को स्पोर्ट्स फंड समय पर उपलब्ध न होने के कारण खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। परिषद ने मांग की कि महाविद्यालय को नियमित स्पोर्ट्स फंड उपलब्ध करवाया जाए। कॉलेज में म्यूजिक उपकरणों की उपलब्धता न होने से सांस्कृतिक गतिविधियां बाधित हैं। विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच नहीं मिल पा रहा है। परिषद ने मांग की कि सभी आवश्यक संगीत उपकरण तुरंत उपलब्ध करवाए जाएं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा कि यदि इन तीनों मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी। परिषद ने यह भी कहा कि वर्षों से विद्यार्थी अधूरे भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। कक्षाओं की कमी, खेल संसाधनों का अभाव और सांस्कृतिक गतिविधियों का रुक जाना विद्यार्थियों के भविष्य पर सीधा असर डाल रहा है।

# बंजार में विभिन्न स्थानों में 400 महिलाओं को बांटी पोषण किट

अनंत ज्ञान, बंजार



केंद्रीय सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'कुपोषण मुक्त भारत' अभियान को आगे बढ़ाते हुए गुशैणी और बंजार क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार को समर्पित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा गाड़ागुशैनी, बाहु, जिभी, थाटीबीड़ व घर्टगाड़ में अलग-अलग स्थानों पर 400 महिलाओं को पोषण किट वितरित की गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रसूता महिलाओं को आवश्यक पोषक तत्वों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर विधायक शौरी ने कहा कि 'सही पोषण... देश रोशन' केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश के स्वास्थ्य और विकास की आधारशिला है। यह पहल महिलाओं के पोषण स्तर को मजबूत करने, एनीमिया की रोकथाम व परिवारों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग, आशा कार्यकर्ताओं और महिला समूहों द्वारा किए जा रहे सहयोग की भी सराहना की।

उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा कुपोषण उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और स्थानीय स्तर पर भी ऐसे अभियानों को व्यापक जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी इसी तरह की योजनाओं और कार्यक्रमों को सुदृढ़ तरीके से लागू किया जाएगा।

# चंडीगढ़ में अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी खुशबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल की प्रसिद्ध लोक कलाकार पंडित खुशबू भारद्वाज चंडीगढ़ में 28 नवंबर से 7 दिसंबर तक आयोजित होने वाले क्राफ्ट मेले में अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी। हिमाचल से उनका चयन बॉलीवुड कलाकारों के साथ मंच साझा करने के लिए हुआ है। इस मेले में देशभर के कई नामी कलाकार शिरकत करेंगे, जिनमें बॉलीवुड पार्श्व गायक सुदेश भोसले, इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा, विधि देशवाल, राकेश खनवल, और सूफी गायक अमनदीप सिंह शामिल हैं। पंडित खुशबू भारद्वाज ने इसे अपने लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि उन्हें हिमाचली फोक को राष्ट्रीय मंच पर पेश करने का सौभाग्य मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की संस्कृति को देशभर में पहुंचाने का उनका प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

# कुल्लू जिले को जल्द मिलेगा कांग्रेस अध्यक्ष: कुलदीप इंदौरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

राज्यस्थान से सांसद एवं कुल्लू जिला संगठन सृजन अभियान के प्रभारी कुलदीप इंदौरा ने कहा है कि अब कुल्लू जिले में जल्द ही जिला अध्यक्ष की नियुक्ति होगी।

इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष सहित बूथों तक कांग्रेस पार्टी का सृजन होगा। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उनके साथ इस दौरान कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर, निवर्तमान जिला अध्यक्ष सेसराम आजाद सहित कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सृजन अभियान के तहत वह हर मंडल का दौरा करेंगे और सभी कार्यकर्ताओं सहित जनता से राय लेंगें कि जिला अध्यक्ष कौन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां से सात सदस्य का पैनल बनकर जाएगा और उसके बाद हाईकमान अध्यक्ष पद पर

**जिले से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष व बूथ स्तर तक होगा पार्टी का सृजन**

मोहर लगाएगी। इसमें खास बात यह रहेगी कि सात सदस्य पैनल में महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग व जनरल सभी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष वह होगा जिसमें प्रदेश, देश के मुद्दों को उठाने की क्षमता होगी और जनता के बीच चर्चित चेहरा व प्रसिद्धि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि 5 दिसंबर तक जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी । उन्होंने कहा कि पार्टी के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और राय भी सभी की ली जाएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश के इस अभियान को तेज करने के आदेश दिए हैं।

# सरकार लगातार छात्र हितों को कर रही अनदेखा: अभिनव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू की कुल्लू, हरिपुर , गाड़ा गुशैण व बंजार इकाई द्वारा कॉलेजों के बाहर मांगों को लेकर मूक प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन प्रदेश सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों और लंबे समय से लंबित शैक्षणिक मुद्दों पर सरकार की उदासीनता के विरोध में किया गया।जिला संयोजक अभिनव कश्यप ने बताया कि सरकार लगातार छात्र हितों को अनदेखा कर रही है।

विश्वविद्यालयों की अव्यवस्थित स्थिति, कमजोर आधारभूत ढांचा, रोजगार के नाम पर किए जा रहे झूठे दावे, तथा प्रदेश में कानून-व्यवस्था और नशाखोरी का बढ़ता संकट इन सभी मुद्दों पर सरकार की विफलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि मूक प्रदर्शन के माध्यम से एबीवीपी ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब छात्र समुदाय की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इन मांगों पर शीघ्रता से ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और व्यापक व तीव्र





मांगों को लेकर मूक प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता।

किया जाएगा। एबीवीपी का कहना है कि शिक्षा छात्रों का अधिकार है और इसे राजनीति का शिकार बनाना किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल किए जाएं।सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाया जाए। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की 112 हैक्टेयर भूमि हड़पने की प्रक्रिया रोकी जाए। कृषि, तकनीकी और नौणी विश्वविद्यालयों में स्थाई कुलपतियों की नियुक्ति शीघ्र की जाए। केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के लिए लंबित 30 करोड़ रुपए तुरंत जमा करवाए जाएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूर्ण रूप से लागू की जाए। महाविद्यालयों व क्षेत्रीय केंद्रों की आधारभूत संरचना सुदृढ़ की जाए।100 स्कूलों को परिवर्तित करने का निर्णय तुरंत वापस लिया जाए।

# 26 नवंबर को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 33/11 केवी भुंतर सब-स्टेशन में बुधवार को एचटी टीम और सब-स्टेशन स्टाफ द्वारा आवश्यक परिरक्षण व तकनीकी जांच कार्य किया जाएगा। विभाग के अनुसार इस कार्य के चलते क्षेत्र की बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित रहेगी।

बिजली निगम द्वारा दी जानकारी के मुताबिक, जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उनमें शामिल हैं भुंतर बाजार, एयरपोर्ट, खोखन चौक, तहसील, सैनिक चौक, पारला भुंतर, हाथीथान, गड़सा रोड, जिया, छिरौड नाला, नरोगी, शाट, बड़ा भुइन, छन्नीकोड, जलूंग्रां, औद्योगिक क्षेत्र शमशी, जिया, मौहल चौक, अंगोरा फार्म, इंडियन ऑयल, सब्ज़ी मंडी, संध्या पैलेस, नाग मन्दिर का इलाका ओर आसपास के सभी इलाकों में दिनांक 26 नवंबर 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने विधुत आपूर्ति के चलते होने वाली असुविधा के लिए जनता से सहयोग की अपील की है।

**आयोजन** प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन का जोनल सम्मेलन कुल्लू में आयोजित

# नियमित टीमेट की तर्ज पर भरे जाएं आउटसोर्स में प्रस्तावित पद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेट्रीसिटी बोर्ड इंप्लॉइज यूनियन का एक जोनल सम्मेलन कुल्लू में प्रदेशाध्यक्ष नितिश भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

प्रदेशाध्यक्ष नितिश भारद्वाज ने कर्मचारियों की संबोधित करते हुए कहा बिजली बोर्ड में कर्मचारियों के अभाव पर चिंता जताते हुए कहा कि आज बोर्ड में लगभग 9500 पद विभिन्न श्रेणियों के खाली पड़े हैं। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं नियमित रखने के लिए बिजली बोर्ड में खाली पड़े पदों को शीघ्र भरने की जरूरत है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा बोर्ड में 2000 से ऊपर के तकनीकी पदों को विभिन्न तर्ज पर भरने की पहल का आभार जताया लेकिन साथ में मांग की गई कि आउटसोर्स में प्रस्तावित पदों को नियमित टी मेट की तर्ज पर भरा जाए जिससे बिजली बोर्ड में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति बनाये रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने बोर्ड प्रबंधन से मांग की है कि इंप्लॉइज यूनियन के 18वें अधिवेशन में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को शीघ्र लागू किया



प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन की बैठक के दौरान पदाधिकारी।

जाएं। उन्होंने बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन को लागू करने में की जा रही देरी पर चिंता जताई और बोर्ड में पुरानी पेंशन को शीघ्र लागू करने की भी मांग की। उन्होंने प्रबंधन से बिजली बोर्ड में 81 आउटसोर्स ड्राइवर को बाहर निकालने के फैसलों पर पुनर्विचार कर वर्तमान में खाली पदों को निकाले गए आउटसोर्स ड्राइवर में से भरा जाए। इस अवसर पर यूनियन के महामंत्री प्रशांत शर्मा ने बिजली बोर्ड ने युक्तिकरण के नाम पर कर्मचारियों के पदों को समाप्त करने की प्रक्रिया का विरोध करते हुए बिजली बोर्ड में भर्ती प्रक्रिया के शुरू करने का स्वागत करते हुए कहा कि मांग कि कि ये भर्ती किया आउटसोर्स पर न हो और बिजली बोर्ड खुद पहले की तरह करे। उन्होंने प्रदेश में स्मार्ट मीटरिंग जैसी व्यवस्था का विरोध किया और इससे जहां बिजली बोर्ड के निजीकरण का रास्ता प्रशस्त होगा और बिलिंग पर कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों सेवाएं प्रभावित होगी। प्रशान्त शर्मा ने इस मौके पर बिजली संशोधन कानून, 2025 का विरोध किया और इस प्रस्तावित क़ानून को बिजली बोर्ड व उपभोक्ता बिरोधी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कानून को केंद्र द्वारा बिजली कंपनियों के निजीकरण की मंशा से लाया जा रहा है जिसका हिमाचल प्रदेश की विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों के चलते ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत दरों में भारी बृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस बिल के खिलाफ 30 जनवरी ,2026 को दिल्ली में देशभर से लाखों बिजली कर्मचारी व अभियंता विरोध प्रदर्शन करेंगे। यूनियन के मुख्य संघठन सचिव अनिल वर्मा, उप प्रधान अशोक भारद्वाज, संयुक्त सचिव हिमांशु ठाकुर,लीला चंद और हेड क्वार्टर यूनिट के प्रधान अमित भरोटा ने और संबोधित करते हुए कहा कि बिजली बोर्ड प्रबन्धन में फील्ड में होने वाली पदोन्नति के आदेश की फाइल को अप्रूवल के लिए न मांगे और आदेश पूर्व की तरह कैडर कंट्रोल अर्थॉरिटी के द्वारा अपने स्तर पर ही होने चाहिए, क्योंकि अप्रूवल के चक्कर में प्रमोशन में अनावश्यक देरी के चलते कुछ साथी बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत हो रहे हैं। इस अवसर पर कुल्लू यूनिट के प्रधान भूपेंद्र, सचिव धर्म सिंह, मनाली यूनिट के प्रधान विपिन, थालौट यूनिट के प्रधान संजीव कुमार, सेक्रेटरी भूमि सिंह, लार्जी पावर हाउस यूनिट प्रधान भगवान दास, रोशन, धनेश शर्मा सहित भारी संख्या में बिजली कर्मी मौजूद रहे।

# नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष कदावर समर्पित कांग्रेस पार्टी के सिपाही: सत्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार की ताजपोशी पर पूर्व बागवानी मंत्री व हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्य प्रकाश ठाकुर ने बधाई दी है। नव नियुक्त अध्यक्ष धरातल से जुड़े कांग्रेस परिवार से संबंधित कदावर समर्पित कांग्रेस पार्टी के सिपाही हैं। इनके नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस निश्चित तौर पर सांगठनिक व राजनैतिक रूप में मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि तीसरी बार विधायक चुने विनय कुमार की राजनीतिक पहचान में उनका व्यवहारिक व राजनीतिक अनुभव शामिल है। इनकी ताजपोशी पर पूर्व जिला परिषद सदस्य व महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम लता ठाकुर, पूर्व सचिव बंजार कांग्रेस कमेटी रमेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस सेवादल बलदेव ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवी दयाल, देवी सिंह, ब्रहमस्वरूप ठाकुर, उत्तम चंद, सोभाराम, रमेश ठाकुर, रवि ठाकुर, ओम चंद सहित कई नेताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# एसबीआई कटराईं ने दुर्घटना बीमा के तहत प्रदान की 20 लाख की सहायता

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

भारतीय स्टेट बैंक की कटराईं शाखा ने अपनी पर्सनल एक्सीडेंटल इंश्योरेंस योजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बैंक ने योजना के एक ग्राहक के दावे का सफलतापूर्वक निस्तारण करते हुए 20 लाख की बीमा सहायता राशि स्वीकृत की है।





स्वीकृत बीमा सहायता राशि को बैंक के अधिकृत सहायक महाप्रबंधक (एजीएम), मंडी जोन, रविंद्र राणा जी द्वारा लाभार्थी को चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। यह राशि उस ग्राहक के परिवार को सौंपी गई, जिसने दुर्भाग्यवश एक दुर्घटना के पश्चात दावा प्रक्रिया पूरी की थी। बैंक अधिकारियों ने बताया कि जांच और सत्यापन के बाद दावे को मंजूदरी दी गई, जिससे पीड़ित परिवार को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। भारतीय स्टेट बैंक अपने ग्राहकों के लिए समय-समय पर ऐसे सुरक्षा बीमा उत्पाद उपलब्ध कराता रहा है। इनके द्वारा आम नागरिक कम प्रीमियम पर उच्च सुरक्षा कवरेज प्राप्त कर सकते हैं। बैंक ने लाभार्थी के परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए यह भी दोहराया कि वे ग्राहकों को सुरक्षित व विश्वसनीय बैंकिंग एवं बीमा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैंक अधिकारियों ने इस अवसर पर योजना की नई विशेषताओं की भी जानकारी दी, अब मात्र 2000 के सालाना प्रीमियम पर ग्राहकों को 40 लाख का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। यह विस्तृत कवरेज न केवल दुर्घटना से हुई मृत्यु को कवर करता है, बल्कि स्थायी विकलांगता को भी इसमें शामिल किया गया है।

# राहगीरों के लिए खतरा बने अधूरे फुटपाथ को ठेकेदार ने किया बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सपरून में राहगीरों के लिए खतरा बने अधूरे फुटपाथ को आखिरकार नगर निगम से ठेकेदार से बंद करवा दिया है पर फुटपाथ निर्माण शुरू होने को लेकर अभी संशय बरकरार है। स्थानीय लोगों को उम्मीद थी की यह फुटपाथ समय रहते पूरा हो जाएगा पर योजना की मंजूरी से अब तक दो वर्ष बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, ऐसे में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि निर्माण कार्य अधर में होने के बावजूद इससे पुराने रास्ते से जोड़ दिया था। राहगीर रास्ता समझकर निर्माणाधीन रास्ते में निकल पड़ते थे। पुलिया के लिए लगाए लोहे के एंगल को लांघ कर जोखिम उठाते थे। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के डर से इस मामले को उजागर किया था। यक्ष प्रश्न खड़ा हो रहा है कि टेंडर के मुताबिक फुटपाथ निर्माण पर करीब 20 लाख खर्च होने के बावजूद यह कार्य अधर में है।



सपरून में अधूरे फुटपाथ किया गया बंद।

> सपरून में फुटपाथ और पार्किंग निर्माण को जल्द सिरे चढ़ाया जाएगा। इसके लिए निगम प्रशासन से बात की गई है।
> **राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

## दो मंत्रियों की मौजूदगी में हुआ था शिलान्यास

19 जनवरी, 2025 को स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने 30 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाइपास सपरून पर शहीद स्मारक पार्क, 20 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाईपास सपरून फुटपाथ के निर्माण कार्य और 8.08 लाख रुपए से लगभग बाइपास सपरुन में पार्किंग के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी थी, तब दोनों मंत्रियों ने इस कार्य को समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए थे पर शिलान्यास के 10 माह का इतना समय बीत जाने पर भी नगर निगम इन कार्यों को पूरा नहीं कर पाया है।

## वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर

**स्थानीय** वार्ड 13 और 14 के वासियों को उम्मीद थी कि दिवाली तक यह कार्य पूरा हो जाएगा पर ऐसा संभव नहीं हुआ। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। कार्य में देरी का मुख्य कारण बजट बताया जा रहा है। बता दें कि सपरून में वार्ड-14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा के प्रयासों से पार्किंग, फुटपाथ और वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों में 50 लाख से अधिक राशि खर्च होगा। यदि समय रहते सपरून में फुटपाथ बने तो शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड-16 का रबोन, आंजी तथा वार्ड-1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उप नगरों और आसपास के गांव से संकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं।

# शूलिनी विवि में तानसेन की खोज में आदित्य बने विजेता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में संस्थान की प्रमुख वार्षिक गायन प्रतियोगिता, तानसेन की खोज 2025, बड़े उत्साह और भागीदारी के साथ संपन्न हुई, जहां उल्लेखनीय संगीतमय ऊर्जा का प्रदर्शन हुआ। इस वर्ष के संस्करण ने एक ऑनलाइन राउंड के शुभारंभ के साथ एक नया मील का पत्थर हासिल किया, जिससे प्रतियोगिता अधिक समावेशी हो गई व छात्रों को विभिन्न स्थानों से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। ऑनलाइन संस्करण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें छात्रों ने रचनात्मक और आत्मविश्वास से भरपूर प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं। प्रविष्टियां विश्वविद्यालय की उभरती सांस्कृतिक जीवंत व संगीत एवं डिजिटल अभिव्यक्ति में छात्रों की बढ़ती रुचि को दर्शाती हैं। परिसर में आयोजित समापन समारोह में शास्त्रीय, बॉलीवुड और समकालीन गीतों का आकर्षक मिश्रण प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा, मंचीय उपस्थिति और गायन की गहराई से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। आदित्य ने एक असाधारण प्रदर्शन देकर विजेता का खिताब जीता।

# जिला व ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस संगठन को स्थापित करने की कवायद शुरू

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश प्रदेश कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिलते ही पार्टी ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं।

इस कड़ी में सोलन जिला व ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस संगठन को स्थापित करने की कवायद भी शुरू हो गई है। इसको लेकर कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र बघेल 26 नवंबर से 29 नवंबर तक सोलन जिला के प्रवास पर रहेंगे। वे इस दौरान जिलाध्यक्ष सहित ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति व संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे और उनकी नब्ज टटोलेंगे। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आब्जर्वर व पूर्व विधायक किरनेश जंग, सत्यजीत नेगी, आदर्श सूद पूर्व महापौर भी मौजूद रहेंगे। उनके इस दौरे को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी अवगत करवा दिया गया है और पिछले करीब एक वर्ष से इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं में भी आशा की किरण जगी है। वहीं, जिलाध्यक्ष सहित ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियों को लेकर भी पद के

**एआईसीसी के सचिव जितेंद्र बघेल 26 से 29 नवंबर तक सोलन के प्रवास पर**

चाहवानों ने अपनी-अपनी गोटियां फिट करनी शुरू कर दी हैं। कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष शिव कुमार ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार 26 नवंबर को पुराने बस स्टैंड स्थित रेस्ट हाऊस में जितेंद्र बघेल सर्वप्रथम पत्रकारवार्ता करेंगे और उसके बाद सोलन निर्वाचन क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं, पूर्व पदाधिकारियों, सोलन नगर निगम की मेयर सहित समस्त पार्षदों, विभिन्न बैंकों, निगमों व बोर्डों के चेयरमैन, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस से चर्चा करेंगे।

वहीं, बघेल 27 नवंबर को सुबह 11 बजे निर्वाचन क्षेत्र कसौली के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धर्मपुर में मिल कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति बारे चर्चा कर आम कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान समस्त पंचायत प्रतिनिधि, नगर परिषद सदस्य, युवा कांग्रेस सदस्य, महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। जितेंद्र बघेल 28 नवंबर को दून व नालागढ़ विस क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान सर्वप्रथम वे दून निर्वाचन क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, नगर पालिका अध्यक्ष से जिला कांग्रेस अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति बारे चर्चा करेंगे तत्पश्चात समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। वहीं, दोपहर 2 बजे नालागढ़ निर्वाचन क्षेत्र में नालागढ़ स्थित रेस्ट हाउस में समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों, पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। अपने दौरे के अंतिम दिन 29 नवंबर को वे सुबह 11 बजे निर्वाचन क्षेत्र अर्की के समस्त कार्यकर्ताओं, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों, पंचायतों के प्रतिनिधियों, महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवा कांग्रेस सदस्य से अर्की विश्राम गृह में मिल कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर

## न्यूज ब्रीफ

### बैंकिंग क्षेत्र में करियर की दी जानकारी

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस व करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को बैंकिंग एवं आरबीआई ग्रेड करियर ऑप्शन विषय पर एक विशेष वक्तव्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ एमएल मनकोटिया ने की। इसमें आरबीआई शिमला से शीनम कुमार और अभिषेक सिंह बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए आरबीआई में अपने कार्यकाल से जुड़े व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। इससे विद्यार्थियों को वास्तविक कार्य-परिवेश को समझने का अवसर मिला। उन्होंने आरबीआई की भर्ती प्रक्रिया, असिस्टेंट ग्रेड सहित विभिन्न पदों पर होने वाली नियुक्तियों और पात्रता मानदंडों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आरबीआई के कर्मचारियों को दी जाने वाली भत्तों, सुविधाओं तथा एक सुदृढ़ कार्य संस्कृति के बारे में भी बताया। यह भी उल्लेख किया कि अनेक महिला अधिकारी आज डेप्युटी गवर्नर जैसे शीर्ष पदों तक पहुंचकर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था पर चर्चा की और आरबीआई में अपने कार्यानुभव, सीख व संस्थान में उपलब्ध कार्यक्षेत्रों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

### महिलाओं को अचार बनाने का दिया प्रशिक्षण

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत निफ्टम कुंडली के विद्यार्थियों ने साधूपुल क्षेत्र की ज्योति महिला मंडल बडून की महिलाओं के लिए अचार व केक बनाने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस प्रशिक्षण में खाद्य स्वच्छता, कच्चे माल का चयन, मसालों व प्राकृतिक संरक्षकों का उपयोग, गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस व गुड हाइजीन प्रैक्टिस की विस्तृत जानकारी दी। महिलाओं को नींबू व मिर्च अचार बनाना सीखाया। इसके साथ केक बैटर की तैयारी, बैकिंग के तापमान नियंत्रण व सजावट जैसे बैकिंग कौशलों की भी जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों ने इससे संबंधित प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में लागत निर्धारण, लेबलिंग, ब्रांडिंग और बाजार में बिक्री की संभावनाओं पर भी मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

### सड़क सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के सड़क सुरक्षा क्लब के सौजन्य से एक रैली का आयोजन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर राजगढ़ शहर के लिए रवाना किया। रैली में करीब एक सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने नारे लगाकर और हाथ में बैनर उठाकर लोगों को सड़क सुरक्षा बारे जागरूक किया तथा वाहन चालकों को रोककर यातायात व सड़क से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों से संबंधित पैंफलेट वितरित किए। इस मौके पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने दोपहिया वाहन चलाते हुए सिर पर हेलमेट पहनने तथा चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाने, गति सीमा और यातायात संकेतों का पालन करने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान में यह संदेश भी दिया गया कि नाबालिक बच्चे बिल्कुल वाहन न चलाएं। इस रैली में एनसीसी तथा एनएसएस इकाईयों के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी डॉ. विपिन ठाकुर एवं डॉ. शिव भारद्वाज ने बताया कि जिस प्रकार दिन प्रतिदिन वाहन दुर्घटनाएं बढ़ रहे हैं यह विषय बहुत गंभीर एवं चिंतन करने योग्य है।

### नंज फार्मा कंपनी ने किया 'फैमिली डे' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** बातापुल स्थित एवीएन रिसोर्ट में एनएएनजेड मेड साइंस फार्मा कंपनी द्वारा भव्य फैमिली गेट-टुगेदर व नंज फैमिली-डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कनाडा से विशेष रूप से पहुंचे कंपनी के चेयरमैन लखविंदर पाल सिंह पूरी, उनके पुत्र हरप्रीत सिंह पूरी और निदेशक मनमीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कई रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिन पर मुख्य अतिथियों ने पुरस्कार भी वितरित किए। कंपनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि लखविंदर पाल सिंह पूरी ने कहा कि 'कंपनी में काम कर रहे लोग कर्मचारी नहीं, बल्कि हमारे परिवार का हिस्सा हैं। कंपनी की तरक्की इन्हीं की मेहनत से संभव हुई है। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा के लिए बिना ब्याज का शिक्षा-ऋण प्रदान करती है, ताकि कोई बच्चा आर्थिक तंगी के कारण अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि कंपनी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहती है, जिनमें रक्तदान शिविर, सामाजिक सहायता कार्यक्रम और सामुदायिक विकास कार्य शामिल हैं।

### कांग्रेस की '10 झूठी गारंटियों' पर सीधा वार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब सोमवार को भाजपा के चुनावी तेवरों से पूरी तरह गूंज उठा। शिव मंदिर पांवटा साहिब में आयोजित संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में भाजपा जिला सिरमौर प्रभारी और प्रदेश सचिव संजीव ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए साफ कहा कि पंचायत से लेकर विधानसभा तक भाजपा हर मोर्चे पर तैयार है और कांग्रेस को जवाब देने के लिए कमर कस चुकी है। संजीव ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बीते तीन सालों में जनता को केवल भ्रमित किया है। महिलाओं को 1500 रुपए, एक लाख नौकरियां, 10 गारंटियां-सब झूठ, सब कागजी सपने। उन्होंने कहा कि जनता आने वाले समय में इन वादों का जवाब देगी। सम्मेलन में विधायक सुखराम चौधरी ने भी जोशीले अंदाज में कहा कि इस बार पांवटा साहिब में 10 फीसदी तक वोट बढ़ाएंगे और कम से कम 106 वोटों की लीड लेकर जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और सभी बूथ कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने वार्डों में हर महिला, हर वोटर और हर परिवार को भाजपा से जोड़ें।

### पांवटा साहिब के वकीलों के चेंबर में चोरी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर में चोरों ने एक बार फिर पुलिस-प्रशासन को सीधी चुनौती दे डाली है। एसडीएम कार्यालय के बिल्कुल करीब स्थित वकीलों के चेंबर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर 5 से 7 वकीलों के चेंबर में घुसे और एल्युमिनियम तारें उखाड़कर फरार हो गए। सुबह जब वकील चेंबर पहुंचे तो पूरा परिसर अस्त-व्यस्त मिला, जिसके बाद दहशत फैल गई। वकीलों ने तुरंत पांवटा साहिब पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वकील मंजीत और आत्माराम ने बताया कि यहां पहले भी दो से तीन बार चोरी हो चुकी है ना गेट है, ना सीसीटीवी, अंधेरा और खुले गेट चोरों के लिए आसान रास्ता बन जाता है। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए।

# सोलन में कबड्डी लीग सीजन-2 का आगाज

**अनंत ज्ञान, सोलन**


खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि।

सोलन में कबड्डी लीग के बहुप्रतीक्षित दूसरे सीजन का शानदार ढंग से उद्घाटन हुआ।

इस सीजन में शूलिनी क्वींस और बड़ोग हिल्स की टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। कबड्डी के इस रोमांचक महाकुंभ का आयोजन युवा मोर्चा सोलन ग्रामीण अध्यक्ष मंगलेश राजपूत, कबड्डी लीग संयोजक अरुण कुमार और युवा मोर्चा पूर्व उपाध्यक्ष दिव्यांशु हंस द्वारा किया गया। समारोह में भाजपा समस्त प्रकोष्ठ संयोजक पुरुषोत्तम गुलेरिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि भाजपा सोलन ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मण्डल महामंत्री विजय ठाकुर, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित भारद्वाज और भाजपा प्रदेश आईटी विभाग कार्यकारिणी सदस्य अरुष गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों और आयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। यह खेल हमें एकजुटता, टीम भावना व विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानने का जज्बा सिखाता है। मुझे यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता है कि युवा मोर्चा के हमारे कर्मठ साथी मंगलेश राजपूत, अरुण कुमार और दिव्यांशु हंस ने इस लीग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया है। खेल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अति आवश्यक है और मैं सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। सरकार भी खेलों और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुझे आशा है कि यह सीजन कबड्डी के प्रति युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा। विशिष्टातिथि चंद्रकांत शर्मा ने भी आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं। कबड्डी लीग सीजन 2 का उद्घाटन मुकाबला दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक रहा, जिसने दर्शकों को अंत तक अपनी सीटों से बांधे रखा।

# सुक्खू सरकार पंचायत चुनावों से भागकर कर रही लोकतंत्र की हत्या: डॉ. सन्नी

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

देश भर में संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस पार्टी का असली और खतरनाक चेहरा शांत पहाड़ी राज्य हिमाचल में उजागर हो रहा है।



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सुनियोजित तरीके से संवैधानिक संस्थाओं का गला घोंटने व लोकतंत्र की सबसे अहम इकाई पंचायतीराज को खत्म करने की साजिश रच रही है। डॉ. शुक्ला ने कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण विकास की रूपरेखा तय होती है, लेकिन पिछले तीन वर्षों में अपनी विफलताओं से घिरी सुक्खू सरकार अब जनता का सामना करने से डर रही है। यही कारण है कि वह हर हथकंडा अपनाकर हिमाचल की जनता को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित कर रही है। लोकसभा चुनावों में संविधान बचाओ का झूठा आडंबर रचने वाली कांग्रेस आज हिमाचल में खुद संविधान की मूल भावना को कुचलने पर आमादा है।

डॉ. शुक्ला ने आरोप लगाया कि सरकार न केवल चुनाव आयोग के आदेशों को ठेंगा दिखा रही है, बल्कि जिलाधीशों व प्रशासन पर दबाव बनाकर मनगढ़ंत रिपोर्ट तैयार करवा रही है। यह एक गंभीर स्थिति है, जब चुनाव आयोग ने कड़ा रुख अपनाया, तो सरकार ने अपनी युवा इकाई के माध्यम से राजभवन जैसे गरिमामयी संस्थान का घेराव कर अराजकता का नंगा नाच किया। उन्होंने कहा के प्रदेश में गहराता संवैधानिक संकट वर्तमान में हिमाचल प्रदेश एक गंभीर संवैधानिक संकट के मुहाने पर खड़ा है। एक तरफ उच्च न्यायालय सरकार से जवाब मांग रहा है।

# प्रतिस्पर्धा के युग में व्यक्तित्व विकास जरूरी: अजय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, कसौली।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा महलोग में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों द्वारा और उनके प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व डोली रांझा ने मिलकर विद्यालय परिसर की सफाई की। बौद्धिक सत्र में मर्चेंट नेवी में चीफ इंजीनियर के पद पर कार्यरत गांव बडैहरी के अजय ठाकुर ने स्वयंसेवियों को व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी। इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और इससे आपको एक अलग ही पहचान मिलती है। उन्होंने स्वयंसेवियों से यह भी कहा कि ध्यान केंद्रित करने से आप अपने जीवन में सफलता आसानी से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धा के युग में व्यक्तित्व विकास आपके करियर को सफल बनाता है।

# कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को मिला उभरता विद्यालय सम्मान


कीप्स को मिला उभरता विद्यालय' का सम्मान।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा को द ट्रिब्यून द्वारा आयोजित हिमाचल अचीवर्स अवॉर्ड 2025 में 'कसौली क्षेत्र का उभरता विद्यालय' के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया।

यह सम्मान विद्यालय के माननीय प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर के शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदान किया। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने यह सम्मान प्रबंध निदेशक की ओर से ग्रहण किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान विद्यालय की निरंतर प्रगति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा पूरे स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# पुलिस को लावारिस हालत में मिला सात वर्षीय बच्चा

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** पुलिस ने माता-पिता से बिछड़े बच्चे को परवाणू के सेक्टर 2 से बरामद किया। जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम परवाणू शहर में गश्त पर रवाना थी तथा जब यह टीम गश्त करते हुए सेक्टर-2 परवाणू पहुंची, तो वहां पर उन्हें एक बच्चा जिसकी उम्र 7 वर्ष पाई गई लावारिस हालत घूमता व अपने माता-पिता को ढूंढते हुए मिला। पुलिस टीम द्वारा उससे उसके माता पिता के बारे में पूछताछ की तथा पुलिस टीम द्वारा उक्त लावारिस बच्चे के माता-पिता से तुरंत संपर्क करके सही सलामत उनके हवाले किया गया। तस्दीक/जांच करने पर पाया गया की उक्त बच्चा अपने माता-पिता के साथ सब्जी मंडी आया था, जहां से यह बच्चा अपने माता-पिता से बिछड़ गया था और अपने माता-पिता की तलाश करता हुआ सेक्टर-2 पहुंच गया था।

## डीसीएम लैंड ऑफ गॉड स्कूल में यूफोरिया समारोह का आयोजन

# छात्रों ने गायन, नृत्य की प्रस्तुतियों से मोहा मन

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**



यूफोरिया कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

**अर्की।** डीसीएम लैंड ऑफ गॉड स्कूल में विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से वार्षिक पारितोषिक समारोह 'यूफोरिया 2025' का भव्य आयोजन किया गया। छात्रों ने गायन, नृत्य और वादन की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में रिटायर्ड जॉइंट डायरेक्टर एजुकेशन विभाग चमन लाल, अर्की के प्रधान अनुज गुप्ता, बीडीसी हेड भावना शर्मा समेत क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और विद्यार्थियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीईओ डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता ने की। दीप प्रज्वलन के उपरांत कार्यकारी प्रिंसिपल नीरू शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि स्कूल विद्यार्थियों को इको-फ्रेंडली सेफ कैंपस, उत्कृष्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाई-टेक रिसोर्स सेंटर, बेहतर रीडिंग कल्चर और आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग के साथ छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजाइन थिंकिंग, डेटा साइंस और आईटी जैसी उभरती तकनीकों का ज्ञान भी प्रदान किया जा रहा है। डीसीएम ग्रुप का माइक्रोसॉफ्ट और खान अकादमी जैसे वैश्विक संस्थानों के साथ मजबूत अलायंस है, जिससे विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा सुनिश्चित हो रही है। कार्यक्रम में गुड स्मार्टइयन, शाइनिंग स्टार, 100 फीसदी अटेंडेंस, यंग पिकासो, डांस मैस्ट्रो, रामानुजन, यंग आइंस्टाइन, सिंगिंग सुपरस्टार, बेस्ट ओरेटर सहित विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ग्रैंड फिनाले में प्रस्तुत 'सोल ऑफ द हिल्स' ने पंडाल में तालियों की गूंज भर दी। अपने संबोधन में डॉ. गुप्ता ने बताया कि सीबीएसई ने स्कूल को सत्र 2026-27 से कक्षा 9 व 10 की एफिलिएशन प्रदान कर दी है, जिससे उच्च स्तरीय शिक्षा और सुदृढ़ होगी।

**समारोह** संजय अवस्थी ने कहा, आधुनिक शिक्षा के साथ छात्रों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना आवश्यक

# बलेरा में विकास कार्यों के लिए 41 लाख स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, अर्की/ सोलन**


विधायक संजय अवस्थी बलेरा स्कूल वार्षिक दिवस समारोह में स्टूडेंट्स के साथ।

अर्की के विधायक ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ छात्रों को संस्कारों और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना आवश्यक है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलेरा में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि हमारे संस्कार और नैतिक मूल्य युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने के लिए आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह आधार युवाओं को नशे से दूर रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। छात्रों को अपनी पुरातन परंपराओं व संस्कारों के प्रति जागरूक बनाने में शिक्षक व अभिभावकों का अहम योगदान रहता है। संस्कारयुक्त शिक्षा बच्चों को संवेदनशील व उत्तरदायी नागरिक बनाने में विशेष भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि इस कार्य में शिक्षकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सके। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में मादक पदार्थ चिट्टे के खिलाफ जन आंदोलन आरंभ किया गया है। इसी कड़ी में प्रदेश भर में चिट्टे के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस जन आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है, ताकि युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक छात्र तक गुणवत्तायुक्त शिक्षा पहुंचाने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. वाईएसपरमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की गई है। इस योजना के तहत एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। यह योजना मेधावी छात्रों को उच्चतम स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पात्र विद्यार्थियों तक इस योजना की जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित बनाएं। विधायक ने कहा कि किसानों को आर्थिकी रूप से सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की गई हैं। प्राकृतिक खेती के उत्पादों का अलग से वर्गीकरण करने की योजना है, ताकि किसान प्राकृतिक खेती अपनाएं। इससे सभी तक सुरक्षित खाद्य पदार्थों की पहुंच सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई मक्की के लिए 40 रुपए, गेहूं 60 रुपए प्रति किलोग्राम तथा हल्दी के लिए 90 रुपए प्रति किलोग्राम न्यूनतम मूल्य निर्धारित किया गया है। यह निर्णय किसानों की आय में वृद्धि लाने में मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। अर्की विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना उनकी प्राथमिकता है। ग्राम पंचायत बलेरा में 41 लाख रुपए भिन्न-भिन्न मदों से विकास कार्यों के लिए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों के लिए आए बजट को समयाबद्ध सीमा में व्यय करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और उनके सफल भविष्य की कामना की। विधायक ने बहुउद्देशीय परीक्षा भवन के लिए 5 लाख रुपए तथा कुरमला में राजू के घर से निक्कू के घर तक रास्ते के लिए 1 लाख रुपए, मोक्षधाम बलेरा के लिए 1 लाख रुपए, गांव चढ़ेरा में मोक्षधाम के निर्माण के लिए 1 लाख रुपए, दुदाना गांव में बाबूराम के घर तक मार्ग के निर्माण के लिए 1 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने आयोजन समिति को 21 हजार रुपए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को 5100 रुपए देने की घोषणा भी की।

# परीक्षा केंद्रों की इतिहास में पहली बार बढ़ाई 4 गुना फीस: विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में परीक्षा केंद्रों की फीस को 3000 से बढ़ाकर 12000 करने पर कड़ी आपत्ति जताई है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब किसी सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को भी जनकल्याण की अपेक्षा कमाई का धंधा बना दिया है। उन्होंने कहा कि पहले परीक्षा केंद्र का नवीनीकरण निशुल्क हुआ करता था, लेकिन अब इस सरकार ने उस पर भी 3000 का शुल्क लगाकर शिक्षा नीति का सत्यानाश कर दिया है। उन्होंने कहा कि अनेक ऐसे विद्यालय हैं, जो इतनी भारी-भरकम फीस जमा नहीं कर पाएंगे और उन विद्यालयों के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाओं के लिए अन्य विद्यालयों में जाना पड़ेगा, जिससे न केवल विद्यार्थियों पर परीक्षा के समय मानसिक दबाव बढ़ेगा, लेकिन साथ-साथ भारी कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ेगा। विनय गुप्ता ने कहा कि यह सरकार हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड को भी राजस्व वसूली का साधन बना रही है और इसे दुर्भाग्य ही कहा जाए क्योंकि गत 3 वर्षों के दौरान लगभग 1 लाख विद्यार्थी सरकारी स्कूलों से किनारा कर चुके हैं और इस सरकार ने आर्थिक तंगी का बहाना बनाकर 1500 से अधिक शिक्षण संस्थान बंद कर दिए हैं, ऐसे में विद्यार्थियों के शिक्षा के अधिकार पर इस सरकार ने गहरा कुठाराघात किया है और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ घोर अन्याय किया है।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सुक्खू सरकार राज्य के 447 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में परीक्षा केंद्र बंद करने जा रही है। इससे इन पाठशाला में पढ़ रहे विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाओं के लिए दूरदराज के किसी अन्य पाठशालाओं में जाना होगा, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। यह सरकार राज्य की शिक्षा नीति को तहस-नहस कर रही है और नौनिहालों के भविष्य के साथ घिनौना खिलवाड़ कर रही है, जिसके लिए प्रदेश की जनता इस निकम्मी सरकार को कभी माफ नहीं करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, पंचकूला में सेवा भाव से 190वें अन्न भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों, मजदूरों और राहगीरों को श्रद्धा एवं सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन त्याग, बलिदान और मानवता की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ऐसे पवित्र अवसरों पर अधिक से अधिक अन्न भंडारों का आयोजन करें, ताकि समाज के जरूरतमंद वर्ग को समय पर सहायता मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जब समाज के लोग मिल-जुलकर सेवा कार्यों में भाग लेते हैं, तो इससे युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है और वे समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं। भंडारे के आयोजन में अनुपमा रुंगटा, चैतन्य रुंगटा, सुरेश जांगरा और निधि संधु विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ मिलकर सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाई और भक्तिभाव से भोजन वितरण किया।

### अध्यक्ष अनिल, वरिष्ठ उपप्रधान बने दलजीत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ टैनामेंट कॉलोनी एवं रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी पदाधिकारियों बैठक संगठन के चैयरमेन दीपक शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्यों की सर्वसम्मति से चंडीगढ़ टैनामेंट कॉलोनी एवं रेजिडेंट वेलफेयर असोशिएशन का अध्यक्ष अनिल कुमार दुबे, वरिष्ठ उपप्रधान दलजीत सिंह, उपप्रधान बलवीर जी, एवं गौरीशंकर राय, महासचिव गौरव जी, स्टेज सचिव हरभजन सिंह, रमेश कुमार, राजेंद्र कुमार एवं 11 कार्यकारिणी सदस्यो को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष को संगठन के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी। दीपक शर्मा ने बताया की अनिल कुमार दुबे जी ने प्रधान की शपथ ली कि वह संस्था के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने कहा अब चंडीगढ़ टैनामेंट कॉलोनीयों के लोगों की परेशानी संगठन की परेशानी है और अब समस्याओं के समाधान को लेकर संघर्ष करने का समय आ गया है। अनिल दुबे जी ने कहा जल्द ही वह संगठन के सदस्यो को साथ लेकर प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ इस विषय पर बातचीत करके समाधान निकालने की जल्द ही कोशिश की जाएगी। अंत में संगठन के चैयरमेन दीपक शर्मा ने चंडीगढ़ की सभी कॉलोनीयों में रहने वाले लोगों से अपील की। वह भी संगठन को मज़बूत करने के लिए इस मुहीम का जल्द से जल्द हिस्सा बनें।

### भाजपा ने वोट चोरी करके बनाई है सरकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा ने वोटों की गणना में धांधली कर सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद कई दिनों तक मतदान प्रतिशत बढ़ता रहा, जिससे जनादेश की चोरी स्पष्ट होती है। एक-एक महिला के नाम पर कई वोट बनाए गए और लाखों फर्जी वोट जोड़कर लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचाई गई। हुड्डा ने सवाल उठाया कि यदि चुनाव आयोग पर लगे आरोपों में दम नहीं है, तो उनके बचाव में भाजपा नेता क्यों उतर रहे हैं। सोमवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे सरल स्वभाव के महान कलाकार थे और उनके जाने से फिल्म जगत को भारी क्षति हुई है। इस दौरान उन्होंने देश के नए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को बधाई भी दी और कहा कि हरियाणा के लिए यह गर्व का विषय है। हरियाणा में एसआईआर मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए हुड्डा ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता और ब्लॉक स्तर के एजेंट सतर्क रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि जनता अब चुनावी धांधली को समझ चुकी है और इसके खिलाफ खुलकर आवाज उठा रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में हालात बदतर हो गए हैं। इंडियन न्याय रिपोर्ट में सरकार की नाकामी उजागर हुई है। पुलिस विभाग में हजारों पद खाली पड़े होने के कारण कार्यरत कर्मचारी अत्याधिक दबाव में हैं, जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है।

# गुरु जी की निर्भयता, करुणा व धर्मनिष्ठा की शिक्षाएं सदैव करती रहेंगी प्रेरित : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी, जिन्हें विश्वभर में सम्मान के साथ 'हिंद की चादर' के रूप में जाना जाता है, उनकी 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पंजाब राज भवन, चंडीगढ़ द्वारा गुरु नानक देव ऑडिटोरियम में श्रद्धापूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण शबद कीर्तन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया जी ने गुरु साहिब को नमन किया तथा गहन श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। गुरुद्वारा पातशाही दसवीं, सेक्टर 8, चंडीगढ़ के रागी सिंहों ने सुरम्य और भक्तिमय कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को आध्यात्मिक अनुभूति से अभिभूत किया। विनम्रता, मानवता की एकता और समानता के संदेश को आत्मसात करते हुए राज्यपाल एवं प्रशासक श्री गुलाब चंद



कटारिया जी ने संगत के बीच बैठकर शबद कीर्तन श्रवण किया तथा लंगर सेवा में भी भाग लिया, जिससे भाईचारे और सेवा के सिख सिद्धांतों को और दृढ़ता मिली। इस अवसर पर गुरुद्वारा पातशाही दसवीं, सेक्टर 8 के प्रधान सुखजिंदर सिंह बहल ने राज्यपाल को सिरोपा देकर सम्मानित किया।

मेयर हरप्रीत कौर बाबला, यूटी के गृह सचिव श्री मनदीप सिंह बराड़, वित्त सचिव श्री दिप्रवा लाकड़ा तथा भारत सरकार के अडिशनल सॉलिसिटर जनरल सत्यपाल जैन को भी सिरोपाओं से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व, राज्यपाल ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गुरु जी का अतुलनीय बलिदान धार्मिक स्वतंत्रता और मानव सम्मान की रक्षा का अमर प्रतीक है।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे गुरु साहिब द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करें, जिन्होंने 1675 में पीड़ितों और शोषितों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राज्यपाल ने कहा, 'गुरु जी की निर्भयता, करुणा और धर्मनिष्ठा की शिक्षाएं सदैव हमें प्रेरित करती रहेंगी। यह दिवस हमें शांति, सद्भाव और सार्वभौमिक भाईचारे को बनाए रखने की हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। कार्यक्रम में पंजाब राज भवन के अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा उनके परिजन भी उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई, एस्टेट ऑफिस ने चलाया तोड़फोड़ अभियान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

एस्टेट ऑफिस, यूटी चंडीगढ़ द्वारा सेक्टर 1 स्थित चंडीगढ़ क्लब में अवैध निर्माणों को हटाने और भवन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए एक तोड़फोड़ अभियान चलाया गया।

यह कार्रवाई सुबह 6 बजे विभिन्न विभागों एवं प्रवर्तन एजेंसियों के समन्वित प्रयासों के साथ प्रारंभ हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, यूटी चंडीगढ़ द्वारा पर्याप्त पुलिस बंदोबस्त, जिसमें महिला कांस्टेबलों की तैनाती भी शामिल थी, सुनिश्चित किए गए ताकि संपूर्ण अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे। संबंधित डीएसपी पूरे अभियान के दौरान स्थल पर मौजूद रहे। मुख्य अभियंता, यूटी ने एसडीओ तथा जूनियर इंजीनियरों के माध्यम से तकनीकी पर्यवेक्षण की व्यवस्था की, साथ ही मजदूरों एवं आवश्यक मशीनरी की टीम को तैनात किया। आवश्यकता अनुसार स्थल के जल एवं विद्युत कनेक्शन पूर्व में ही काट दिए गए थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सेक्टर 17, ने एहतियातन एक फायर टेंडर भी तैनात किया। एसडीएम (सेंटर) ने कार्यपालक मजिस्ट्रेटों के साथ मिलकर पुलिस टीमों के सहयोग से प्रभावी कानून-व्यवस्था पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया। एस्टेट ऑफिस की प्रवर्तन शाखा इसमें तहसीलदार (एन्फोर्समेंट), एसडीओ, निरीक्षण स्टाफ, मजदूर दल, ट्रक तथा जेसीबी एवं पॉपलेन जैसी तोड़फोड़ मशीनें शामिल थीं नामित नोडल अधिकारी की देखरेख में इस कार्रवाई को अंजाम दिया, जिन्होंने हटाए जाने वाले ढांचों की सही पहचान सुनिश्चित की।

## कार रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई की 290वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तथा आपसी सौहार्द एवं जनसंपर्क को ओर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय नौसेना मुंबई से शिमला, कल्पा, किन्नौर होते हुए वापसी तक एक कार रैली के रूप में जनसंपर्क पहल संचालित कर रही है। इस पहल के तहत नौसेना कार रैली अभियान चंडीगढ़ पहुंचा। निशांत कुमार यादव, जिला सैनिक बोर्ड, यूटी चंडीगढ़ ने भाग लेने वाले नौसेना अधिकारियों व टीम सदस्यों का स्वागत किया तथा 24 नवंबर को प्रातः 9:30 बजे सुखना झील से कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नौसेना का यह जनसंपर्क कार्यक्रम देशभर के नागरिकों के साथ और अधिक मजबूत जुड़ाव स्थापित करने तथा भारतीय नौसेना के कार्यों एवं योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया है।

## लिटल हार्ट प्री-प्राइमरी विंग में नन्हे बच्चों ने मोहा मन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

लिटल हार्ट (प्री-प्राइमरी विंग) गुरु हरकृष्ण मॉडल स्कूल, सेक्टर 38-डी, चंडीगढ़ ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक समारोह को बड़े हर्ष, रंग-बिरंगी छटा और रचनात्मकता के साथ मनाया।

नन्हे बच्चों ने मधुर एवं शांतिमय प्रार्थना-गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहाड़ी नृत्य की तालों पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'कम्युनिटी हेल्पर्स' की थीम पर आधारित प्रस्तुति में छोटे-छोटे बच्चे जीवंत चित्रों की तरह मंच पर उतरे, जिसे अभिभावकों ने दिल खोलकर सराहा। एलकेजी के विद्यार्थियों ने 'नृत्य भारत' प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। यूकेजी कक्षा के बच्चों द्वारा प्रस्तुत ऊर्जावान 'भंगड़ा' ने मंच को रोशन कर दिया और ढोल की थाप पर अभिभावक भी झूमे। यही प्रस्तुति कार्यक्रम का भव्य समापन बनी। विद्यालय की दूरदर्शी प्रिंसिपल डॉ. हरप्रीत कौर ने विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए इस भव्य आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने प्री-प्राइमरी विभाग के अथक प्रयासों की भी प्रशंसा की और नन्हे प्रस्तुतकर्ताओं को मंच पर प्रदर्शित आत्मविश्वास के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि 'SPARKLESÓ जैसे आयोजन समग्र विकास को प्रोत्साहित करते हैं, आत्म-अभिव्यक्ति को संवारते हैं और भविष्य के सीखने की मजबूत नींव रखते हैं। अभिभावकों ने अपने बच्चों की उल्लेखनीय प्रगति देखकर अत्यंत हर्ष प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

## एमेच्योर गोल्फर्स सोसायटी गोल्फ टूर्नामेंट का 10वां एडिशन संपन्न

# गोपी सिंह, राजीव और अनीश बने विजेता

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

एमेच्योर गोल्फर्स सोसायटी (एजीएस) गोल्फ टूर्नामेंट के 10वें एडिशन में, कर्नल गोपी सिंह, 73 के शानदार स्कोर के साथ 0-9 हैंडीकैप कैटेगरी में विनर बने, जे एस जैदका 74 के स्कोर के साथ पहले रनर-अप रहे।

गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन हरे-भरे 72 पार 18 होल वाले पंचकूला गोल्फ क्लब में हुआ। 10-15 हैंडीकैप कैटेगरी में, डॉ. राजीव भल्ला 73 के स्कोर के साथ विजेता घोषित किए गए, जबकि डॉ. अनिल रतन वर्मा 74 के स्कोर के साथ उप-विजेता चुने गए। 16 और उससे ज्यादा हैंडीकैप कैटेगरी में, अनीश अरोड़ा ने 73 के स्कोर के साथ टॉप स्पॉट हासिल किया और सुनील इस्सर ने 74 के स्कोर के साथ रनर-अप का टाइटल जीता। 'लॉन्गेस्ट



ड्राइव' के सब-कॉम्पिटिशन में कर्नल गोपी सिंह 260-यार्ड हिट के साथ विजेता रहे और ब्रिगेडियर एच. पी. एस. बेदी 240-यार्ड हिट के साथ उपविजेता रहे। 'स्ट्रेट ड्राइव' सेगमेंट में विजेता कर्नल एन. के. मेहता (2 इंच) और उप-विजेता एस. के. गोयल (7 इंच) रहे। 'नियरेस्ट टू पिन' कॉम्पिटिशन में विजेता जीके गर्ग (1 फीट 4 इंच) और उप-विजेता कर्नल गोपी सिंह (10 फीट) रहे। चीफ गेस्ट राखी गुप्ता भंडारी (आईएएस), प्रिंसिपल सेक्रेटरी, फूड प्रोसेसिंग, पंजाब गवर्नमेंट, ने विजेताओं को पुरस्कार और ट्रॉफीज दीं। उन्होंने टूर्नामेंट आयोजित करने और गोल्फ को बढ़ावा देने से संबंधित इसके विजन के लिए आयोजक एमेच्योर गोल्फर्स सोसाइटी (एजीएस) की खुले दिल से सराहना की। एजीएस के संस्थापक ट्रस्टी एडवोकेट सुरेश के. गुप्ता ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य इस क्षेत्र में इस तरह के और अधिक टूर्नामेंट आयोजित करना है ताकि छिपी प्रतिभाओं को खोजने और ट्राइसिटी में गोल्फिंग कल्चर को और बढ़ावा देने में मदद मिल सके।

## देश-विदेश

# जी-20 में पहली बार नहीं हुई मेजबानी हैंडओवर

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

**साउथ** अफ्रीका में 20वां जी-20 समिट रविवार को बिना औपचारिक हैंडओवर के समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल (अध्यक्षता का प्रतीक हथौड़ा) नहीं सौंपा। विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा कि आज कोई औपचारिक हैंडओवर सेरेमनी नहीं होगी। अमेरिका चाहे तो सोमवार से दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय के दफ्तर से जी-20 से जुड़े दस्तावेज ले सकता है। इसके बाद व्हाइट हाउस की डिप्टी सेकेट्री अन्ना केली ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका ने जी-20 का औपचारिक हैंडओवर नहीं कर गलत किया है। दरअसल, हर जी-20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, अगले मेजबानी करने वाले देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमेरिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रंप शामिल नहीं हुए। ट्रंप ने कहा कि साउथ अफ्रीका में गोरे ईसाइयों को मारा जा रहा है और उनकी जमीन छीनी जा रही है। इसके विरोध में उन्होंने शामिल होने से इनकार कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

## यूक्रेन में युद्ध रोकने को जिनेवा में बातचीत सार्थक रही : रुबियो

**एजेंसी, जिनेवा।** अमेरिकी विदेशमंत्री मार्को रुबियो ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच यूक्रेन में युद्ध रोकने के मकसद से हुई बातचीत को सार्थक और महत्वपूर्ण बताया।

रुबियो ने पहले दौर की वार्ता के बाद कहा कि यह अब तक की सबसे अच्छी कोशिश है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 28 सूत्री शांति प्रस्ताव पर कुछ बदलाव किए गए हैं। यह यूक्रेन और रूस दोनों को मंजूर हों। (अनंत ज्ञान)

# स्लोवेनिया में इच्छामृत्यु कानून पर रोक, 17 लाख लोगों ने किया वोट

**एजेंसी, स्लोवेनिया**

**स्लोवेनिया** में लोगों ने वोटिंग कर इच्छामृत्यु को लागू करने वाले कानून को रोक दिया है। चुनाव आयोग की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, 17 लाख वोटर्स में से 53% लोगों ने इस कानून के खिलाफ वोटिंग की। अब 1 साल तक यह कानून लागू नहीं किया जाएगा। इच्छामृत्यु कानून स्लोवेनिया की संसद ने जुलाई में पास किया था। कानून के मुताबिक ऐसे मरीज जिनकी हालत लाइलाज है और असहनीय दर्द से जूझ रहे हैं, इलाज के विकल्प उनके लिए खत्म हो चुके हैं, ऐसे में वे डॉक्टरी की मदद से अपनी जिंदगी खत्म कर सकते हैं। इससे पहले 2024 में हुए जनमत संग्रह में इसे समर्थन मिला था, लेकिन एक एक्टिविस्ट ग्रुप ने करीब 40 हजार से ज्यादा हस्ताक्षर जुटाकर दोबारा वोट कराने की मांग की थी।

प्रधानमंत्री रॉबर्ट गोलोब ने लोगों से कानून के समर्थन में वोट करने की अपील की थी। उनका कहना था कि हर व्यक्ति को यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपनी जिंदगी का अंत कैसे और कितनी गरिमा के साथ करे। यूरोप के कई देशों में इच्छामृत्यु कानून लागू है। ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, नीदरलैंड और स्विट्जरलैंड में टर्मिनल मरीजों को जीवन समाप्त करने के लिए डॉक्टरी सहायता मिलती है। (अनंत ज्ञान)

## सोना 162 रुपए चढ़कर 1.23 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी में भी तेजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सोना** के दाम में सोमवार को गिरावट के बाद तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 162 रुपए चढ़कर 1,23,308 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले सोने की कीमत 1,23,146 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी 2,521 रुपए बढ़कर 1,53,650 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले इसकी कीमत 1,51,129 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्तूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल में 9 टॉप अफसर सेना से बर्खास्त

**एजेंसी, तेल अवीव**

**इसराइल** में 9 टॉप सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इसराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जामिर ने कहा कि ये अधिकारी हमास के हमले को रोकने में नाकाम रहे थे। 7 अक्तूबर 2023 को हुए इस हमले में 1200 से ज्यादा इसराइली लोगों की मौत हुई थी। इसराइल में हमास हमले को लेकर हुई सुरक्षा चूक और उसकी निष्पक्ष जांच को लेकर रविवार को प्रदर्शन हुए। इसमें कम से कम 5 लाख लोग शामिल हुए। इसके बाद से सरकार पर इन अधिकारियों को बर्खास्त करने का दबाव बढ़ गया था। आईडीएफ

**दो साल पहले हमास का हमला रोकने में नाकाम रहे थे**

चीफ जामिर ने रविवार को इन अफसरों को मीटिंग के लिए बुलाया और उनकी बर्खास्तगी का फैसला सुनाया। इस दौरान कई अफसरों को फटकार भी लगाई गई। जामिर ने कहा कि वे एक्सपर्ट की जांच रिपोर्ट के आधार पर कमांडरों के खिलाफ फैसले भी लेंगे। हालांकि, बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है। जिन अधिकारियों को फटकार लगी है, वे अपनी मौजूदा पोस्ट पर अपना कार्यकाल पूरा होने तक काम करते रहेंगे। अपने फैसले के बाद आईडीएफ चीफ ने बयान जारी कर कहा कि ऐसे फैसले लेना आसान नहीं है, क्योंकि ये उन लोगों को प्रभावित करते हैं, जिन्हें मैं बहुत मानता हूं और जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश की सुरक्षा में लगा दी। उन्होंने आगे कहा कि मैं इनके साथ दशकों तक लड़ाइयां लड़ चुका हूं। इसके बावजूद मेरे सामने जिम्मेदारी तय करने का कर्तव्य है। ये फैसले हम खुद नहीं चुनते, बल्कि बतौर कमांडर हमें उठानी पड़ती है। आईडीएफ चीफ ने कहा कि अगर हम जिम्मेदारी तय नहीं करेंगे, तो सिस्टम पर लोगों का भरोसा कम होगा। यह भरोसा ही हमारी लड़ाई, हमारी जीत और देश की रक्षा की नींव है। (अनंत ज्ञान)

# इंडिया गेट पर लहराए नक्सली हिड़मा के पोस्टर

## लाल सलाम और अमर रहे के नारे लगे; दिल्ली प्रदूषण के खिलाफ था प्रदर्शन, कई गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में इंडिया गेट पर वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल लोगों ने देश के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44) के पोस्टर लहराए। पोस्टरों में हिड़मा की तुलना आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा से की गई।

हिड़मा को जल, जंगल और जमीन का रखवाला बताया गया। प्रदर्शनकारियों ने 'माड़वी हिड़मा अमर रहे' जैसे नारे लगाए। उन्होंने पोस्टरों पर भी 'माड़वी हिड़मा को



लाल सलाम' जैसे नारे लिखे थे। एक प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था 'बिरसा मुंडा से लेकर माड़वी हिड़मा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भीड़ की पुलिस से हाथापाई भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मिर्च स्प्रे कर दिया, जिससे तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दो थानों में स्नद्धं, दर्ज की हैं। अब तक 22 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बता दें कि नक्सली हिड़मा एक करोड़ का इनामी नक्सली था। सुरक्षाबलों ने 18 नवंबर को आंध्र प्रदेश के एलूरी सीताराम राजू जिले में हिड़मा को एनकाउंटर में मार गिराया था। वह ढाई दशक से छत्तीसगढ़ के बस्तर में एक्टिव था। वह 26 बड़े हमलों का मास्टरमाइंड था। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, रविवार को प्रदर्शनकारी सी-हेक्सागॉन के पास इकट्ठा हुए थे। उनके प्रदर्शन से एम्बुलेंस और मेडिकल कर्मियों को वहां से गुजरने में दिक्कत आ रही थी। पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की तो स्थिति हाथापाई में बदल गई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर काली मिर्च स्प्रे छिड़क दिया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 331 अंक गिरकर 84,901 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 331 अंक गिरकर 84,901 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 109 अंक की गिरावट रही, ये 25,960 पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर को छोड़कर अन्य सेक्टर्स में गिरावट रही। निफ्टी रियल्टी 2.05%, मेटल 1.23% और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.15% गिरे। सुदीप फार्मा के आईपीओ का सोमवार को दूसरा दिन है।



ये आईपीओ 21 नवंबर को खुला और 25 नवंबर को बंद होगा। पहले दिन ही ये इश्यू दोगुना सब्सक्राइब हो चुका है। आईपीओ का प्राइस बैंड 563 रुपए से 593 रुपए के बीच तय किया गया है। लॉट साइज 14 शेयर्स का है। यानी रिटेल निवेशक को कम से कम 14,825 रुपए का निवेश करना होगा। रिटेल के लिए मैक्सिमम लॉट साइज 13 है। इसके लिए 1,92,725 रुपए निवेश करने होंगे। एशियाई बाजार: कोरिया का कोस्पी 0.19% नीचे 3,846 पर और हांगकांग का हैंगसेंग 1.97% ऊपर 25,716 बंद हुए। जापान का निक्केई आज बंद है। अमेरिकी बाजार: 21 नवंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 1.08% चढ़कर 46,245 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.88% बंद हुए। नवंबर में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में बिकवाली की। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलियाई संसद में बुर्का पहनकर घुसीं सांसद पॉलीन

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई सांसद पॉलीन हैंसन संसद में बुर्का पहनकर आई। उन्होंने देशभर में बुर्का और चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग की। दरअसल, हैंसन ने संसद में बुर्का बैन को लेकर एक बिल पेश किया था। प्रस्तावित बिल को संसद ने पास करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद विरोध करने के लिए वो बुर्का पहनकर आ गईं। कई सांसदों ने इसे नस्लवादी हरकत बताया। हैंसन ने बयान में कहा, 'अगर संसद बुरका बैन नहीं करना चाहती, तो मैं इसे रोज संसद में पहनकर आउंगी ताकि हर ऑस्ट्रेलियाई समझ सके कि यह महिलाओं पर अत्याचार और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। अगर उन्हें मुझे बुरका पहने देखना पसंद नहीं, तो बुरका पर बैन लगा दें।' इस घटना के बाद ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर बुरका बैन की बहस तेज हो गई है। यह दूसरी बार है जब पॉलीन हैंसन ने संसद में बुर्का पहना हो। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान बोला- राजनाथ का बयान भड़काऊ

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान पर आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के सिंध प्रांत का जिक्र किया था। पाकिस्तान ने बयान जारी कहा कि यह बयान गलत, भड़काऊ और खतरनाक है।

पाकिस्तान ने कहा कि ऐसे बयान अंतरराष्ट्रीय कानून और देशों की तय सीमाओं के खिलाफ हैं। पाकिस्तान ने मांग की कि भारत के नेता इस तरह के बयान से बचें, क्योंकि इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। दरअसल राजनाथ सिंह ने रविवार को दिल्ली में कहा था कि आज सिंध की जमीन भारत का हिस्सा भले न हो, लेकिन सभ्यता के हिसाब से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। जहां तक जमीन की बात है। कब बॉर्डर बदल जाए कौन जानता है, कल सिंध फिर से भारत में वापस आ जाए। पाकिस्तान ने भारत के अंदरूनी मामलों पर बयानबाजी करते हुए कहा कि भारत को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान ने फिर से कहा कि इस मसले को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छा के मुताबिक हल किया जाना चाहिए। पाकिस्तान का कहना है कि वह भारत के साथ सभी मुद्दों को शांति से सुलझाना चाहता है, लेकिन साथ ही अपने देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए हमेशा तैयार है। वहीं, जेय सिंध मुत्तहिदा महाज के नेता शफी बुरफत ने राजनाथ सिंह के बयान का गर्मजोशी से स्वागत किया है। उन्होंने लिखा कि यह बयान सिंधी लोगों के लिए ऐतिहासिक, हौसला देने वाला और प्रेरणादायक है।उनके मुताबिक यह बयान सिंध की आजादी और भारत के साथ भविष्य में मजबूत संबंधों की उम्मीद जगाता है। उन्होंने कहा कि सिंधुदेश आंदोलन शुरू से ही इस विचार को मानता रहा है कि सिंध और भारत के बीच गहरे सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंध हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### विश्व कप के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम रवाना

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम, कप्तान ज्योति सिंह के नेतृत्व में एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 में भाग लेने के लिए सैंटियागो, चिली रवाना हो गई। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 1 से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। 20 सदस्यीय भारतीय टीम, जिसमें दो विकल्प खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत को पूल 'सी' में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है। टीम अपना अभियान 1 दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ शुरू करेगी, जिसके बाद 3 दिसंबर को जर्मनी से और 5 दिसंबर को आयरलैंड से मुकाबला होगा। प्रत्येक पूल की शीर्ष टीमें 7 से 13 दिसंबर तक खेले जाने वाले नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी। मुकाबले इस प्रकार हैं: **पूल 'ए':** नीदरलैंड, जापान, चिली और मलेशिया, **पूल 'बी':** अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे और वेल्स, **पूल 'डी':** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन और ऑस्ट्रिया, **पूल 'ई':** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा और स्कॉटलैंड, **पूल 'एफ':** संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड और उरुग्वे।

### डब्ल्यूटीएल में एक ही टीम में दानिल मेदवेदेव और रोहन बोपन्ना

**एजेंसी, बेंगलुरु।** रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव और अनुभवी भारतीय रोहन बोपन्ना 17 से 20 दिसंबर तक यहां होने वाली विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के लिए एक ही टीम में खेलेंगे, जबकि सुमित नागल उस टीम का हिस्सा हैं, जिसमें दुनिया के पूर्व नंबर छह खिलाड़ी गेल मोनफिल्स शामिल हैं। निक किर्गियोस और कनाडा के स्टार डेनिस शापोवालोव भी चार टीम की इस फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे। एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले 2025 सत्र में चार टीम में 16 अंतरराष्ट्रीय और भारतीय खिलाड़ी शामिल होंगे। यह टूर्नामेंट तीन सत्र के बाद पहली बार यूएई के बाहर आयोजित हो रहा है। पिछले महीने अल्माटी ओपन का खिताब जीतने वाले दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव मौजूदा चैंपियन गेम चेंजर्स फाल्कन्स के लिए खेलेंगे। टीम में उनके साथ दिग्गज युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और अन्य खिलाड़ी भी होंगे। गेम चेंजर्स फाल्कन्स के अमनदीप सिंह ने कहा कि टीम को मेदवेदेव के कोर्ट पर दबदबे और बोपन्ना की युगल में विशेषज्ञता का फायदा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### लियोनेल मेसी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लियोनेल मेसी का शानदार प्रदर्शन जारी है। मेजर लीग सॉकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस के सेमीफाइनल में उन्होंने एक रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन किया। टीक्यूएल स्टेडियम में इंटर मियामी ने सिनसिनाटी एफसी को 4-0 से बुरी तरह हरा दिया और इंर मियामी के इस जीत के हीरो और कोई नहीं, बल्कि लियोनेल मेसी ही थे। मेसी ने 19वें मिनट में पहला गोल करके खाता खोला और हाफ-टाइम तक मियामी 1-0 से आगे रहा। उन्होंने दूसरे हाफ में तीन असिस्ट दिए। 57वें मिनट में माटेओ सिल्वेटी ने गोल किया। 62वें और 74वें मिनट में टाडेओ एलेन्डे ने गोल दागे। उनके ब्रेस ने भी टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। मेसी ने मियामी को ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस के फाइनल में पहुंचा दिया है, जहां उनका सामना न्यूयॉर्क सिटी एफसी से होगा। अपने इस शानदार प्रदर्शन के चलते मेसी ने बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। (अनंत ज्ञान)

### इवानोविच का खूबसूरत अंदाज

**सर्बिया।** सर्बिया की पूर्व टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविच अपने टेनिस करियर के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। इवानोविच अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए भी चर्चा रहती हैं।



# गुवाहाटी टेस्ट : भारतीय टीम 201 रन पर ऑलआउट

## साउथ अफ्रीका को पहली पारी में 288 रन की बढ़त, नहीं दिया फॉलोऑन ; यानसन ने 6 विकेट लिए

**एजेंसी, गुवाहाटी**



**गुवाहाटी** टेस्ट में टीम इंडिया पहली पारी में महज 201 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका को 288 रन की बढ़त मिली। टीम ने भारत को फॉलोऑन नहीं दिया। साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 26 रन बना लिए हैं और बढ़त 310 हो गई है। रियान रिकेल्टन और ऐडन मार्करम क्रीज पर हैं।

साउथ अफ्रीका की ओर से तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने 6 विकेट लिए। उन्हीं की बॉलिंग ने भारत को बैकफुट पर धकेला। होम टीम से यशस्वी जायसवाल ने 58 और वॉशिंगटन सुंदर ने 48 रन बनाए। सोमवार को मुकाबले के तीसरे दिन भारत ने 9/0 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। 95 रन तक टीम ने 2 ही विकेट गंवाए थे, लेकिन ओपनर्स के विकेट के बाद 122 तक टीम ने 7 विकेट गंवा दिए। सुंदर और कुलदीप यादव ने भारत को 200 तक पहुंचाया। भारत ने 27 रन बनाने में 6 विकेट गंवाए भारत को पारी में अच्छी शुरुआत मिली थी। टीम का दूसरा विकेट 95 रन के स्कोर पर गिरा। लेकिन, इसके बाद 27 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए। 95 के स्कोर पर यशस्वी, 96 पर सुदर्शन, 102 पर जुरेल, 105 पर पंत, 119 पर नीतीश और 122 पर जडेजा आउट हुए। साउथ अफ्रीका ने बरसापारा स्टेडियम में शनिवार को टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। मैच के दूसरे दिन रविवार को टीम पहली पारी में 489 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मार्को यानसन ने जसप्रीत बुमराह को आउट कर भारत की पहली पारी खत्म करा दी। यानसन ने पहली पारी में 6 विकेट लिए। बुमराह ने 17 बॉल पर 5 रन बनाए। यानसन ने बुमराह को वेरिने के हाथों कैच कराया। भारत का 9वां विकेट गिर चुका है। कुलदीप यादव 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने ऐडन मार्करम के हाथों कैच कराया। यानसन का पारी में यह 5वां विकेट है। वहीं मार्करम ने 5वां कैच पकड़ा है। साइमन हार्मर ने वॉशिंगटन सुंदर को आउट कर भारत को 8वां झटका दिया। हार्मर ने फुल लेंथ बॉल कराई, जो ऑफ स्टंप के बाहर थोड़ी मूव हुई। सुंदर इसे पुश करने की कोशिश किए, जिससे बैट का बाहरी किनारा लगा। स्लिप में खड़े मार्करम ने आसान कैच लपक लिया। सुंदर 92 बॉल पर 48 रन बनाए। हार्मर का पारी में यह तीसरा विकेट है। इस के विकेट के साथ सुंदर और कुलदीप की 72 रन की साझेदारी भी टूट गई। साउथ अफ्रीका की पहली पारी के 489 रन के जवाब में भारत लंच तक सात विकेट पर 174 रन बनाया है। टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर दोनों ही फ्लॉप रहे, जिससे होम टीम दबाव में आ गई। यशस्वी जायसवाल (58) और वॉशिंगटन सुंदर (33) को छोड़कर कोई भी भारतीय बैटर बड़ी पारी नहीं खेल सका। टीम ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 9 रन से की थी, लेकिन दूसरा सेशन खत्म होने से पहले 7 विकेट गंवा दिए। दूसरे सेशन में टीम ने 31 ओवर खेले और 72 रन बनाए। इस दौरान 3 विकेट गंवाए। वॉशिंगटन सुंदर और कुलदीप के बीच 8वें विकेट के लिए 141 गेंदों पर 52 रन साझेदारी हो चुकी है। होम टीम अब भी 315 रन पीछे है और फॉलोऑन से बचने के लिए उसे 116 और रन बनाने होंगे। (अनंत ज्ञान)

# बाबर आजम के टी-20 इंटरनेशनल में विराट कोहली के बराबर अर्धशतक

## जिम्बाब्वे को 69 रन से हराकर पाकिस्तान फाइनल में, उस्मान की हैट्रिक

**एजेंसी, रावलपिंडी**



**रावलपिंडी** में खेले गए टी-20 ट्राई-सीरीज के चौथे मैच में पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 69 रन से हराकर शनिवार को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बाबर आजम और साहिबजादा फरहान की 103 रन की साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

गेंदबाजी में उस्मान तारिक ने 4 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट लिए और हैट्रिक के साथ प्लेयर ऑफ द मैच बने। बाबर ने कोहली की बराबरी की इस मैच में बाबर आजम ने अपना 38वां टी-20 अर्धशतक लगाया और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली।

बाबर ने यह उपलब्धि 127 पारियों में हासिल की, जबकि कोहली ने 117 पारियों में 38 फिफ्टी लगाई थीं। विराट कोहली पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं। फरहान-बाबर की 103 रन की साझेदारी ने मजबूत नींव रखी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने पावरप्ले में तेज शुरुआत की। ओपनर सईम अय्यूब ने 8 गेंदों में 13 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद फरहान और बाबर ने पारी को संभाला। पहले 20 गेंदों में फरहान 32 रन बना चुके थे, जबकि बाबर 15 रन पर थे। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 77 गेंदों पर 103 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। फरहान ने 41 गेंदों पर 63 रन बनाए, वहीं बाबर ने धीमी शुरुआत के बाद 52 गेंदों पर 74 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। अंत में फखर जमान ने सिर्फ 10 गेंदों पर नाबाद 27 रन जोड़कर टीम का स्कोर 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 तक पहुंचाया। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और टीम 19 ओवर में 126 रन पर ऑल-आउट हो गई। जिम्बाब्वे की ओर से रयान बर्ल ने शानदार संघर्ष करते हुए नाबाद 67 रन (49 गेंद, 8 चौके, 2 छक्के) बनाए। इसके अलावा कप्तान सिकंदर रजा ने 18 गेंदों पर 23 रन जोड़े। टीम के सिर्फ दो ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू सके। (अनंत ज्ञान)

### अल नास्त्र ने खलीज को 4-1 से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रियाद के अल अव्वल पार्क में खेले गए सऊदी प्रो लीग मुकाबले में अल नास्त्र ने अल खलीज को 4-1 से मात दी। मैच का सबसे बड़ा आकर्षण 40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो का अद्भुत बाइसिकल किक गोल रहा, जो उन्होंने मैच के अंतिम सेकंड में नवाफ बौशाल के क्रॉस पर किया। यह रोनाल्डो का इस सीजन लीग में 10वां गोल है। अल नास्त्र ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। शुरुआती कुछ गोल ऑफसाइड के कारण रद्द होने के बाद टीम को 39वें मिनट में बढ़त मिली, जब जोआओ फेलिक्स ने एंजेलो के लेफ्ट-विंग क्रॉस पर शानदार फिनिश किया। तीन मिनट बाद फेलिक्स ने एक बार फिर कमाल दिखाते हुए विपक्षी आधे में गेंद छीनकर वेस्ली को पास दिया, जिसने टॉप राइट कॉर्नर में जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही अल खलीज ने वापसी की कोशिश की और 47वें मिनट में हवसावी ने बॉक्स के बाहर से शानदार गोल दागकर अंतर 2-1 कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### श्रीकांत, प्रणय की नजरें सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में वापसी पर

**एजेंसी, लखनऊ**

**सीनियर** बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और एचएस प्रणय इस सत्र का अंत जीत के साथ करना चाहेंगे, लेकिन उन्हें मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जो शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने के लिए तैयार हैं। इस 240,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता की चमक भी कुछ कम हो गई है, क्योंकि अमेरिकी ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने के बाद अंतिम समय में इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया। पूर्व चैंपियन श्रीकांत को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता बनकर नई ऊर्जा मिली थी, लेकिन वह उस लय को बरकरार नहीं रख पाए। अब घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट से उन्हें साल का अंत सकारात्मक तरीके से करने का एक और मौका मिलेगा। प्रणय भी जीत हासिल करने के लिए बेताब हैं। उन्होंने हाल में जापान मास्टर्स और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था, लेकिन वहां अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। वह अब घरेलू दर्शकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांचवीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत का पहला मुकाबला मीराबा लुवांग मैसनाम से जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त प्रणय का सामना पहले दौर में कविन थंगम से होगा। सभी की निगाहें छठे वरीय थारुण मन्नेपल्ली पर भी होंगी, जो सतीश कुमार करुणाकरण से भिड़ेंगे, जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम भी मनराज सिंह के खिलाफ अपने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। मिथुन मंजूनाथ का मुकाबला कजाकिस्तान के दिमित्री पानारिन से होगा, जबकि प्रियांशु राजावत घुटने की समस्या के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित

# केन विलियम्सन की वापसी, टिकनर को भी 2 साल बाद मौका

**एजेंसी, वेलिंगटन**



न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम घोषित की है। केन विलियम्सन को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 दिसंबर से शुरू होने वाली सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने अगस्त में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा नहीं लिया था। टिकनर की 2 साल बाद वापसी वहीं तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को 2023 के बाद पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आखिरी टेस्ट 2023 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था।

हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्होंने सिर्फ दो मैचों में 8 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा कीवी टीम ने तेज गेंदबाज जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी और नाथन स्मिथ को शामिल किया है। डफी और फॉल्क्स ने जिम्बाब्वे दौरे पर अहम योगदान दिया था। फॉल्क्स ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट में 9 विकेट लिए थे। डेरिल मिचेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान हुई ग्रोइन इंजरी से उबर गए हैं। उन्हें भी टीम में जगह दी गई है। जेमीसन, फिलिप्स को टीम में जगह नहीं तेज गेंदबाज काइल जेमीसन को हालांकि पहले टेस्ट के लिए नहीं चुना गया है। वे अपनी पीठ की चोट से उबरने के बाद धीरे-धीरे रेड-बॉल क्रिकेट में लौट रहे हैं, इसलिए प्रबंधन ने उन्हें अभी आराम दिया है ताकि उनकी वर्कलोड बढ़ाने में जल्दबाजी न हो। कोच विलियम्सन की वापसी पर खुश न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने विलियम्सन की वापसी पर खुश है, उन्होंने कहा किकेन की मैदान पर क्षमता खुद ब खुद बोलती है और टेस्ट टीम में उनकी स्किल्स और नेतृत्व का होना बहुत अच्छा होगा। उन्हें रेड-बॉल क्रिकेट के लिए तैयार होने के लिए कुछ समय मिला है, और मुझे पता है कि वह पहले टेस्ट से पहले प्लंकेट शील्ड (न्यूजीलैंड की घरेलू चार दिवसीय प्रतियोगिता) के दूसरे राउंड में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। कई खिलाड़ी चोट के कारण बाहर तेज गेंदबाज मैट फिशर (शिन), विल ओ'रूर्क (पीठ) और बेन सियर्स (हैमस्ट्रिंग) चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। डब्ल्यूटीसी की नई साइकिल की शुरुआत वेस्टइंडीज सीरीज न्यूजीलैंड के लिए 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की पहली सीरीज होगी। न्यूजीलैंड की टीम टॉम लाथम (कप्तान) टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल,डेवोन कॉन्वे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, केन विलियम्सन, विल यंग। (अनंत ज्ञान)

# टोक्यो समर डेफ्लिंपिक्स में भारत की प्रांजली प्रशांत ने 25 मीटर पिस्टल में जीता स्वर्ण

**एजेंसी, टोक्यो**



**भारत** की प्रांजली प्रशांत धूमल ने जापान की राजधानी टोक्यो में 25वें समर डेफ्लिंपिक्स में सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। यह उनका दूसरा स्वर्ण और इस संस्करण का तीसरा पदक है। फाइनल में प्रांजली ने 34 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। यूक्रेन की हलीना मोसीना (32 अंक, रजत) दूसरे स्थान पर रहीं। कोरिया की जीवॉन जिऑन ने 30 अंकों के साथ कांस्य जीता। उन्होंने भारत की अनुया प्रसाद को शूट-ऑफ में मात दी।

अनुया चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले प्रांजली अभिनव देशवाल के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। अभिनव ने पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण जीता। फाइनल में प्रांजली ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई। पहले सीरीज में उन्होंने पांच में से चार शॉट्स में निशाना साधा और नौवीं सीरीज तक बढ़त बनाए रखी।

इस दौरान वह मोसीना के साथ 30-30 अंकों पर बराबरी पर रहीं। दसवीं और अंतिम सीरीज में प्रांजली ने चार सटीक शॉट लगाए। मोसीना केवल दो ही शॉट लगा सकीं। इसी के साथ भारतीय निशानेबाज ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। क्वालिफिकेशन में भी भारतीय निशानेबाजों का दबदबा रहा। प्रांजली ने शीर्ष दो स्थानों में जगह बनाते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और विश्व डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तथा डेफ्लिंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने 573-14× का स्कोर बनाया, जो उनके अपने ही पिछले वर्ष हैनोवर में हुए वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में बनाए गए विश्व रिकॉर्ड से बेहतर है।

अनुया प्रसाद 569-15× के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भारतीय निशानेबाज अब तक डेफ्लिंपिक्स में कुल 16 पदक जीत चुके हैं। सात स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य शामिल हैं। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पदक तय किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# सुल्तान अजलान शाह कप: मोहम्मद रहील के गोल से भारत की विजयी शुरुआत

**एजेंसी, इपोह ( मलेशिया )**



**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान अजलान शाह कप 2025 की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। रविवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने कोरिया को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल मोहम्मद रहील ने पहले क्वार्टर के अंतिम क्षणों में दागा, जो अंत तक निर्णायक साबित हुआ।

भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और शुरुआती मिनटों में गेंद पर शानदार नियंत्रण बनाए रखा। इसी दबाव का नतीजा था कि सुखजीत सिंह ने गोलपोस्ट को हिला दिया, हालांकि गेंद जाल में नहीं जा सकी। जल्द ही टीमवर्क से बनाई गई एक बेहतरीन मूव को रहील ने गोल में तब्दील कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में कोरिया ने बराबरी की कोशिशें तेज कीं और काउंटर अटैक से कुछ मौके भी बनाए, पर गोलकीपर मोहित एचएस की शानदार सेव ने भारत की बढ़त बरकरार रखी। वहीं, तीसरे क्वार्टर में भारत ने दूसरा गोल खोजने की कोशिश की, लेकिन पेनल्टी कॉर्नर का लाभ नहीं उठा सके। इस बीच पवन ने भी डिफेंस में अहम भूमिका निभाई और मुश्किल पलों में टीम को बचाया। अंतिम क्वार्टर में भारत ने गति बढ़ाते हुए मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। कोरियाई गोलकीपर किम जाएहान ने कुछ महत्वपूर्ण सेव किए, जिसमें अभिषेक की क्लोज रेंज कोशिश को रोकना भी शामिल था। अंतिम मिनट में कोरिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन मोहित ने एक बार फिर शानदार बचाव कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत ने मैच के दोनों छोर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत दर्ज की और अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। (अनंत ज्ञान)

**डेविस कप 2025** स्पेन को 2-0 से हराया ; बेरेटिनी का दमदार प्रदर्शन, स्टार खिलाड़ी इस फाइनल में नहीं खेले

# इटली ने स्पेन को हराकर तीसरी बार जीता खिताब

**एजेंसी, बोलोनिया**




इटली ने स्पेन को 2-0 से हराकर शानदार अंदाज में लगातार तीसरा डेविस कप खिताब अपने नाम किया। बोलोनिया में खेले गए फाइनल में इटली के लिए माटेयो बेरेटिनी और फ्लावियो कोबोली ने अपने-अपने सिंगल्स मैच जीते और टीम को चैंपियन बना दिया। जोशीले घरेलू दर्शकों के समर्थन से उत्साहित बेरेटिनी ने पहले मुकाबले में पाब्लो कारेनो बुस्टा को 6-3, 6-4 से मात दी। इसके बाद कोबोली ने शानदार वापसी करते हुए जाउमे मुन्नार को 1-6, 7-6(5), 7-5 से हराकर टीम के लिए जीत पक्की कर दी।

यह जीत इटली का कुल चौथा डेविस कप खिताब है। इससे पहले टीम 1976, 2023 और 2024 में चैंपियन बनी थी। साथ ही, यह पहला मौका है जब 1971 के बाद किसी देश ने लगातार तीन डेविस कप खिताब जीते हों। दोनों टीमों के स्टार खिलाड़ी इस फाइनल में नहीं खेले-स्पेन के कार्लोस अल्कराज तथा इटली के यानिक सिनर और लोरेंजो मुसेट्टी बाहर रहे। बावजूद इसके बेरेटिनी और कोबोली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम की उम्मीदों को पूरा किया। टीम के कप्तान फिलिपो वोलांड्री ने भावुक होकर कहा, 'यह लगातार तीसरा खिताब है। मैं रो रहा हूं। पहले दो खिताबों पर नहीं रोया था। यह अविश्वसनीय है। हमारी टीम बहुत बड़ी है-सिनर, मुसेट्टी, अर्नाल्दी जैसे खिलाड़ी भी इसका हिस्सा हैं।'

पहले सेट में शुरुआती कुछ गेम कड़े रहे, लेकिन बेरेटिनी ने 5-3 की बढ़त लेते हुए सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी उन्होंने निर्णायक समय पर ब्रेक हासिल कर मैच 6-4 से जीत लिया। 29 वर्षीय बेरेटिनी ने मैच में 13 ऐस और 21 विनर लगाए। वह डेविस कप में लगातार अपनी 11वीं सिंगल्स जीत दर्ज कर गए। बेरेटिनी ने कहा, 'हम एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं। यह एक बड़ा परिवार है। और अब चलो फ्लावियो, इसे खत्म करो।' दूसरे मुकाबले में मुन्नार ने 5-0 की बढ़त लेकर पहला सेट 6-1 से जीत लिया। लेकिन 23 वर्षीय कोबोली ने हार नहीं मानी और दूसरे सेट में कड़ा संघर्ष करते हुए सातवें सेट प्वाइंट पर सेट अपने नाम किया। निर्णायक सेट में भी मुकाबला कांटे का रहा।

कोबोली ने 6-5 पर ब्रेक हासिल कर मैच जीत लिया और पूरे स्टेडियम में जश्न का माहौल फैल गया। कोबोली ने जीत के बाद कहा, 'इस एहसास को बयां करना मुश्किल है। मैं इस रात को जीने का सपना देखता था। मुझे नहीं पता कि मैंने कैसे जीत लिया। आज मैं बस दिल से खेला और विश्व चैंपियन बन गया।' इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी टीम को बधाई देते हुए लिखा, 'दृढ़ता, प्रतिभा और जुनून-इटली फिर डेविस कप का चैंपियन।' (अनंत ज्ञान)